


राष्ट्रीय दैनिक

हर खबर की खबर

# प्रातः किरण

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





03 नीतीश सरकार के जन-कल्याणकारी फैसलों से हर ...

सिराज को वह श्रेय नहीं मिला जिसके ... 11



वर्ष : 13 ■ अंक : 119 ■ पटना, गुरुवार, 07 अगस्त, 2025 ■ विक्रम संवत् 2082 ■ पेज : 12 ■ मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# अलर्ट: बिहार में गंगा समेत सभी प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर

प्रात: किरण

पटना। बिहार में इन दिनों गंगा समेत सभी नदियां उफान पर हैं। बक्सर से लेकर पटना, भागलपुर और समस्तीपुर तक नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को पार जा चुका है। इससे कई इलाकों में पानी अब घरों में घुसने लगा है। मौसम विभाग ने पटना में आगामी 24 घंटों के लिए मानसून सक्रिय रहने का अनुमान जताया है। साथ ही राज्य के 19 जिलों में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। लगातार हो रही बारिश से बक्सर में गंगा नदी बुधवार सुबह 6:00 बजे खतरे के स्तर 60.32 मीटर से 0.53 मीटर ऊपर और अपने पिछले उच्च जल स्तर स्तर 62.09 मीटर 01 अगस्त1948 से 1.24 मीटर नीचे है। इसी तरह पटना जिले के दानापुर में गंगा नदी सुबह 6:00 बजे 51.92 मीटर के स्तर पर बह रही थी, जो इसके खतरे के स्तर 51.2 मीटर से 0.72 मीटर ऊपर और अपने पिछले उच्च जल स्तर 52.61 मीटर 15 अगस्त 2021 से 0.69 मीटर नीचे है। पटना जिले के ही दीघाघाट में गंगा नदी बुधवार सुबह 6 बजे 51.1 मीटर के स्तर पर बह रही थी, जो अपने खतरे के स्तर 50.45 मीटर से 0.65 मीटर ऊपर और अपने पिछले उच्च जल स्तर 52.52 मीटर 23 अगस्त1975 से 1.42 मीटर नीचे है। पटना जिले के गांधीघाट में



गंगा नदी बुधवार सुबह 6:00 बजे 49.87 मीटर के स्तर पर बह रही थी और इसमें वृद्धि 10.0 मिमी प्रति घंटा की प्रवृत्ति है, जो इसके खतरे के स्तर 48.6 मीटर से 1.27 मीटर ऊपर और इसके पिछले उच्च जल स्तर 50.52 मीटर 21 अगस्त 2016 से 0.65 मीटर नीचे है। पटना जिले के हाथीदह में गंगा नदी बुधवार को 6:00 बजे 42.74 मीटर के स्तर पर बह रही थी, जो इसके खतरे के स्तर 41.76 मीटर से 0.98 मीटर ऊपर और अपने पिछले उच्च जल स्तर 43.52 मीटर से 0.78 मीटर नीचे है। भोजपुर जिले के मौजमपुर में गंगा नदी बुधवार को सुबह 06:00 बजे 54.67 मीटर के स्तर पर बह रही है। भागलपुर जिले के कहलगांव में गंगा नदी 6:00 बजे 31.78 मीटर के स्तर पर बह रही थी, जिले के एकचारी में गंगा नदी बुधवार को सुबह 6:00 बजे 32.59 मीटर के स्तर पर बह रही थी। समस्तीपुर जिले के मोहउद्दीन नगर में गंगा बेसिन में बाया नदी आज सुबह 06:00 बजे 43.54 मीटर के स्तर पर बह रही है। जो इसके खतरे के स्तर 43.47 मीटर से 0.07 मीटर ऊपर है। खगड़िया जिले के खगड़िया में गंगा बेसिन में बूढ़ी गंडक नदी आज सुबह 6:00 बजे 37.54 मीटर के स्तर पर बह रही थी, जो इसके खतरे के स्तर 36.58 मीटर से 0.96 मीटर ऊपर और इसके पिछले उच्च जल स्तर 39.22 मीटर से 1.68 मीटर नीचे है। वैशाली जिले के लालगंज में गंगा बेसिन में गंडक नदी बुधवार सुबह 06:00 बजे 51.2 मीटर के स्तर पर बह रही थी, जो इसके खतरे के स्तर 50.5 मीटर से 0.70 मीटर ऊपरै।

### बाढ़ नियंत्रण को लेकर सरकार सजग : मंत्री

बिहार में गंगा और अन्य नदियों के बढ़ते जलस्तर को लेकर लेकर विभागिय मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि जल संसाधन विभाग और बिहार सरकार बाढ़ नियंत्रण को लेकर हर स्तर पर सजग और सतर्क है। यदि कहीं बाढ़ की स्थिति उत्पन्न भी होती है, तो आपदा राहत कार्यों के लिए अग्रिम तैयारियां सुनिश्चित की जा चुकी हैं। तटबंधों की सतत निगरानी, आवश्यक मरम्मति कार्य, पेट्रोलिंग और राहत सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

राजधानी पटना व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 55% |
| नहीं | 40% |
| कह नहीं सकते | 05% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 1,03,130 |
| चांदी | 1,15,000 |
| सेंसेक्स | 80,543 |
| निफ्टी | 24,574 |

### एसआईआर पर संसद में चर्चा बेहद जरूरी : खरगे

नईदिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के वोट काटने का आरोप लगाया है। प्रवासी मजदूरों के वोट भी सूची से हटाए जा रहे हैं, जो उनके संवैधानिक अधिकारों का हनन है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने यहां के विजय चौक पर इंडी गठबंधन की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्ष दल एसआईआर पर लगातार संसद में चर्चा की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार इसे नजरअंदाज कर रही है। अगर सरकार इस गंभीर विषय पर भी चर्चा से बचती है तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि वह संविधान और लोकतंत्र में विश्वास नहीं रखती।

### राहुल गांधी को राहत, मानहानि के मामले में मिली जमानत

चाईबासा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को चाईबासा की विशेष अदालत ने मानहानि के एक मामले में बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने इस मामले में राहुल गांधी को जमानत दे दी है. ये मामला 28 मार्च 2018 का है। उस दौरान राहुल गांधी ने एक कार्यक्रम में बीजेपी के वरिष्ठ नेता अमित शाह को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की थी। बाद में राहुल गांधी के इसी बयान के खिलाफ भाजपा नेता प्रताप कटियार ने चाईबासा के सीजेएम कोर्ट में मानहानि का मुकदमा किया था। कोर्ट ने इसकी सुनवाई करते हुए राहुल गांधी को सशरीर उपस्थित होने का आदेश दिया गया था।

### मुख्यमंत्री ने देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद विहार गौरव उद्यान का किया शिलान्यास

# वेस्ट टू वंडर थीम पार्क से लोगों को होगा काफी फायदा : नीतीश

प्रात: किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को 14.98 करोड़ रुपए की लागत की देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद विहार गौरव उद्यान (वेस्ट-टू-वंडर थीम पार्क) का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्य के पूर्व देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल पर जाकर मुख्यमंत्री ने पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शिलान्यास कार्य के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल के पास वेस्ट टू वंडर थीम पार्क का निर्माण बेहतर ढंग से करायें। इस पार्क के निर्माण से इस क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा। इस थीम पार्क के एक तरफ देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद का समाधि स्थल है, वहीं दूसरी ओर जेपी गंगा पथ अवस्थित है, यहां का दृश्य काफी मनोरम होगा।



**पार्क में बिहार के गौरवपूर्ण इतिहास एवं संस्कृति के अवयवों को प्रदर्शित किया जाएगा :** ज्ञातव्य है कि नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा 14.98 करोड़ रुपए की लागत से देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल एवं जेपी गंगा पथ के बीच 10 एकड़ भूमि में वेस्ट टू वंडर थीम पार्क के निर्माण की स्वीकृति दी गयी है। इस पार्क में बिहार के गौरवपूर्ण इतिहास एवं संस्कृति के विभिन्न अवयवों को प्रदर्शित किया जाएगा। थीम पार्क में बिहार की महान विभूतियों- आर्यभट्ट, चाणक्य, सम्राट अशोक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं दशरथ मांझी की प्रेरणादायक गाथाओं को उद्धृत किया जाएगा। पार्क में बिहार की स्थापत्य कला नालंदा, विक्रमशिला, धार्मिक स्तूप, मंदिरों एवं मकबरों को दशार्या जाएगा। साथ ही पर्यटकों के खाने-पीने की व्यवस्था एवं खेल मैदान का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की याद में उनके वर्तमान स्मारक स्थल पर एक भव्य स्मृति परिसर का निर्माण भी किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद विहार गौरव उद्यान के निर्माण से संबंधित एक वीडियो फिल्म प्रस्तुत की गयी।

**कार्यक्रम में ये रहें मौजूद :** उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, नगर विकास एवं आवास मंत्री जिबेश कुमार, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, पटना की महापौर सीता साहू सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त डॉ चन्द्रशेखर सिंह, पटना नगर निगम के आयुक्त एवं बुडको के प्रबंध निदेशक अनिमेष पराशर, जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### पीठ ने निर्वाचन आयोग के वकील से कहा, शनिवार तक जवाब दाखिल करें

# बिहार मतदाता सूची से गायब 65 लाख लोगों के विवरण दें चुनाव आयोग : सुप्रीम कोर्ट

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को चुनाव आयोग से कहा कि वह विशेष पुनरीक्षण के दौरान बिहार मतदाता सूची से हटाये गए 65 लाख लोगों (मृत और स्थायी पलायन करने वाले) का विवरण शनिवार तक दे। न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुयान और न्यायमूर्ति एन के सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स) की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण की गुहार पर यह निर्देश दिया। पीठ ने निर्वाचन आयोग के वकील से कहा, शनिवार तक जवाब दाखिल करें और श्री भूषण को इसे देखने दें।

फिर हम देख पाएंगे कि क्या खुलासा हुआ है और क्या नहीं। पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा अपनाई गई मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार हर राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को यह जानकारी दी जाएगी। इस पर चुनाव आयोग के अधिवक्ता ने कहा कि वह प्रस्तुत करेगा कि यह जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जानकारी साझा की गई है। अदालत ने चुनाव आयोग से कहा कि वह अपना जवाब रिकॉर्ड पर रखें। पीठ ने निर्वाचन आयोग के अधिवक्ता से कहा, उन राजनीतिक दलों की सूची दीजिए जिन्हें यह जानकारी दी गई है। हम 12 अगस्त को मामले की सुनवाई करेंगे।



कहा गया था कि लगभग 65 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। श्री भूषण ने पीठ के समक्ष गुहार लगाते हुए कहा, ड्राफ्ट मतदाता सूची में 65 लाख नामों के छूटने की बात कही गई है, लेकिन इन नामों की कोई सूची नहीं दी गई। इसमें 32 लाख लोगों के पलायन की बात कही गई, लेकिन कोई अन्य विवरण नहीं दिया गया है। उन्होंने आगे कहा, तब तक अपना (निर्वाचन आयोग का) जवाब दाखिल करें। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता की चिंताओं पर कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रभावित होने वाले प्रत्येक मतदाता को आवश्यक जानकारी मिले। एडीआर ने अपने आवेदन में कहा कि 25 जुलाई को निर्वाचन आयोग ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की जिसमें उन्हें (चुनाव आयोग) यह बताना चाहिए कि 65 लाख लोग कौन हैं? कौन पलायन कर गए हैं। कौन मर गए हैं? जाहिर है, बीएलओ ने उस व्यक्ति को हटाने या न हटाने की सिफारिश की है। श्री भूषण ने दलील दी थी कि चुनाव आयोग ने दो निर्वाचन क्षेत्रों सूची प्रकाशित की है। अन्य क्षेत्रों का क्या हुआ?

### विपक्षी दलों ने एसआईआर के खिलाफ किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। विपक्षी इंडिया गठबंधन के कई घटक दलों के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का विरोध करते हुए बुधवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। संसद के मकर द्वार के निकट हुए इस विरोध प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और कई अन्य दलों के सांसद शामिल हुए। विपक्षी सांसदों ने एक बड़ा बैनर भी ले रखा था, जिस पर डिस्कशन नॉट डिलीशन (चर्चा करो, नाम नहीं हटाओ) लिखा हुआ था। विपक्षी सांसदों ने वोट चोर, गद्दी छोड़ और एसएआईआर वापस लो के नारे लगाए। विरोध प्रदर्शन से पहले विपक्षी नेताओं ने संसद भवन परिसर में बैठक की, जिसमें संसद के मानसून सत्र में आगे की रणनीति पर चर्चा की गई।

## सुप्रीम कोर्ट ने अनाथ बच्चों को निजी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा का दिया आदेश

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने अनाथ बच्चों को राइट टू एजुकेशन के तहत निजी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा के लिए शामिल करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को कमजोर वर्गों और वंचित समूहों के बच्चों के लिए 25 फीसदी कोटे में अनाथ बच्चों को निजी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा प्राप्त करने की अनुमति देने के लिए अधिसूचना जारी करने के लिए कहा है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने निर्देश दिया कि सभी राज्य चार हफ्ते में ये अधिसूचना जारी करें। इसके बाद इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट को सूचित करें। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात और दिल्ली जैसे राज्यों ने इस संबंध में पहले ही अधिसूचना जारी कर दी है। इसलिए, उसने बाकी राज्यों को भी चार सप्ताह में ऐसा ही करने का आदेश दिया। अदालत ने आदेश दिया कि दिल्ली, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात ने पहले ही शिक्षा का अधिकार यानी आरटीई अधिनियम की धारा 12(1)(सी) की परिभाषा के अंतर्गत अनाथों को शामिल करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। अन्य राज्य भी यही अधिसूचना जारी करेंगे। यह प्रक्रिया 4 सप्ताह के भीतर पूरी कर ली जाए। इसके बाद राज्य सुप्रीम कोर्ट को सूचित करेंगे।

## अमेरिका के लिए भारत अच्छा व्यापारिक साझेदार नहीं : ट्रंप

प्रात: किरण

वाशिंगटन/एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप ने कहा कि भारत का शुल्क बहुत ज्यादा है। इसलिए अमेरिका उसके साथ कम व्यापार करता है। उन्होंने कहा कि इसलिए अमेरिका के लिए भारत अच्छा व्यापारिक साझेदार नहीं है। द व्हाइट हाउस ने अपने समाचार प्रभाग में सीएनबीसी को दिए राष्ट्रपति ट्रंप के साक्षात्कार के मुख्य अंश पांच अगस्त को प्रसारित किए हैं। इनमें यह बात कही गई है। ट्रंप ने कहा कि भारत हमारे साथ बड़ा व्यापार करता है। अमेरिका उस अनुपात में भारत के साथ काफी कम व्यापार करता है। उन्होंने कहा, इसलिए मैं 25 फीसद टैरिफ पर सहमत हुआ हूं। मुझे लगता है कि मैं अगले 24 घंटों में इसे काफी



बढ़ा दूंगा। भारत रूस से तेल खरीद रहा है। यही नहीं भारत युद्धक विमानों को ईंधन दे रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने सीएनबीसी के स्क्वॉक बॉक्स में अपने दूसरे कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए अपनी प्राथमिकताएं भी गिनाईं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने चीन के साथ संबंधों पर कहा, यदि हम कोई समझौता कर लेते हैं, तो सबसे अधिक संभावना है कि मैं वर्ष के अंत से पहले चीन के साथ बैठक करूंगा। वैसे भी हम समझौते के बहुत करीब पहुंच रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया के साझेदार देशों से ऐतिहासिक व्यापार समझौतों से अमेरिका खरबों डॉलर कमा रहा है। ट्रंप ने इस दौरान अपनी मोस्ट फेवर्ड नेशन दवा मूल्य निर्धारण योजना का भी बखान किया। उन्होंने पदभार ग्रहण करने के बाद से विदेशी मूल के श्रमिकों की संख्या में आई गिरावट की सराहना की। राष्ट्रपति ने रूढ़िवादियों के साथ भेदभाव करने के लिए बड़े बैंकों की आलोचना की। सीएनबीसी के अनुसार, ट्रंप ने कहा कि वह अगले हफ्ते ही सेमीकंडक्टर और चिप्स पर नए टैरिफ की घोषणा करेंगे। अमेरिका चाहता है कि ये देश में ही बनें। उन्होंने कहा कि दुनिया के अधिकांश उन्नत सेमीकंडक्टर ताइवान से आते हैं। उन्होंने योजना के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी।

## अडानी के खिलाफ अमेरिका में जांच से ट्रंप की धमकियों से बच रहे हैं मोदी : राहुल

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका की तरफ से भारत पर लगाए गए टैरिफ और रूस के साथ किए जा रहे तेल व्यापार पर लगाई गई पेनल्टी को लेकर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने कहा, अडानी की वजह से पीएम मोदी के हाथ बंधे हुए हैं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, भारत, कृपया समझें, प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति ट्रंप की बार-बार की धमकियों के बावजूद, उनके सामने खड़े नहीं हो पा रहे हैं, इसकी



वजह अडानी के खिलाफ अमेरिका में चल रही जांच है। राहुल गांधी ने बीजेपी सरकार पर कारोबारी गौतम अडानी को लेकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने आगे कहा, एक धमकी मोदी की एए और रूसी तेल सौदों के बीच वित्तीय संबंधों को उजागर करने की है। मोदी के हाथ बंधे हुए हैं।

## पीएम मोदी ने कर्तव्य भवन का किया उद्घाटन

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। पीएम मोदी ने नई दिल्ली में आज कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन-3 का उद्घाटन किया। इसके बाद वह शाम को साढ़े 6 बजे सार्वजनिक कार्यक्रम में संबोधित करेंगे। आपको बता दें कि कर्तव्य भवन को दिल्ली भर में फैले विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को एक साथ लाकर दक्षता, नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें गृह मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय/विभाग और प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय होंगे।




**बिल्डिंग में भूतल सहित 7 मंजिल:** कर्तव्य भवन-3 एक अत्याधुनिक कार्यालय परिसर है, जो लगभग 1.5 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला हैं। इसमें दो बेसमेंट और भूतल सहित 7 मंजिलें हैं। इस इमारत को 30 प्रतिशत कम ऊर्जा खपत के लिए तैयार किया गया है। बिल्डिंग को ठंडा रखने और बाहरी ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए इसमें कांच की विशेष खिड़कियां लगाई गई हैं। साथ ही यह जीरो-डिस्चार्ज अपशिष्ट प्रबंधन, आंतरिक ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण को बढ़ावा देता है।


**व्यापक परिवर्तन का एक हिस्सा:** उद्घाटन से पहले प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से कहा गया था कि जिस कर्त्तव्य भवन-3 का उद्घाटन किया जा रहा है, वह सेंट्रल विस्टा के व्यापक परिवर्तन का एक हिस्सा है। यह कई आगामी कॉमन सेंट्रल सेक्रेटेरियट भवनों में से पहला है, जिसका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित और चुस्त शासन को सक्षम बनाना है।

### आधारशीला | मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग रहेंगे मौजूद

# अमित शाह कल पुनौराधाम में जानकी मंदिर की रखेंगे आधारशीला

प्रात: किरण

पटना। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सात अगस्त को बिहार दौरे पर आ रहे हैं। अपने दौरे के दूसरे दिन आठ अगस्त को वे सीतामढ़ी स्थित माता सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम में बनने वाले जानकी मंदिर का भूमि पूजन करेंगे। उनके साथ राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज यानी गुरूवार की रात 9:30 बजे पटना पहुंचेंगे, जहां वे रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद 8 अगस्त की सुबह वे सीतामढ़ी के पुनौराधाम के लिए रवाना होंगे। गृहमंत्री पुनौराधाम में माँ जानकी





मंदिर के भव्य निर्माण के लिए भूमिपूजन और शिलान्यास करेंगे। पुनौराधाम परिसर में बनने वाले माँ जानकी मंदिर की भव्यता को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इस मंदिर का वास्तु डिजाइन अयोध्या राम मंदिर के प्रमुख वास्तुकार चंद्रकांत सोमपुरा ने तैयार किया है। मंदिर की ऊंचाई 156 फीट होगी, जो कि अयोध्या के राम मंदिर (161 फीट) से केवल 5 फीट कम है। पुनौराधाम में बनने वाले मंदिर की कुल लागत 882 करोड़ रुपये से अधिक बताई गई है। इसे 36 महीने की समयावधि में पूरा किया जाएगा। इस पावन स्थल को न केवल राष्ट्रीय, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर का धार्मिक तीर्थस्थल बनाया जाएगा। इसमें धर्मशालाएं, धार्मिक संग्रहालय, यात्री सुविधाएं और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने वाले अन्य संसाधन भी विकसित किए जाएंगे। मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, कई केंद्रीय और राज्य सरकार के मंत्री, गणमान्य अतिथि, साधु-संत और हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। इसे एक ऐतिहासिक आयोजन के रूप में देखा जा रहा है। इस आयोजन की प्रशासनिक तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा और पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने पुनौराधाम का दौरा किया। उन्होंने भूमिपूजन स्थल, जनसभा स्थल, मंदिर परिसर, हेलीपैड, यातायात मार्ग और पार्किंग स्थलों का बारीकी से निरीक्षण किया। सभी संबंधित अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया है। सीतामढ़ी के जिलाधिकारी रिची पांडेय ने कहा कि यह आयोजन सीतामढ़ी जिले के लिए गौरव का क्षण होगा और इसे अनुशासन व गरिमा के साथ संपन्न कराने की हरसंभव कोशिश की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### आठ अगस्त को पुण्यतिथि पर मेगा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का होगा आयोजन

मसौढ़ी !नगर मुख्यालय स्थित तारेगाना डीह मुहल्ले स्थित माई छोटा स्कूल में आठ अगस्त को स्वर्गीय रामकिशोर शर्मा के द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके पुत्र डॉ मुकेश कुमार द्वारा निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जाएगा,9 से 2 बजे तक किया जा रहा है। मधुमेह विशेषज्ञ डॉ मुकेश ने जानकारी दी कि कैंसर रोग विशेषज्ञ गैस्ट्रोलॉजी हृदय रोग ई एन टी इंटरनल मेडिसिन चर्म रोग फिजियोथैरेपी स्त्री विशेषज्ञ डायबेटोंलॉजिस्ट नेत्र रोग सहित अन्य लगभग 30 विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहेंगे।

### ऑपरेशन नन्हे फरिस्ते में बच्चे को परिजन से मिलवाया और रेल एक्ट में 7 यात्री धराये

फतुहा। बुधवार को पटना साहिब स्टेशन पर गाड़ी संख्या 18624 में चढ़ने के दौरान अपने दादी से बिछड़े हुए एक बच्चे आदित्य कुमार, उम्र 07 वर्ष, पिता शिशुपाल कुमार, सा0 लालू बीघा, थाना तेल्हारा, जिला नालंदा, बिहार को गाड़ी के फतुहा पहुंचने पर रेल सुरक्षा बल के अधिकारी के द्वारा खोज कर उसके फूफा राजीव कुमार, पिता तारकेश्वर पंडित, सा0 नेहरू टोला, थाना चौक, जिला पटना को उचित सत्यापन एवं बच्चे से पहचान के उपरांत गवाह (बच्चे की दादी) उषा देवी पे0 देवेंद्र पंडित, ग्राम लालू बीघा, थाना तेल्हारा, जिला नालंदा बिहार के समक्ष चाइल्ड हेल्पलाइन पटना जंक्शन से समन्वय कर सही सलामत सुपुर्द किया गया। उक्त कार्य हेतु बच्चे के परिवारजनों के द्वारा रेलवे सुरक्षा बल को धन्यवाद दिया गया। वहीं आरपीएफ पोस्ट फतुहां के अधिकारी एवं जवानों के द्वारा रेल क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने वाले 03 व्यक्ति एवं महिला यात्रियों के लिए आरक्षित कोचों में यात्रा करने वाले 04 पुरुष यात्रियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गई। इसकी जानकारी आरपीएफ इंस्पेक्टर विनोद कुमार विश्वकर्मा ने दिया।

### नहर में गिरने से एक युवक की हुई मौत

दानापुर। नगर के रूपसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नहर पर बने पुलिया का पार करने के दौरान एक युवक नहर में गिड़ गया और पानी से भरे नहर में डूब गया। नहर में गिड़ते देख लोग दौड़ पड़े। लोग खोजबीन करने में जुट गये। पानी भरे रहने के कारण उसे खोजपाना मुश्किल हो गया। बाद में सूचना पर एसडीआरएफ की टीम को बुलाया। घंटो प्रयाश के बाद एसडीआरएफ की टीम ने नहर से शव बरामद किया। मृतक की पहचान शाहपुर थाना क्षेत्र के सिकन्दरपुर के मुल निवासी स्व0 भानू सिंह के पुत्र दीना 35 के रूप में किया गया। जो वर्तमान में रूपसपुर के जलालपुर केला बगान में रहता था। बताया जाता है कि नहर के पार करने कर जलालपुर जाने के लिए चुल्हाईचक मोड के निकट नहर पर एक पुराना पुलिया है। जिससे होकर लोग आते जाते है वो भी पानी में डूबा है। अनुमान से लोग आते जाते है। इसी दौरान मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे जा रहा था। उसे पता नही चल पाया और पानी भरे नहर में डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनो को सौप दिया। थानाध्यक्ष रण विजय कुमार ने बताया कि नहर पर बने पुलिया पार करने के दौरान दीना पानी भरे नहर में गिड़ गया। जिससे उसकी मौत हो गयी।

### गंगा नदी पार करने के दौरान नौका पर ही एक व्यक्ति की मौत

दानापुर। नगर के अंतर्गत दियर के पतलापुर निवासी इलाज के लिए गंगा पार करने के दौरान नौका पर ही एक व्यक्ति की मौत हो गयी। जिसका पता चलते ही साथ रही पत्नी शोभा देवी व मां चित्कार कर उठी। जिससे लोगो की भीड़ लग गयी। बताया जाता है कि दियारा के पतलापुर निवासी राजनाथ महतो के पुत्र संतोष की तबीयत खराब था। जिसे दिखाने के लिए उसकी मां व पत्नी शोभा देवी दानापुर नौका से आ रही थी। इसी दौरान नौका पर ही उसकी मौत हो गयी। मां ने बताया कि तबीयत खराब होने पर दिखाने लावत रही। नाव पर ही बेटवा हमनी के छोडके दुनिया से चल गलक।

# प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा की गई गाँधी मैदान, पटना एवं श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल, पटना की ऑनलाईन बुकिंग के लिए वेबसाईट का लोकार्पण

## ऑनलाईन बुकिंग से लोगों को काफी सुविधा मिलेगी तथा कार्यों में पारदर्शिता आएगी: आयुक्त

- आम जनता के लिए उत्कृष्ट सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सरकार तत्पर एवं प्रतिबद्ध: आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। आयुक्त, प्रमंडल, पटना-सह-अध्यक्ष, श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह द्वारा आज अपने कार्यालय कक्ष में गाँधी मैदान, पटना एवं श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल, पटना के ऑनलाईन आरक्षण के लिए वेबसाईट का लोकार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि इस वेबसाईट के माध्यम से इच्छुक व्यक्ति/संस्थान गाँधी मैदान एवं श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल, पटना का आरक्षण कहीं से भी कर सकेंगे। निबंधन के रूप में एक हजार रुपया जमा कर गाँधी मैदान एवं श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल, पटना के आरक्षण हेतु आवेदन समर्पित किया जा सकता है। आयुक्त डॉ. सिंह ने कहा कि आम जनता के लिए उत्कृष्ट सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रशासन सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध है। इस नवनिर्मित वेबसाईट से लोगों को काफी सुविधा होगी। कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा तथा कार्यों में पारदर्शिता आएगी। गाँधी मैदान एवं श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल के आरक्षण हेतु वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए वेबसाईट का कुछ दिनों पूर्व ड्राफ्ट मोड में प्रिजेंटेशन दिया गया था। आज इसको विधिवत लॉन्च किया गया है। इसके संचालन, होस्टिंग एवं मेन्टेनेंस के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। यह एक यूजर-फ्रेंडली एवं सॉफिस्टिकेटेड वेबसाईट है। इसकी डिजायनिंग भी आकर्षक है। इसका प्रारूप काफी रिस्पाँसिव है। एन्ड्रॉड मोबाइल पर भी इसे आसानी से एक्सेस किया जा सकता है। आयुक्त डॉ. सिंह ने कहा कि जनहित में आयोजकों विशेषकर जिला से बाहर रहने वालों की सुविधा के लिए गाँधी मैदान एवं श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल के आरक्षण हेतु ऑनलाईन आवेदन की सुविधा आवश्यक प्रतीत हो रही थी। वेबसाईट के माध्यम से आरक्षण की तिथि एवं अन्य सभी महत्वपूर्ण सूचनाएँ तथा आवश्यक जानकारी आसानी से मिल सकती है। श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति एक लोक-हितकारी समिति है। इसके प्रबंधन, संचालन एवं प्रशासन के लिए सभी स्टेकहोल्डर्स (भागीदारों) को सक्रिय एवं दृढ़-संकल्पित रहना होगा। आम जनता को सर्वोकृष्ट सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सम्पूर्ण प्रशासनिक तंत्र प्रतिबद्ध है। इस बैठक में आयुक्त, पटना प्रमंडल के साथ आयुक्त के सचिव श्री विनय कुमार ठाकुर, संयुक्त आयुक्त-सह-सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार-सह-प्रभारी पदाधिकारी, श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति श्री मनोज चौधरी, उप निदेशक (आईटी) एन.आई.सी. श्री अभिषेक कुमार, श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## आयुक्त डॉ. सिंह के निदेश पर पटना शहर में लगातार तीसरे दिन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया



पटना। प्रमंडल, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह के निदेश पर पटना शहर में आज लगातार तीसरे दिन अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाया गया। विभिन्न नगर निकायों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस पर आयुक्त लगातार नजर रखे हुए हैं एवं नियमित समीक्षा कर रहे हैं। सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को निदेश दिया गया है कि अतिक्रमण उन्मूलन अभियान का नियमित पर्यवेक्षण करें। पुनः अतिक्रमण रोकने के लिए फॉलो-अप टीम लगातार सक्रिय रखें। प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशाम, पुल निर्माण निगम, दूरसंचार, वन प्रमंडल, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी अतिक्रमण हटाओ अभियान में शामिल हैं। आयुक्त डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को प्रभावी ढंग से अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाने तथा व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार आज पटना नगर निगम के नूतन राजधानी अंचल में 10.00 बजे पूर्वाह्न से 02.21 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ जीपीओ गोलम्बर से स्टेशन गोलम्बर, बुद्धा पार्क, चिरैयाँटाड़ पुल के नीचे तक रोड के दोनों तरफ से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 15,000/- जुमार्ना वसूल किया गया। बांकीपुर अंचल में 11.00 बजे पूर्वाह्न से 03.30 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ खेतान मार्केट एवं अशोक राजपथ से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 1 ठेला जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 38,500/- जुमार्ना वसूल किया गया। पटना सिटी अंचल में 10.45 बजे पूर्वाह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। चौक थाना से चमडोरिया, मारूफगंज होते हुए मालसलामी रेलवे लाईन तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान दुकान, काउन्टर, ठेला, इत्यादि हटाया गया तथा स्क्रैप्ट जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 2,000/- जुमार्ना वसूल किया गया। नगर परिषद् फुलवारीशरीफ में 10.00 बजे पूर्वाह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ शहीद भगत सिंह गोलम्बर से एफ.सी.आई. मोड़ तक सड़क के दोनों तरफ से अस्थायी एवं नाला का स्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 40 अवैध पोस्टर/बैनर, ठेला, बाँस, रोड का मलबा हटाया गया तथा ठेला, बाँस, रोड का मलबा जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 11,500/- जुमार्ना वसूल किया गया। आज के अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में विभिन्न अंचलों में 67,000/- जुमार्ना वसूला गया। यातायात पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। आयुक्त ने कहा कि एन्टी-इंक्रोचमेंट ड्राईव नियमित तौर पर चलाया जाएगा। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में फॉलोअप टीम लगातार सक्रिय है। जहां-जहां अतिक्रमण हटाया गया है वहां यह टीम पुनः अतिक्रमण की घटना से सख्ती से निपटेगी। पुनः अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निदेश दिया गया है। आयुक्त ने वरीय पुलिस अधीक्षक को निदेश दिया है कि संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों तथा थानाध्यक्षों के माध्यम से यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में पुनः अतिक्रमण न हो तथा यातायात व्यवस्था सुचारू रहे। वरीय पुलिस अधीक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि थानाध्यक्ष अतिक्रमण हटाने का विवरण स्टेशन डायरी में भी अंकित करें। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में व्यवधान डालने वालों से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया है। उन्होंने आवश्यकतानुसार कानूनी कार्रवाई भी करने का निर्देश दिया है। जिला पदाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम. द्वारा विशेष अभियान के तहत प्रभावशाली ढंग से अतिक्रमण उन्मूलन अभियान संचालित करने के लिए एक पाँच-सदस्यीय मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है। यह निम्नवत हैः- (क) पुलिस अधीक्षक, यातायात, पटना (ख) अपर जिला दण्डाधिकारी, नगर व्यवस्था, पटना (ग) पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था, पटना (घ) अपर नगर आयुक्त, पटना नगर निगम (च) सिटी मजिस्ट्रेट-सह-प्रभारी दण्डाधिकारी, जिला नियंत्रण कक्ष, पटना मल्टी एजेंसी अभियान में मॉनिटरिंग सेल के सभी पदाधिकारी संयुक्त रूप से क्रियाशील रहकर विशेष निगरानी रखेंगे।

# जिलाधिकारी ने बाढ़-प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। जिलाधिकारी, ने बाढ़-प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने दीघा पाटीपुल-मीनार घाट, कुर्जी बिंद टोली घाट सहित आस-पास के क्षेत्रों का दौरा किया तथा बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों सहित उपस्थित लोगों से संवाद स्थापित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा नदी के जल-स्तर में वृद्धि के कारण आस-पास के इलाके में पानी फैल गया है। कुछ पंचायतों के निचले हिस्से में नदी का पानी आया हुआ है। कहीं-कहीं गंगा नदी का पानी सड़क के किनारे आ गया है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन पूर्णतः सजग एवं सतर्क है। पदाधिकारियों द्वारा लगातार क्षेत्र भ्रमण किया जा रहा है। सभी एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। स्थिति पर प्रशासन की पैनी नजर है। सभी वरीय पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी बाढ़ संभावित क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील हैं। आम जनता को कोई असुविधा नहीं होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि कुर्जी-बिन्द टोली में आज शाम से मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार सभी व्यवस्था क्रियाशील करने का निदेश दिया गया है। अंचल अधिकारी, पटना सदर को यहाँ डिवाइडर के दक्षिण तरफ एक पतला एवं लंबा शेड बनाने का निर्देश दिया गया ताकि लोगों को कोई समस्या न हो। एसओपी के अनुसार सूखा राशन का वितरण एवं सामुदायिक रसोईघर का संचालन शुरू करने का निदेश दिया गया है। सिविल सर्जन, पटना द्वारा मेडिकल कैम्प लगाया जाएगा। नगर कार्यपालक पदाधिकारी को पिंक ट्वायलेट सहित अस्थायी शौचालय की स्थापना करने तथा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को लोगों के लिए स्वच्छ पेयजल की सुविधा हेतु वाटर टैंकर एवं वाटर एटीएम लगाने का निदेश दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि कुर्जी-बिन्द टोली में लोगों की सुविधा के लिए पूर्व से ही आवागमन के लिए यहाँ दो नाव की व्यवस्था की गई है। पशु शेड, चारा व्यवस्था, पशु चिकित्सा जांच, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य सभी प्रबंध करने का निदेश पदाधिकारियों को दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि नकटा दियारा के लोगों की सुविधा हेतु दीघा पाटीपुल-मीनार घाट पर भी इसी प्रकार की व्यवस्था आज शाम से की जा रही है। इसके लिए पदाधिकारियों को निदेशित किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि पटना जिला में बाढ़-प्रभावित व्यक्तियों के आवागमन के लिए 35 नाव की व्यवस्था की गई है। इसे आवश्यकतानुसार बढ़ाया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारियों; अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को नावों के परिचालन में निर्धारित मानकों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है ताकि लोगों की सुरक्षा हर-हाल में सुनिश्चित रहे। डीएम के निर्देश पर अंचलाधिकारियों, भूमि सुधार उप समाहताओं, अनुमंडल पदाधिकारियों तथा अपर जिला दंडाधिकारी, आपदा प्रबंधन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को सरकार द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार सभी व्यवस्था त्रुटिहीन ढंग से सुनिश्चित रखने का निदेश दिया गया है। अपर जिला दंडाधिकारी (आपदा प्रबंधन), पटना को अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा नदी का वर्तमान में जल-स्तर गांधी घाट में उच्चतम जल-स्तर से लगभग 65 सेंटीमीटर नीचे है। गांधी घाट में उच्चतम जल-स्तर 50.52 मीटर है जबकि आज प्रातः 6.00 बजे यहां का जल-स्तर 49.87 मीटर दर्ज किया गया। दीघा घाट में उच्चतम जल-स्तर 52.52 मीटर है जबकि आज प्रातः 6.00 बजे यहां का जल-स्तर 51.10 मीटर था। मनेर में उच्चतम जल-स्तर 53.79 मीटर है जबकि आज प्रातः 6.00 बजे यहां जल-स्तर 52.99 मीटर रिकॉर्ड किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जल संसाधन विभाग के बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण इकाई के अनुसार गंगा के जल-स्तर में वृद्धि की संभावना है। परंतु लोगों को परेशान होने की कोई बात नहीं है। बाढ़ संभावित क्षेत्रों की सतत निगरानी की जा रही है। प्रशासन पूर्णतः मुस्तैद है। जिलाधिकारी ने कहा कि पटना जिला में गंगा नदी एवं उसकी सहायक नदियों के जल-स्तर में वृद्धि को देखते हुए सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को स्थिति सामान्य होने तक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का प्रतिदिन भ्रमण करने, घाटों एवं ऐसे इलाकों में नियमित निगरानी करने तथा आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिला आपदा प्रबंधन तंत्र पूर्णतः एलर्ट है। अधिकारियों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का लगातार भ्रमण किया जा रहा है। इनके द्वारा निर्धारित क्षेत्रों में जाकर लोगों से बात की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि आम नागरिकों को चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपदा प्रबंधन तंत्र पूर्णतः सक्रिय एवं तत्पर है। किसी भी प्रकार की सूचना जिला आपातकालीन संचालन केन्द्र में क्रियाशील नियंत्रण कक्ष (0612-2210118) में दी जा सकती है।

# बर्थडे पार्टी से लौट रहे एक युवक को पीटाई कर किया लहू लुहान

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर खगौल थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक खबर्थडे पार्टी से लौट रहे एक युवक को बाइक सवार बदमाशो ने घेर कर बुरी तरह पीटाई कर लहू लुहान कर दिया। मारने के बाद सभी उसे बाइक से ले भागे।उसके बाद से उसका पता नही चल सका है। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन करते हुए आस पास के सीसीटीवी खंगालने में लगी है। सीसीटीवी में युवक की पीटाई करते कुछ लोग दिखे है। पुलिस ने इस बाबत दो लोगो को हिरासत में लेकर छानबीन में जुटी है। उधर विशाल के भाई के आवेदन पर राकेश उर्फ सिपाही, अमित कुमार, साहिल कुमार समेत सात नामजद व अज्ञात के विरूद्ध शिकायत दर्ज करायी है। बताया जाता है कि खगौल थाना क्षेत्र के कोथवां निवासी गोपाल कुमार राय के पुत्र विशाल कुमार 25 अपने मित्र ललित के साथ मुस्तफापुर में एक जन्मदिन के पार्टी में गया था। वहां कुछ लड़को से उसका किसी बात को लेकर विवाद हुआ। लड़ाई इतना बढ गया कि दल्लूचक आते आते उसे लड़को ने घेर लिया व मारपीट करने लगा। वहां से उसे मारते हुए चरघड़वा मोड के निकट में पीट पीट कर अधमड़ा कर दिया। उसका मोबाइल तोड़ दिया यहां तक की उसके सर पर गंभीर रूप से वार किया। उसके बाद से वो गायब है। विशाल कैसा है वो जीवित है या नही कहां उसे बदमाशो ने फेंक दिया। इसको लेकर पुलिस तलाश में जुट गयी है। कोथवां गांव के ग्रामीण भी उसकी तलाश में है। पुलिस ने दो युवक को हिरासत लेकर पुछताछ में जुटी है। विशाल की मां प्रतिमा रानी ने बताया कि विशाल मंगलवार की शाम सात बजे जन्मदिन पार्टी में जाने को लेकर घर निकला था। करीब साढे 10 बजे उसे फोन पर बात किया। विशाल के भाई निखिल ने बताया कि भैया का फोन आने के बाद हम आस पास के लोग के साथ खोजने निकले पर कुछ पता नही चला। उसे दल्लूचक के राकेश उर्फ सिपाही, बसंती व गेल ने 10 लडको के साथ घेर कर विशाल को मारपीट किया और उसे ले भागे। जिसके बाद से उसका कोई पता नही चला। इस संबंध में विशाल के भाई बादल कुमार ने लिखित शिकायत की है जिसमें राकेश उर्फ सिपाही, अमित कुमार, साहिल कुमार, शमीर कुमार, रितेश उर्फ छोटा गेल, रौशन कुमार, रोहित कुमार, देवराज व आयुष समेत पांच सात अज्ञात के विरूद्ध मामला दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष राज कुमार सिंह ने बताया कि कोथवा निवासी विशाल कुमार के साथ पीटाई कर उसे गायब करने का मामला दर्ज किया गया है।

## 14 वर्षीय किशोर की नदी में डूबने से हुई मौत

फतुहा। बुधवार की सुबह थाना क्षेत्र के सिरपतपुर गांव के पास एक 14 वर्षीय किशोर सुधांशु कुमार धोवा नदी में डूब गया। घटना उस समय हुई जब सुधांशु ट्यूशन से लौटते समय अपने दोस्त चित्तरंजन के साथ नदी किनारे पहुंचा। वह केवल अपने पैर धोने के लिए नदी के पास रुका था, लेकिन अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह फिसलकर गहरे पानी में चला गया। सुधांशु के दोस्त चित्तरंजन ने जब यह देखा कि वह पानी में डूब रहा है, तो उसने तुरंत शोर मचाया। शोर सुनते ही आसपास के ग्रामीण दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह तेज बहाव में बहकर लापता हो चुका था। नदी के जलस्तर और बहाव की तीव्रता के कारण कोई ग्रामीण उसे बचाने में सफल नहीं हो पाया। घटना की सूचना गांव के मुखिया आलोक कुमार उर्फ मुटुर द्वारा फतुहा थाना को दी गई। थाना अध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने पुलिस टीम, डायल 112, एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा। घटनास्थल पर पहुंचते ही एसडीआरएफ की टीम ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया। एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की संयुक्त टीम ने नदी में व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया है।

# बाढ़ प्रभावितों के जान-माल की सुरक्षा एवं ससमय राहत पहुँचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता, क्षेत्रीय पदाधिकारी तुरंत रिस्पॉन्ड करेंगे: डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जिलाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने कहा है कि बाढ़ से निपटने हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार सभी स्तर पर हर व्यवस्था है। वे आज पटना समाहरणालय में बाढ़ राहत कार्यों एवं प्रबंधन की समीक्षा बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ प्रभावितों के जान-माल की सुरक्षा एवं ससमय राहत पहुँचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। एसओपी के अनुसार क्षेत्रीय पदाधिकारी यथा अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी तथा अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तुरंत रिस्पॉन्ड करेंगे। बाढ़, सुखाड़ एवं जल-जमाव की स्थिति में राहत कार्यों तथा तैयारियों में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी लोगों के विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत सभी अंचलों में बाढ़ राहत कार्यों का अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया। राहत कैम्प का एसओपी के अनुसार संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि संभावित आसन्न आपदाओं का पूवार्नुमान, ससमय एवं शीघ्र चेतावनी और आम जनता के बीच उनका प्रभावी प्रचार-प्रसार सफल आपदा प्रबंधन के मुख्य घटक हैं। प्रबंधन के विभिन्न चरणों यथा आपदा का निवारण, कमी एवं आपदा के प्रति प्रत्युत्तर के लिए सम्पूर्ण तंत्र सक्रिय है। आपदा की स्थिति में सामान्य जन-जीवन प्रभावित न हो यह सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को मिशन मोड में काम करने का निदेश दिया। अंचलवार नामित वरीय पदाधिकारी अपने-अपने अंचलों में बाढ़ राहत कार्यों एवं निपटने की तैयारियों की लगातार समीक्षा करें तथा सुनिश्चित करें कि एसओपी के अनुसार सारी तैयारी है। संसाधनों यथा नावों, नाविकों, गोताखोरों, दवाओं, पॉलिथीन शीट्स सहित सभी की उपलब्धता सुनिश्चित रखने का निदेश दिया गया। सभी अंचल अधिकारियों को पंचायतवार नामित प्रभारी अधिकारियों को कर्तव्य पर मुस्तैद रखने का निदेश दिया गया। अंचल अधिकारियों को गोताखोरों के साथ क्षेत्रीय स्तर पर नियमित समन्वय करने का निदेश दिया गया। नावों की तकनीकी क्रियाशीलता एवं ठोसता सुनिश्चित रखने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंताओं के माध्यम से तटबंधों को सुदृढ़ रखना सुनिश्चित करने का निदेश दिया। जिला कृषि पदाधिकारी को बाढ़ एवं सुखाड़ की स्थिति में आकस्मिक फसल योजना का क्रियान्वयन करने का निदेश दिया गया। विदित हो कि डीएम द्वारा बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्यों पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने अभियंताओं को तटबंधों की पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने का निदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि संचार तंत्र एवं सूचना प्रणाली को सुदृढ़ रखें। शरण स्थलों पर मोबाइल मेडिकल टीम, शौचालय एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था रहनी चाहिए। यहां मेडिकल कैंप, शिशु टीकाकरण, प्रसव, भोजन का उपस्कर, बच्चों हेतु विशेष भोजन, मच्छरदानी, सैनिटरी किट के लिए विशेष रूप से निर्मित योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने पुल-पुलियों एवं मुख्य सड़कों विशेषकर जिला मुख्यालय से प्रखंड को जोड़ने वाले लिंक रोड की नियमानुसार मरम्मती एवं संधारण कार्य पर विशेष ध्यान देने को कहा। डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संकटग्रस्त एवं भेद्य समुदायों के क्षमतावर्धन कार्य पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया है।

## 08 अगस्त से 20 नवम्बर तक आनंद विहार और पटना के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

पटना/हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर आनंद विहार और पटना के मध्य प्रयागराज-वाराणसी-गाजीपुर सिटी-छपरा-पाटलिपुत्र के रास्ते एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन 04090/04089 स्पेशल के 105 फेरे चलाए जाएंगे। गाड़ी सं. 04090 आनंद विहार-पटना स्पेशल 08 अगस्त से 20 नवंबर तक प्रतिदिन आनंद विहार से 14.25 बजे खुलकर 21.30 बजे कानपुर सेंट्रल, अगले दिन 00.20 बजे प्रयागराज, 03.10 बजे वाराणसी, 04.55 बजे गाजीपुर सिटी, 05.55 बजे बलिया, 06.20 बजे सहतवार, 06.45 बजे सुरेमनपुर, 08.05 बजे छपरा एवं 10.10 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए 11.00 बजे पटना जं. पहुंचेगी। गाड़ी सं. 04089 पटना-आनंद विहार स्पेशल 09 अगस्त से 21नवंबर तक प्रतिदिन पटना जं से 18.20 बजे खुलकर 18.50 बजे पाटलिपुत्र, 21.05 बजे छपरा, 21.45 बजे सुरेमनपुर, 22.11 बजे सहतवार, 22.35 बजे बलिया, 23.35 बजे गाजीपुर सिटी, अगले दिन 01.45 बजे वाराणसी, 04.35 बजे प्रयागराज, 07.50 बजे कानपुर सेंट्रल रूकते हुए 14.50 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय सह तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 01 कोच, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01 कोच, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02 कोच, शयनयान श्रेणी के 12 कोच तथा साधारण श्रेणी के 04 कोच एवं एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 22 कोच होंगे।

# 15 अगस्त को महादलित समुदाय के सभी गाँवों,टोलों में विशेष समारोह का होगा आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। जिलाधिकारी, पटना द्वारा जिले के महादलित समुदायों के गाँवों/टोलों में 15 अगस्त, 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विशेष समारोह आयोजित करने का निदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि 500 महादलित-बाहुल्य टोलों में समारोह आयोजित किया जाएगा। विशेष समारोह में महादलित समुदाय के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति द्वारा झण्डोत्तोलन किया जाएगा। ज़िला स्तर से झण्डोत्तोलन कार्यक्रम के अनुश्रवण हेतु 60 महादलित टोलों में पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया जाएगा। ज़िलाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को भी अपने अपने क्षेत्रों में शेष सभी महादलित टोलों में पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त करने का निदेश दिया है। साथ ही कार्यक्रम के आयोजन हेतु हरेक टोला में विकास मित्रों तथा महादलित टोला के पोषक क्षेत्र के विद्यालय के शिक्षक को तैनात करने का निर्देश दिया गया है। ये सभी पदाधिकारी संबंधित महादलित टोलों में सरकार के निदेशानुसार स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन, झण्डोत्तोलन एवं अन्य कार्यक्रम कराना सुनिश्चित करेंगे। महादलित टोलों में झण्डोत्तोलन के बाद संबोधन किया जाएगा। इसमें सरकार की लोक कल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं, समाज सुधार अभियान के विभिन्न घटकों यथा मद्यनिषेध अभियान, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा का महत्व इत्यादि विषयों पर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## सीआईएसएफ में डीआईजी बन दयाशंकर सिंह ने बढ़ाया अमहरा वासियों का मान

प्रात : किरण संवाददाता



बिहटा : प्रखंड क्षेत्र के अमहरा गांव निवासी प्रो रामनाथ सिंह के पुत्र दया शंकर सिंह की सीआईएसएफ में डीआईजी बनने की खबर से गांव वासियों में खुशी का माहौल हैं लोगों की माने तो दया शंकर ने बिहटा के अमहरा गांव के लोगों का मान बढ़ा दिया है। गांव वासियों को उनपर गर्व है। दया शंकर की प्राथमिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा अपने पैतृक गांव अमहरा से हुई। इन्होंने इंटर कला पटना विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। दया शंकर ने पटना विश्वविद्यालय से संस्कृत विषय में स्नातक प्रतिष्ठा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया ।ये संस्कृत से नेट भी क्वालिफाई हैं ।तत्पश्चात 1994 में संघ लोक सेवा क्वालिफाई की । इन्हें सी आई एस एफ कैडर मिला । प्रथम पदस्थापन ओएनजीसी जोरहाट आसाम में हुआ। उसके बाद जे एनपीटी मुम्बई गए। यहां से गोवा एयरपोर्ट पर इनका स्थानांतरण हुआ। इसके पश्चात एक वर्ष के लिए शांति मिशन पर यूरोप गए। हाल ही में उन्हें सम्प्रति भिलाई में सीआईएसएफ के डीआईजी बनाया गया हैं, जिससे स्थानीय लोगों में हर्ष का माहौल है । उनके गांव के लोगों के मुताबिक दया शंकर काफी मिलनसार स्वभाव के हैं। वे स्कूल के सहपाठियों को आज भी नहीं भूले हैं। गांव आने पर अपने बिताए पुराने दिनों की याद करना इनकी खासियत है। उन्हें योग्य पिता के योग्य पुत्र माना जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुठभेड़ के बाद कुख्यात अपराधी रोशन शर्मा गिरफ्तार

पटना। पटना पुलिस ने एक कुख्यात अपराधी रोशन शर्मा को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। फुलवारी शरीफ इलाके में बुधवार सुबह यह मुठभेड़ हुई। फिलहाल, घायल अपराधी रोशन को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के मुताबिक, पटना पुलिस ने सोमवार रात को बड़ी सफलता हासिल करते हुए कुख्यात अपराधी रोशन को गिरफ्तार किया। हालांकि, बुधवार को पुलिस जांच के दौरान अपराधी ने भागने की कोशिश की। इसी दौरान यह मुठभेड़ हुई। पुलिस ने जहानाबाद से अपराधी रोशन को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान उसने कई बड़ी घटनाओं में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र में पिछले दिन भारी मात्रा में अवैध हथियार और गोलियां बरामद की गईं। पुलिस की कड़ी पूछताछ में अपराधी रोशन ने एक मिनी गन फैक्ट्री का भी खुलासा किया था। इस पर तुरंत एक्शन लेते हुए पुलिस ने हथियार बनाने वाले औजार और अन्य सामान जब्त किया। इसी क्रम में, अपराधी रोशन शर्मा ने पुलिस को अपने एक साथी की जानकारी दी थी। बुधवार सुबह जब पुलिस उस दूसरे अपराधी की तलाश में निकली, उसी बीच रोशन ने भागने की कोशिश की। पटना के एसएसपी कार्तिकेय के. शर्मा ने बताया कि अपराधी रोशन ने एक सिपाही से हथियार छीनने की कोशिश करने लगा। इस भागने की कोशिश के दौरान पुलिस की गोली लगने से वह घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां से पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसएसपी कार्तिकेय के. शर्मा ने बताया कि यह अपराधी 2004 के बाद से करीब डेढ़ दर्जन से अधिक आपराधिक घटनाओं में संलिप्त था, जिनमें हत्या जैसे संगीन मामले भी शामिल हैं। बिहार के अलावा झारखंड और पश्चिम बंगाल में भी यह वांछित था। पुलिस अधिकारियों ने दावा किया है कि यह अपराधी बस स्टैंड पर फायरिंग और कृपाशंकर हत्या कांड में भी संलिप्त था। फिलहाल, पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### देश की संवैधानिक संस्थाओं पर हमला गांधी परिवार की राजनैतिक साजिश : संतोष

पटना। हम से के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा है कि कांग्रेस नेत्री व सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा का यह कहना कि कौन सच्चा भारतीय है, यह तय करना किसी जज का काम नहीं है, दुर्भाग्यपूर्ण है। इस परिवार को देश की सेना से लेकर किसी भी संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं है। सुप्रीम कोर्ट पर भी नहीं। सुमन ने कहा कि राहुल गांधी के सच्चे भारतीय होने पर सुप्रीम कोर्ट ने तब सवाल उठाया। जब वे बिना किसी प्रमाण के चीन द्वारा भारतीय भूमि के अतिक्रमण का अनर्गल आरोप लगाए थे। अब तक के राहुल गांधी के बयानों से साफ है कि वे भारतीय सेना के पराक्रम का अपमान कर लगातार दुनिया में भारत को कमजोर करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते हैं। उनके अधिकांश बयान निराधार व बेतुके होते हैं।

## बिहार सरकार की नवाचार पहल ड्रैगन फ्रूट उत्पादन को मिलेगा प्रोत्साहन

# 23 जिलों में लागू होगी ड्रैगन फ्रूट विकास योजना : विजय

- ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए सरकार देगी अनुदान
- किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करना प्राथमिकता

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज जानकारी दी कि बिहार सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 से 2026-27 तक दो वर्षों के लिए ड्रैगन फ्रूट विकास योजना के तहत कुल 126.90 लाख की योजना स्वीकृत की गई है। इसके तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 76.14 लाख की राशि निर्गत एवं व्यय हेतु स्वीकृत की गई है। श्री सिन्हा ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य राज्य में ड्रैगन फ्रूट की खेती को बढ़ावा देना, उत्पादन क्षेत्र का विस्तार करना और किसानों की आय में सतत वृद्धि सुनिश्चित करना है। यह योजना विशेषकर लघु एवं सीमांत किसानों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। योजना के तहत प्रति कृषक को न्यूनतम 0.1 हेक्टेयर से अधिकतम 2.0 हेक्टेयर तक ड्रैगन फ्रूट की खेती हेतु अनुदान दिया जाएगा। एकीकृत बागवानी विकास मिशन की मार्गदर्शिका के अनुसार, 20x20 मीटर की दूरी पर प्रति हेक्टेयर 5000 पौधों की रोपाई हेतु कुल इकाई लागत 6.75 लाख निर्धारित है। इस पर 40 प्रतिशत अनुदान, अर्थात 2.70 लाख प्रति हेक्टेयर, दो किस्तों में (60:40 अनुपात में) दिया जाएगा। प्रथम किस्त 1.62 लाख एवं द्वितीय किस्त 1.08 लाख होगी। ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए चयन की प्रक्रिया ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से पारदर्शिता के साथ की जाएगी। योजना का कार्यान्वयन राज्य के 23 जिलों में किया जाएगा। श्री सिन्हा ने कहा कि यह योजना बिहार के बागवानी क्षेत्र में नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे न केवल किसानों की आमदनी बढ़ेगी, बल्कि राज्य की कृषि विविधता को भी मजबूती मिलेगी। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि अधिक से अधिक कृषक इस योजना से लाभान्वित हों।

## सीएम नीतीश ने बिहार संग्रहालय का लिया जायजा



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को बिहार संग्रहालय का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय के विभिन्न दीघाओं का अवलोकन किया। बहुद्देशीय सभागार में इथोपिया, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका सहित अन्य देशों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया।

## पर्यटन एवं पर्यावरण को बढ़ावा देगा डॉ राजेन्द्र प्रसाद विहार गौरव उद्यान : नितिन



- बोलें-पार्क में खाने-पीने की व्यवस्था एवं खेल मैदान का भी निर्माण होगा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों द्वारा 15 करोड़ की लागत से बनने वाले देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद विहार गौरव उद्यान के शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर मौजूद पथ निर्माण मंत्री एवं भाजपा विधायक नितिन नवीन ने कहा कि बुधवार को मुख्यमंत्री ने पटना वासियों को एक बड़ा तोहफा दिया है। 10 एकड़ में वेस्ट-टू-वंडर थीम पर बनने वाले इस पार्क से पटना के पर्यटन एवं पर्यावरण को बढ़ावा मिलेगा। मंत्री नितिन नबीन ने कहा कि यह पार्क बिहार के गौरवपूर्ण इतिहास एवं संस्कृति के विभिन्न अवयवों को प्रदर्शित करेगा। यह पार्क बिहार के गौरव को हर रूप में दर्शाएगा जैसे महान आर्यभट्ट, चाणक्य, सम्राट अशोक से लेकर जयप्रकाश नारायण और दशरथ मांझी तक की प्रेरणादायक गाथाएं। इसके साथ ही, यह बिहार की स्थापत्य कला जैसे नालंदा, विक्रमशिला विश्वविद्यालय, धार्मिक स्तूप, मंदिरों और मकबरों को भी दर्शाएगा। बिहार के जीव-जंतुओं की विविधता जैसे गौर और बंगाल टाइगर को भी कलात्मक रूप में दिखाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि यह पूरा पार्क वेस्ट-टू-वंडर की अवधारणा पर आधारित होगा, जहाँ लोहे के कबाड़ को जीवन्त कला में बदला जाएगा। इस प्रक्रिया में आर्किटेक्ट, इंजीनियर, कलाकार और कुशल श्रमिकों की अहम भागीदारी होगी। पार्क में पर्यटकों के खाने-पीने की व्यवस्था एवं खेल मैदान का निर्माण भी किया जाएगा।।

**ये रहें मौजूद :** कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, नगर विकास एवं आवास मंत्री जिबेश कुमार, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, पटना की महापौर सीता साहू, जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम, आयुक्त एवं बुडको के प्रबंध निदेशक अनिमेष पराशर, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## नीतीश सरकार के जन-कल्याणकारी फैसलों से हर वर्ग को मिलेगा लाभ : उमेश

### कहा- गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को आर्थिक राहत मिलेगी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा लिए गए हालिया फैसलों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ये निर्णय सुशासन की प्रतिबद्धता और जनहित के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को दशार्ते हैं। उन्होंने कहा कि इन फैसलों से गरीब, किसान, युवा, महिला, श्रमिक और कर्मचारी सहित हर वर्ग के जीवन में नया भरोसा, राहत और स्थायित्व आएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्णय के अनुसार 1 अगस्त 2025 से राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति माह 125 यूनिट बिजली निःशुल्क प्रदान की जा रही है, जिससे लाखों गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को सीधी आर्थिक राहत मिलेगी। वहीं, 2025 से 2030 तक एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी एवं स्वरोजगार से जोड़ने का संकल्प राज्य के युवाओं के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। इसके अतिरिक्त, युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने हेतु जननायक कपूर्री ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी, जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और व्यापक रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। साथ ही, शिक्षकों की बहाली में डोमिसाइल नीति का निर्णय राज्य के युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोलेगा। श्री कुशवाहा ने यह भी कहा कि नीतीश सरकार द्वारा लिए गए अन्य निर्णयों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत वृद्धजन, दिव्यांगजन और विधवा महिलाओं को मिलने वाली राशि 400 से बढ़ाकर 1100, आशा कार्यकताओं का मानदेय 1000 से बढ़ाकर 3000, ममता कार्यकर्ताओं को प्रति प्रसव प्रोत्साहन राशि 300 से बढ़ाकर 600, मध्याह्न भोजन योजना की रसोइयों का मानदेय 1650 से बढ़ाकर 3300, रात्रि प्रहरियों का मानदेय 5000 से बढ़ाकर 10 हजार तथा शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों का मानदेय 8000 से बढ़ाकर 16 हजार कर दिया गया है। साथ ही, पत्रकारों की पेंशन राशि 6000 से बढ़ाकर 15 हजार तथा उनके आश्रितों को 10 हजार प्रतिमाह देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने समाज के उस वर्ग को हमेशा प्राथमिकता दी है, जो वर्षों से हाशिए पर रहा है। सफाईकर्मियों के अधिकार, सुरक्षा और पुनर्वास हेतु बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग का गठन कर एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। आगे उन्होंने कहा कि ये सभी फैसले नीतीश कुमार की संवेदनशीलता और दूरदर्शी नेतृत्व का परिचायक हैं।

## पुनौराधाम मंदिर से बिहार को मिलेगी वैश्विक पहचान : मंगल

- 2028 तक भव्य मंदिर के निर्माण का सरकार का संकल्प

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि माता सीता की प्रकाट्यस्थली पुनौराधाम मंदिर के समग्र विकास से बिहार को वैश्विक पहचान मिलेगी। शुक्रवार, 8 अगस्त, वह शुभ दिन है जब देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह मंदिर एवं परिसर के समग्र विकास के निर्माण कार्य की आधारशिला रखेंगे। भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या की तरह ही पुनौराधाम भी धार्मिक पर्यटन के अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर अंकित होगा। सरकार का संकल्प 2028 तक भव्य,नव्य, दिव्य मंदिर का निर्माण करना है। श्री पाण्डेय ने कहा कि सीतामढ़ी एवं पुनौराधाम मंदिर परिसर के समग्र विकास हेतु राज्य सरकार द्वारा व्यापक योजना तैयार कर कार्य किये जा रहे हैं। मंदिर परिसर के समग्र विकास हेतु 50 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, जिसकी कुल लागत 165.57 करोड़ है। मंदिर एवं परिसर के विकास के लिए कुल 882 करोड़ 87 लाख की योजना की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा दी गयी है। श्री पांडेय ने कहा कि इसके तहत मंदिर के परकोटा का निर्माण, माता जानकी कुंड घाट, यज्ञ मंडप एवं अनुष्ठान मंडप, प्रसाद भोग एवं रसोई घर, वेद पाठशाला एवं पुस्तकालय तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र, भंडारा स्थल, पर्यटक सुविधा केंद्र, म्यूजियम, कैफेटेरिया एवं फूड कोर्ट, ऑडिटोरियम, मंदिर प्रवेश द्वार, टेंसाइल छतरी का निर्माण, भजन संध्या स्थल, यात्री डॉरमेट्री भवन, यात्री अतिथि गृह, जन सुविधाएं, ई-कार्ट स्टेशन, मिथिला हाट, मंदिर रोड पाथवे एवं पार्किंग का निर्माण किया जाएगा।

## रालोमो कार्यालय में मनी शहीद रामफल मंडल जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश कैंप कार्यालय में बुधवार को शहीद रामफल मंडल की जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी के प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने उपस्थित कार्यकताओं के साथ उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शहीद रामफल मंडल जी ने आजादी की लड़ाई में बढ़ चढ़ कर भाग लियो भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान सीतामढ़ी के बाजपट्टी में महज 19 वर्ष की आयु आंदोलन का नेतृत्व करते हुए उनकी गिरफ्तारी हुई। और इस छोटी सी आयु में ही उन्हें फांसी की सजा दी गईं वे एक स्वतंत्रता सेनानी और क्रांतिकारी थें उन पर देश को नाज है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए रालोमो के प्रदेश प्रवक्ता नितिन भारती ने बयान जारी कर बताया कि जयंती समारोह में व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता, बैजनाथ शर्मा, प्रमोद सिंह राजपूत, महानगर अध्यक्ष खुर्शीद अहमद, सुशील सिंह, विनोद कुमार पप्पू, मोहन लाल, राजू सिन्हा, वासुकीनाथ गुप्ता, ओम प्रकाश कुशवाहा, अजय गुप्ता उर्फ. बिट्टू , उमेश प्रसाद, अशोक कुशवाहा, माधव कुमार कर्ण आदि उपस्थित थे।

## विपक्षी गठबंधन निजी स्वार्थों की बुनियाद पर आधारित : श्रवण

### बोलें- विपक्ष के पास न कोई विजन है और न ही कोई सकारात्मक सोच



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने विपक्ष के गठबंधन पर तंज कसा है। बुधवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में श्रवण कुमार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन व्यक्तिगत स्वार्थों पर टिका हुआ है, जिन्हें प्रदेश की आम जनता से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि सत्ता की लालसा में बिहार को नीचा दिखाना विपक्ष की आदत बन चुकी है। लेकिन अब बिहार की जनता सब कुछ समझ चुकी है और आगामी विधानसभा चुनाव में ऐसे अवसरवादी दलों को करारा जवाब देगी। श्री श्रवण कुमार ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार बिहारवासियों की बेहतरी हेतु निरंतर कार्य कर रहे हैं, जबकि विपक्ष के नेता केवल बड़बोलेपन के शिकार हैं। उनके पास न कोई विजन है और न ही जनता के प्रति कोई सकारात्मक सोच।

**225 से अधिक सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित : जयंत**

भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने कहा कि जनता का हित नीतीश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है, जबकि विपक्ष केवल निजी स्वार्थों की राजनीति करता रहा है। श्री जयंत राज ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व और एनडीए की जनकल्याणकारी नीतियों के बल पर आगामी विधानसभा चुनाव में हमारा गठबंधन 225 से अधिक सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा।

**डोमिसाइल नीति का निर्णय ऐतिहासिक कदम : सुनील**

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने शिक्षक बहाली में डोमिसाइल नीति लागू किए जाने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले से 90 फीसदी से अधिक बिहार के अभ्यर्थियों को लाभ होगा। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सरकारी विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों, रात्रि प्रहरियों, शारीरिक शिक्षकों एवं अनुदेशकों के मानदेय में दोगुनी वृद्धि का जो निर्णय लिया गया है, उससे लाखों कर्मियों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे पहले मंत्री गण ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए एवं उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उक्त मौके पर विधानपरिषद में सत्तारूढ दल के मुख्यसचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी एवं विधायक अशोक कुमार एवं पूर्व विधानपार्षद वाल्मीकि सिंह उपस्थिति रहे।

## पुनौरा धाम में बनने वाला मां जानकी मंदिर अंतरराष्ट्रीय स्तर का धार्मिक तीर्थस्थल होगा : दिलीप

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार के सीतामढ़ी जिले की पावन और पौराणिक धरा पुनौरा धाम में भव्य और दिव्य माता जानकी मंदिर निर्माण की आठ अगस्त को आधारशिला रखी जाएगी। मां जानकी की पुण्य जन्मस्थली पुनौरा धाम में भव्य मंदिर निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी भाग लेंगे। आगामी 8 अगस्त को आयोजित होने वाले माता सीता जी के भव्य, दिव्य एवं सांस्कृतिक रूप से ऐतिहासिक मंदिर के शिलान्यास एवं भूमि पूजन कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पुनौरा धाम मंदिर के प्रांगण में एनडीए कार्यकताओं की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने भी शिरकत की और पूरी तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को लेकर सीतामढ़ी और आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक उत्साह चरम पर है। भाजपा कार्यकर्ता जय-जय सीताराम चलो पुनौरा धाम के जयघोष के साथ घर-घर जाकर अक्षत वितरण कर रहे हैं और लोगों को शिलान्यास समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से भी ऐतिहासिक साबित होने की उम्मीद है। भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि इस ऐतिहासिक आयोजन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा बिहार के नीतीश कुमार, केंद्रीय और राज्य मंत्रियों, साधु-संतों और हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति होगी। उन्होंने कहा कि पुनौरा धाम में बनने वाला मां जानकी मंदिर न केवल राष्ट्रीय, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर का धार्मिक तीर्थस्थल होगा। मंदिर परिसर में धर्मशालाएं, धार्मिक संग्रहालय, यात्री सुविधाएं और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने वाले संसाधन भी विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य और दिव्य भगवान श्रीराम मंदिर के तर्ज पर माँ जानकी का मंदिर निर्माण किया जाएगा।

## ब्योरा देने में चुनाव आयोग को क्या परेशानी है ? : राजद

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने चुनाव आयोग के मंशा पर सवाल उठाते हुए जानना चाहा है कि वह कौन सा कारण है जिसकी वजह से बार-बार आग्रह करने के बाद भी मतदाता प्रारुप से हटाए गए मतदाताओं की सूची श्रेणीवार नहीं दिया जा रहा है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित प्रारुप निर्वाचक सूची में जब लगभग 65 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं और श्रेणीवार उनकी संख्या भी बताई है तो श्रेणीवार मतदाता केन्द्र सहित उनका नाम चुनाव आयोग क्यों नहीं बता रही है ? यह उपलब्ध हो जाने पर प्रमाणिक रूप से उसका सत्यापन हो पाएगा। चुनाव आयोग जिस सूची के बारे में राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराने की बात कह रही है वह तो भेग है जिसमें नाम विलोपित करने का कारण हीं नहीं बताया गया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि 1 अगस्त 2025 को इंडिया गठबंधन की ओर से बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में भी यह मांग की गई थी। पूर्व में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने भी बिहार के सीईओ से मिलकर यह मांग रखी थी, प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भी तेजस्वी ने यह मांग की थी। 5 अगस्त को राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनीलाल मंडल द्वारा भी सीईओ को पत्र लिखकर इस मांग को दोहराया था कि चुनाव आयोग श्रेणीवार यह बताए कि किनका नाम मृत के आधार पर, किनका नाम विस्थापित के आधार पर , किनका नाम डबलिंग के नाम पर और किन नामों का कोई अता-पता नहीं है के आधार पर विलोपित किया गया है। इस पत्र के संदर्भ में चुनाव आयोग द्वारा आज भेजे गए पत्र में भी इसका जवाब न देकर केवल पुरानी बातों को हीं दोहराया गया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव आयोग का जो रवैया है उससे तो यही लगता है कि 65 लाख के अलावा अभी डेढ़ से दो करोड़ मतदाताओं के नाम दस्तावेज नहीं जमा करवा पाने के कारण प्रकाशित प्रारुप मतदाता सूची से विलोपित कर दिए जाएंगे और ऊपर से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम जोड़े भी जाएंगे ।

## स्तनपान शिशु के लिए एक सम्पूर्ण आहार : निहारिका

- स्तनपान सप्ताह पर जयप्रभा मेदांता अस्पताल का विशेष आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। जयप्रभा मेदांता अस्पताल ने स्तनपान सप्ताह के अवसर पर एक विशेष आयोजन किया, जिसमें डॉक्टर निहारिका रॉय ने स्तनपान के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि स्तनपान न केवल बच्चे के लिए बल्कि माँ के लिए भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। स्तनपान के महत्व को समझाते हुए डॉक्टर रॉय ने कहा, स्तनपान शिशु के लिए एक सम्पूर्ण आहार है, जिसमें सभी आवश्यक पोषक तत्व मौजूद होते हैं। यह शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और उन्हें विभिन्न बीमारियों से बचाता है। इसके अलावा, स्तनपान माँ और बच्चे के बीच भावनात्मक बंधन को भी मजबूत करता है। डॉक्टर रॉय ने आगे बताया कि स्तनपान मां के लिए भी कई लाभकारी है। यह माँ के शरीर को प्रसव के बाद तेजी से स्वस्थ बनाने में मदद करता है और गर्भाशय को सामान्य आकार में लाने में सहायक होता है। इसके अलावा, स्तनपान करने वाली माताओं में स्तन और गर्भाशय के कैंसर का खतरा कम होता है। कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं ने स्तनपान के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने स्तनपान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसे समाज में प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया।

## बिहार में एसआईआर अभियान को लेकर चुनाव आयोग का दावा सही नहीं : दीपंकर

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। माले महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य ने बुधवार को कहा कि चुनाव आयोग बिहार में चल रहे राज्य स्तरीय विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर यह धारणा बनाने की कोशिश कर रहा है कि सब कुछ ठीक-ठाक है और कहीं से कोई शिकायत नहीं आ रही है। लेकिन हकीकत इससे बिलकुल अलग है। जमीनी स्थिति को समझने के लिए सिर्फ निम्नलिखित बिंदुओं पर गौर कर लेना ही काफी है

आपत्तियाँ तो दायर हो रही हैं : चुनाव आयोग स्वयं स्वीकार करता है कि उसे लगभग 3,000 आपत्तियाँ सीधे मतदाताओं से प्राप्त हुई हैं (बीएलए यानी बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से नहीं)। लेकिन इन आपत्तियों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हटाए गए मतदाताओं को दोबारा फॉर्म-6 भरने को कहा जा रहा है: जिन मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, उन्हें दोबारा फॉर्म-6 भरकर नाम जुड़वाने के लिए कहा जा रहा है। चुनाव आयोग यह कैसे सुनिश्चित कर सकता है कि अब तक प्राप्त करीब 15,000 फॉर्म-6 केवल नए (पहली बार वोट डालने वाले) मतदाताओं द्वारा ही भरे गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सीएमआर नहीं गिराने वालों पर होगी प्राथमिकी :डीएम

मुजफ्फरपुर ।जिलाधिकारी द्वारा सीएमआर अधिप्राप्ति की भी समीक्षा सभी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ की गई। विभागीय दिशा निर्देश के अनुसार 10 अगस्त तक अंतिम तिथि निर्धारित है। जिलाधिकारी ने गायघाट मोतीपुर और मीनापुर के प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी के पास सीएमआर पेंडिंग की अधिक मात्रा रहने के कारण उनसे स्पष्टीकरण करने तथा उनसे पूछने का निर्देश दिया गया है कि क्यों नहीं निलंबित करते थे विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा कर दी जाए। जिलाधिकारी ने भीमसरिया और हाईटेक मिलर से स्पष्टीकरण करते हुए दो दिनों के भीतर सीएमआर गिराने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी को दिया। स्पष्टीकरण का जवाब संतोषजनक नहीं रहने पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। साथ ही मुसहरी के बड़ा जगन्नाथ को भी दो दिनों का समय देते हुए जल्द सीएमआर गिराने का निर्देश दिया अन्यथा प्राथमिकी दर्ज की जाएगी प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रतिदिन समीक्षा करने तथा शत प्रतिशत सीएमआर प्राप्त करने का निर्देश दिया।

### समाजसेवी कनक का जन्म दिवस आयोजित

मुजफ्फरपुर । स्थानीय नया टोला स्थित कनक भवन में मंगलवार को समाजसेवी चितरंजन सिन्हा कनक जी का 93वा जन्म दिन अति उल्लास के साथ मनाया गया। श्री कनक आजीवन कर्तव्य निष्ठा, समदर्शिता, एवं मानव सेवा के प्रति सदैव आशान्वित रहे। विभिन्न संस्थाओं के प्रमुख रहते हुए इन्होंने बहुत अधिक कार्य किया, जिसका उल्लेख अवर्णनीय है। 93 वर्ष के होने के बावजूद भी इनमें मानव सेवा के प्रति सदैव सजक रहते हैं बैठक में मधु मंगल ठाकुर, डॉक्टर हरि किशोर प्रसाद सिंह, उमानाथ सिंह, डॉ रविंद्र कुमार रवि, रमेश प्रसाद श्रीवास्तव, प्रेम कुमार वर्मा, राजेश कुमार शाही एवं अमिय भूषण एव अन्य वरिय नागरिक उपस्थित होकर सतायु, दीघार्यु एव स्वस्थ्य रहने की कामना की।

### ब्लैकमेल कर ऐंठा पैसा, पीड़ित ने थाना में दिया आवेदन

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के वीरसहिया वार्ड 06 निवासी मुंशीलाल सिंह के पुत्र प्रदीप कुमार ने ब्लैकमेल कर पैसा ऐंठने का आरोप लगाते हुए थाना में एक आवेदन दिया है। बताया है कि 30 एवं 31 जुलाई की मध्य रात्रि करीब 01 बजे अज्ञात नंबर से मेरे मोबाइल पर विडियो कॉल आया। फोन उठाने पर एक वस्त्रहीन लड़की तुम्हारा वीडियो 50 सेकंड का बन गया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर देंगे नहीं तो स्कैनर भेजते हैं 500 रुपया भेजो। मैं डर कर 500 रुपया भेज दिया।1 अगस्त को संध्या होना अज्ञात नंबर से फोन आया और बोला मैं क्राइम ब्रांच दिल्ली से ही बोल रहा हूं तुम्हारे विरुद्ध एक लड़की शिकायत की है। तुम यूट्यूब करे से बात करो नहीं तो गिरफ्तार कर लूंगा। 5 मिनट बाद पुनः कॉल आया और बोला मैं यूट्यूब करे से बोल रहा हूं तुम दो रुपया भेजो नहीं तो वीडियो यूट्यूब पर डाल दूंगा। मैं डर कर दो रुपया डाल दिया। पुनः दूसरे नंबर से फोन किया और 55 सौ रुपया डिमांड किया मैं वह भी भेज दिया। मैंने देखा कि तीनों बार रुपया एक ही स्कैनर पर लिया गया। मुझे कोई जानबूझकर ठग रहा है।

### नक्सली गिरफ्तार

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) । मुंगेर जिले के लड़ैया टांड़ थाना क्षेत्र के हार्डकोर नक्सली प्रकाश कोड़ा को उसके घर जमुई जिला के बरहट थाना क्षेत्र के मुसहरी से एसटीएफ और जिला पुलिस ने गुप्त सूचना पर गिरफ्तार किया। मुख्यालय एएसपी पंकज कुमार ने बताया कि प्रकाश कोड़ा लेवी वसूलने के लिए जमा हुए थे। 2019 में पुलिस को सूचना मिली थी कि सखौल की पहाड़ी पर सड़क निर्माण करने वाली कंपनी से लवी की मांग को लेकर नक्सली कमांडर प्रवेश दा के नेतृत्व में एरिया कमांडर अरविंद यादव नकुल कोड़ा सुरेश कोड़ा प्रकाश कोड़ा सहित 39 नक्सली जमा हुए थे। सूचना पर पुलिस ने ऑपरेशन चलाया। पुलिस के पहुंचने पर नक्सली भाग गए थे। जहां से एक दोनाली राइफल कारतूस और नक्सली पर्चा पुलिस ने बरामद किया था। इस संबंध में पुलिस के आवेदन पर लड़ैयाटाड़ कांड संख्या 39/19 दर्ज कर 39 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया था। जिसमें प्रदीप कोड़ा नामजद अभियुक्त था पंकज कुमार ने आगे बताया की नामजद तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

# राजस्व महाभियान 16 अगस्त से 20 सितम्बर तक

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर ।जमीन के कागज में सुधार के लिए जिले में राजस्व महाभियान की शुरूआत हो रही है। राजस्व विभाग पहुंचा आपके द्वार नाम से चलाया जाने वाला यह महाभियान 16 अगस्त से 20 सितम्बर तक चलेगा। इस आयोजन को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने सभी अंचलाधिकारी सभी राजस्व अधिकारी मुजफ्फरपुर पूर्वी एवं पश्चिमी के अनुमंडल पदाधिकारी एवं डीसीएलआर के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिया। इस अभियान का उद्देश्य जमीन के रिकॉर्ड की अशुद्धियों के सुधार में तेजी लाने हेतु एक विशेष राजस्व महा -अभियान का आयोजन करना है ताकि लोगों के घर एवं पंचायत तक पहुंच कर जनता के जमीन संबंधी दस्तावेजों की अशुद्धियों का सुधार किया जा सके। इसके तहत ऑनलाइन जमाबंदी में त्रुटि सुधार अर्थात परिमार्जन करना है। इसके द्वारा अपने नाम ,खाता ,खेसरा, रकवा और लगान की अशुद्धियों को ठीक कराया जा सकता है। डीएम ने बताया कि इसके तहत जमाबंदी रैयत की मृत्यु के बाद उत्तराधिकारियों के नाम से वंशावली के आधार पर जमाबंदी सुनिश्चित करना है। संयुक्त जमाबंदी के आपसी सहमति या रजिस्टर्ड या कोर्ट द्वारा बंटवारे के आधार पर हिस्सेदारों के नाम से अलग-अलग जमाबंदी सुनिश्चित करना है। जमीन मालिक अपनी छूटी हुई ऑफलाइन जमाबंदी को ऑनलाइन कर सकते हैं। राजस्व महा अभियान को तीन मुख्य चरणों में विभक्त किया गया है। इस अभियान को सफल बनाने हेतु सभी अंचलाधिकारी को माइक्रोप्लान तैयार करने तथा प्रत्येक अंचल में पंचायत सरकार भवन या किसी अन्य सरकारी भवन में हल्कावार शिविरों का आयोजन करने एवं भरे हुए आवेदन प्रपत्र रैयतों से प्राप्त कर ड्राइव करने का निर्देश दिया गया है। शिविर की सफल एवं सुचारु संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं- प्रत्येक शिविर में विशेष सर्वेक्षण अमीन लैपटॉप एवं इंटरनेट डोंगल के साथ उपस्थित रहेंगेऔर प्राप्त आवेदन पत्रों की संक्षिप्त जानकारी कंप्यूटर में संधारित करेंगे। प्रत्येक शिविर के प्रभारी के रूप में राजस्व कर्मचारी कार्य करेंगे।

# निर्वाचकों के दावा-आपत्ति की हुई समीक्षा बैठक, अब तक 1082 आवेदन प्राप्त

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।विशेष गहन पुनरीक्षण के सफल एवं सुचारु संचालन के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ईआरओ तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को शामिल किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी अपने प्रखंडों एवं नगर निकायों में फील्ड विजिट कर कैंपों की सघन निगरानी करें तथा उसकी रिपोर्ट कार्यालय को उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन से जुड़ा यह कार्य अत्यंत गंभीर और प्राथमिकता वाला है, जिसकी नियमित समीक्षा आवश्यक है।1 अगस्त से प्रारंभ दावा-आपत्ति अवधि के दौरान अब तक कुल 1082 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें नया नाम जोड़ने हेतु 779 आवेदन, नाम विलोपन हेतु75 आवेदन और संशोधन वास्ते 228 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से सर्वाधिक 231 आवेदन मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र से प्राप्त हुए हैं, जो कि जिले में जागरूकता की अच्छी स्थिति को दशार्ता है।उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री सत्यप्रिय कुमार ने जानकारी दी कि जिले में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा 11086 बीएलए नियुक्त किए गए हैं।हर विधानसभा क्षेत्र में बीएलए-1 की नियुक्ति की गई है, जो संबंधित विधानसभा क्षेत्र के लिए जिम्मेदार हैं। बीएलए-1 द्वारा हर बूथ के लिए बीएलए-2 को नामित किया गया है।बीएलए-2, बीएलओ से समन्वय स्थापित कर पुनरीक्षण कार्य में छूटे हुए मतदाताओं के प्रति बार 10 तथा पुनरीक्षण अवधि में अधिकतम 30 फॉर्म संबंधित बीएलओ को जमा कर सकते हैं।

# हिरोशिमा दिवस पर एसयूसीआई कम्युनिस्ट द्वारा प्रतिवाद मार्च एवं सभा आयोजित




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।एस.यू.सी.आई. (कम्युनिस्ट) की केंद्रीय कमिटी के आह्वान पर आज हिरोशिमा दिवस के अवसर पर देशभर में ह्यकाला दिवसह्ल मनाया गया। इसी क्रम में मुजफ्फरपुर जिला कमेटी द्वारा एक प्रतिवाद मार्च निकाला गया, जो मोतीझील स्थित पार्टी जिला कार्यालय से आरंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए कल्याणी पहुंचा, जहाँ एक जनसभा आयोजित की गई।प्रतिवाद मार्च में शामिल लोगों ने अमेरिकी साम्राज्यवाद और उसके सहयोगियों के विरुद्ध जोरदार नारे लगाए। सभा को संबोधित करते हुए एस.यू.सी.आई. (कम्युनिस्ट) के जिला सचिव अर्जुन कुमार ने कहा कि द्वितीय विश्वयुद्ध के अंतिम चरण में जब जापान लगभग आत्मसमर्पण की स्थिति में था, तब भी अमेरिका ने 6 और 9 अगस्त को हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराकर लाखों निर्दोष लोगों की जान ले ली। यह साम्राज्यवादी बर्बरता का सबसे घिनौना उदाहरण था।उन्होंने आगे कहा कि आज भी अमेरिका और उसके साम्राज्यवादी गठबंधन नाटो दुनियाभर में युद्ध फैलाकर हथियारों का व्यापार करते हैं और और वहां के बाजार पर कब्जा करते हैं जिससे उनके पूंजीपति वर्ग को मुनाफा होता है। हालिया महीनों में अमेरिका और इजराइल द्वारा फिलिस्तीन पर की जा रही भीषण बमबारी में हजारों आम नागरिक – बच्चे, महिलाएं, वृद्ध – मारे जा चुके हैं। यहाँ तक कि शरणार्थी शिविरों पर भी हमले किए जा रहे हैं, जो मानवता के खिलाफ अपराध है।अर्जुन कुमार ने देशवासियों से आह्वान किया कि वे युद्धोन्मादी ताकतों के खिलाफ आवाज उठाएँ, कमजोर राष्ट्रों की संप्रभुता की रक्षा के लिए एकजुट हों और शांति आंदोलन को तेज करें।

उन्होंने भारत सरकार की भी आलोचना करते हुए कहा कि वह अमेरिकी साम्राज्यवाद की पिछलग्गू बन चुकी है और देश के प्राकृतिक संसाधनों व श्रमशक्ति का दोहन देशी-विदेशी पूंजीपतियों के हित में कर रही है। इससे आम जनता पर महंगाई और बेरोजगारी का बोझ और बढ़ेगा। इन नीतियों के खिलाफ भी संगठित जनांदोलन की आवश्यकता है।सभा को जिला कमेटी के सदस्य मोहम्मद इदरीश, काशीनाथ सहनी, लाल बाबू राय, अरविंद कुमार, विजय कुमार, अमन कुमार झा, संजीत माझी, बैद्यनाथ पंडित, विजय राम, अनवर हुसैन, उदय झा, प्रेम कुमार राम, शिवकुमार ,ललित कुमार झा आदि ने भी संबोधित किया।

# महाराष्ट्र से चोरी के बाद मधुबनी पहुंचा आरोपी



● स्थानीय पुलिस के सहयोग से हुई छापेमारी, पूछताछ में जुटी महाराष्ट्र पुलिस

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। महाराष्ट्र में दर्ज एक बड़ी चोरी के मामले में वांछित आरोपी को पकड़ने के लिए महाराष्ट्र पुलिस की एक विशेष टीम ने मधुबनी नगर थाना क्षेत्र के बरा बाजार स्थित सोनारपट्टी इलाके में छापेमारी की। इस कार्रवाई में स्थानीय पुलिस ने भी सहयोग किया। जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र में एक प्रतिष्ठित व्यवसायी के घर से लाखों रुपये मूल्य के सोने के बर्तन चोरी हुए थे। जांच के क्रम में पुलिस को सूचना मिली कि इस मामले से जुड़ा एक आरोपी मधुबनी में छिपा हुआ है।सूचना के आधार पर महाराष्ट्र पुलिस ने नगर थाना की सहायता से सोनारपट्टी इलाके में एक मकान की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान एक युवक को हिरासत में लिया गया है, जिससे पूछताछ जारी है। नगर थाना अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने पुष्टि की कि युवक की संलिप्तता की गहनता से जांच की जा रही है। पूछताछ के क्रम में चोरी से जुड़े कुछ अहम सुराग मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे पूरे गिरोह का भंडाफोड़ हो सकता है।छापेमारी की खबर फैलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई, जिसे पुलिस ने नियंत्रित किया। फिलहाल युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। महाराष्ट्र पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है और संभावना जताई जा रही है कि पूछताछ में यदि और नाम सामने आते हैं, तो आगे और गिरफ्तारियां की जा सकती हैं। पुलिस मामले से जुड़े हर पहलू की बारीकी से जांच में जुटी हुई है।

# स्वतंत्रता दिवस पर नगर भवन, मधुबनी में आयोजित होगा सांस्कृतिक संध्या का भव्य आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मधुबनी नगर भवन में 15 अगस्त 2025 को संध्या 6 बजे से एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ स्थानीय कलाकार देशभक्ति और लोक संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देंगे। कार्यक्रम को गरिमामय रूप देने के लिए तैयारियाँ तेज कर दी गई हैं। जिलाधिकारी आनंद शर्मा के निर्देश के आलोक में नगर आयुक्त अनिल चौधरी की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय में आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर आयुक्त ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने हेतु कई कार्यक्रमों की श्रृंखला निर्धारित की गई है। इन्हीं कार्यक्रमों में 15 अगस्त की शाम होने वाला यह सांस्कृतिक आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा, जिसमें गायन (एकल एवं समूह), वादन, नृत्य, नृत्य-नाटिका जैसी विविध कलाओं की प्रस्तुति की जाएगी।कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक कलाकारों के लिए 12 अगस्त 2025 को नगर भवन, मधुबनी में प्रातः 10 बजे से स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया है। इसके लिए आवेदन 11 अगस्त तक खेल भवन, वॉटसन स्कूल परिसर स्थित कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। आवेदन में कलाकार का नाम, पता, प्रस्तुति की विधा एवं मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। जो कलाकार पूर्व में आवेदन नहीं कर सकें, वे 12 अगस्त को प्रातः 9 से 10 बजे तक ऑन द स्पॉट पंजीकरण कर सकते हैं। इसके अलावा इच्छुक प्रतिभागी 7764886186 नंबर पर व्हाट्सएप के माध्यम से भी अपनी जानकारी भेज सकते हैं।कार्यक्रम के दौरान सर्वश्रेष्ठ तीन प्रस्तुतियों (एकल या समूह) को मोमेंटो प्रदान किया जाएगा तथा सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया जाएगा। नगर आयुक्त अनिल चौधरी ने जिले के युवाओं से इस आयोजन में अधिक से अधिक भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि यह आयोजन हर भारतीय के लिए गौरव का प्रतीक है और हमारी सांस्कृतिक विरासत को मंच देने का एक सुंदर अवसर है। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी परिमल कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अक्षय कुमार पांडेय, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी नीतीश कुमार, डॉ. अभिषेक कुमार समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 1 सितम्बर तक प्राप्त किया जाएगा प्रारूप निर्वाचक सूची पर दावा आपत्ति : डीएम



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी कौशल कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार निर्वाचन सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया अन्तर्गत 01 अगस्त से दावा आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया चल रही, जो 01 सितम्बर तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि दावा-आपत्ति अवधि में ऐसे निर्वाचकों, जिनका गणना प्रपत्र 26 जुलाई तक प्राप्त नहीं हुआ है, उसका बी.एल.ओ., सुपरवाईजर एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के माध्यम से पुनः सत्यापन करने, वर्ष, 2003 के निर्वाचक सूची में चिन्हित कराने, वर्ष 2003 की निर्वाचक सूची में दर्ज निर्वाचकों के पुत्र,पुत्री,संबंधी को चिन्ह्ति करने का निर्देश पूर्व में दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही ऐसे निर्वाचक जिनके द्वारा गणना प्रपत्र के साथ कोई कागजात संलग्न नहीं किया गया है, उनसे घर-घर जाकर दस्तावेज प्राप्त करने का निर्देश सभी बी.एल.ओ. को दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग से नियुक्त विशेष प्रेक्षक अराधना पटनायक के निदेर्शानुसार सभी संबंधित अधिकारियों को जिले के निर्वाचकों के बीच दावा-आपत्ति अवधि, दावा-आपत्ति प्राप्त करने का स्थल, दावा-आपत्ति जमा करने की प्रक्रिया, दावा-आपत्ति आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले कागजातों आदि के संबंध में जन जागरूकता फैलाने के लिए माईकिंग के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों के सभी ग्राम पंचायतों में 6 अगस्त से 13 अगस्त तक ई-रिक्शा पर माईकिंग के माध्यम से दस्तावेज संकलन एवं दावा-आपत्ति प्रक्रिया की जानकारी आमजन को देंगे।

# कॉलेज की शैक्षिक प्रगति सभी के सहयोग से होगी संभव : डॉ. धर्मराज राम

## डीबी कॉलेज जयनगर में नव नियुक्त प्राचार्य की अध्यक्षता में परिचयात्मक बैठक संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी डी.बी. कॉलेज, जयनगर में नव नियुक्त प्राचार्य डॉ. धर्मराज राम की अध्यक्षता में शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की एक परिचयात्मक बैठक का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में किया गया। बैठक का उद्देश्य महाविद्यालय की शैक्षिक और संरचनात्मक विकास हेतु समन्वय और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करना था।बैठक के दौरान डॉ. धर्मराज राम ने कहा कि महाविद्यालय की शैक्षिक उन्नति हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और यह लक्ष्य सभी के सहयोग से ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने उत्तरदायित्वों के प्रति सजग रहते हुए महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।मैथिली विभागाध्यक्ष डॉ. संजय पासवान ने अपने वक्तव्य में कहा कि उनका विभाग प्राचार्य जी के नेतृत्व में पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने को प्रतिबद्ध है। वहीं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. बुद्धदेव प्रसाद सिंह ने कहा कि प्राचार्य जी के आगमन से महाविद्यालय को एक नया दृष्टिकोण प्राप्त हुआ है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में निश्चय ही सुधार होगा। बैठक का संचालन कर रहे डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने प्राचार्य डॉ. राम का स्वागत करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में महाविद्यालय निश्चय ही शिक्षा जगत में एक नई पहचान बनाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि शैक्षिक, प्रशासनिक और नैतिक मूल्यों के समन्वय से यह संस्थान नई ऊँचाइयों तक पहुचेगा।बैठक में डॉ. रंजना, डॉ. मसरूर सोघरा सहित कई शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. ओम कुमार सिंह, डॉ. राम कुमार सिंह, डॉ. अरविंद कुमार राय, डॉ. रामप्रवेश निराला, डॉ. मुकुल वर्मा, डॉ. राजेश ठाकुर, डॉ. अनंतेश्वर यादव, डॉ. परशुराम सिंह, डॉ. आनंद राज, डॉ. कोमल कुमारी, डॉ. ज्योति प्रकाश, डॉ. भोलानाथ ठाकुर, डॉ. मदन पासवान सहित कृष्णानंद झा, आलोक झा, अभिषेक झा, सुधांशु सिंह समेत सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहे।

# सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार की बू: निर्माण के दो दिन बाद ही दरारें, ग्रामीणों ने बीडीओ से की शिकायत

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। बिस्फी प्रखंड अंतर्गत भैरवा पंचायत के दमला घाट में पीसीसी सड़क निर्माण में बड़े पैमाने पर लापरवाही और अनियमितता का मामला सामने आया है। निर्माण कार्य पंचायत मुखिया द्वारा कराया गया था, लेकिन निर्माण शुरू होने के महज दो दिन बाद ही सड़क में जगह-जगह दरारें पड़ गईं, जिससे इसकी गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने इस संदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर तकनीकी जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य बिना सूचना पट लगाए गुपचुप तरीके से शुरू किया गया। न तो योजना की स्वीकृति राशि की जानकारी दी गई, न ही कार्यकारी एजेंसी, योजना संख्या या निर्माण की समय-सीमा का उल्लेख किया गया। इससे ग्रामीणों को योजना के विवरण की जानकारी नहीं हो सकी, जिससे पूरे कार्य में पारदर्शिता नहीं रह पाई। उनका कहना है कि योजना को छुपाकर करवाने का उद्देश्य भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना है। शिकायतकताओं ने बताया कि निर्धारित 6 इंच मोटाई की जगह केवल 1.5 से 2 इंच की ही ढलाई की गई, जिससे निर्माण के दो दिन बाद ही सड़क दरकने लगी। घटिया सामग्री का प्रयोग और मानकों की अनदेखी से निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लग गया है। सड़क की हालत ऐसी हो गई है मानो कई वर्षों पुरानी हो। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जब कुछ जागरूक लोगों ने इस लापरवाही पर आपत्ति जताई, तो मुखिया ने उनकी बातों को दरकिनार कर दिया। योजना की निगरानी के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई, और निर्माण कार्य पूरी तरह मुखिया के अधीन चला। प्राक्कलन की भी अनदेखी की गई, जिससे स्पष्ट होता है कि कार्य में मनमानी बरती गई है। ग्रामीणों ने बीडीओ से इस पूरे मामले की निष्पक्ष एवं तकनीकी जांच कराने की मांग की है ताकि सरकारी राशि का दुरुपयोग रोका जा सके और आमजन को गुणवत्तापूर्ण सड़क सुविधा मिल सके। साथ ही, उन्होंने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और सड़क के पुनः निर्माण की मांग की है। यह मामला पंचायत प्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली और निर्माण कार्यों की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

# दस अगस्त तक शत-प्रतिशत सीएमआर आपूर्ति का डीएम का सख्त निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में खरीफ विपणन मौसम (केएमएस) 2024-25 के अंतर्गत लंबित सीएमआर (चावल मिलिंग रिटर्न) आपूर्ति की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने सभी पैक्सों व मिलरों को 10 अगस्त तक शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करने का अंतिम अल्टीमेटम दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य नहीं होने पर डिफाल्टर पैक्स व मिलरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी सुदर्शन कुमार द्वारा जानकारी दी गई कि जिले के 70 पैक्सों में अब तक 107 लॉट की सीएमआर आपूर्ति लंबित है। इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए डीएम ने विशेष रूप से बिशनपुर, कोरहिया और बरुआर पैक्स सहित रिया राइस मिल एवं लोहट राइस मिल के प्रति असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने सभी को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी कीमत पर 10 अगस्त तक राज्य खाद्य निगम, मधुबनी को सीएमआर की आपूर्ति पूर्ण कर दी जाए। समीक्षा के क्रम में बेनीपट्टी के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सुरेश राम की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए डीएम ने उनसे शिथिलता व लापरवाही को लेकर स्पष्टीकरण मांगा। साथ ही निर्देश दिया गया कि जिन पैक्सों की आपूर्ति लंबित है, उनके कार्यालय में नोटिस चस्पा किया जाए तथा उसकी ऑडियो-वीडियोग्राफी कर रिपोर्ट प्रतिदिन जिला सहकारिता पदाधिकारी को भेजी जाए। डीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि सीएमआर आपूर्ति में किसी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई पैक्स या मिल डिफाल्टर पाया जाता है तो बिहार राज्य सहकारिता अधिनियम, 1935 की धारा-41 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर वसूली की कार्रवाई की जाएगी। दोषी अध्यक्ष, पदाधिकारी या मिलर को किसी भी स्थिति में राहत नहीं मिलेगी।बैठक में प्रबंधक राज्य खाद्य निगम अजितेंद्र किशोर, सभी बीसीओ, पैक्स अध्यक्ष, मिलर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# सरकारी संपत्ति की चोरी का हुआ खुलासा, तीन गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)।बहेड़ा पुलिस ने लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अवर प्रमंडल कार्यालय से 10 महीने पहले हुई पाइप चोरी के मामले को सुलझाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।इस कार्रवाई में लाखों रुपये के चोरी हुए पाइप भी बरामद किए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जगुनाथरड्डी जलारड्डी ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति में इस घटना का खुलासा किया। पुलिस के मुताबिक, 27 नवंबर 2024 को बहेड़ा थाने में सरकारी संपत्ति की चोरी के खिलाफ मामला (कांड संख्या 452/24) दर्ज किया गया था। पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और 6 अगस्त 2025 को बहेड़ी थाना क्षेत्र के शिवराम चौक स्थित बालाजी इंटरप्राइजेज हार्डवेयर के गोदाम पर छापा मारकर चोरी का सामान बरामद किया। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 1.केवटी थाना के धुरिया निवासी स्व.बिशुनदेव यादव के पुत्र पप्पू कुमार यादव 2.बेंता थाना क्षेत्र के अल्लपट्टी निवासी स्व० रामअवतार पासवान के पुत्र गणेश पासवान 3.बहेड़ा थाना क्षेत्र के पिपरा निवासी कुशेश्वर यादव के पुत्र रामपुकर यादव वह पुलिस ने गिरफ्तार करने की हिरासत में भेज दिया है। इसके अलावा पुलिस चौथे फरार आरोपी बहेड़ी थाना क्षेत्र के साधु साहू की गिरफ्तारी के लिए निरंतर छापेमारी कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक बरामद किए गए सामान में 80 मिमी के 174 पाइप (20 फीट लंबे), 40 मिमी के 78 पाइप (20 फीट लंबे) और 40 मिमी के 282 पाइप (4 फीट लंबे) शामिल हैं। बहेड़ा एसएचओ हरिद्वार शर्मा ने इस बाबत पूछने पर बताया कि पाइप चोरी के मामले में तीन टीम बनाकर तीन जगह छापामारी की गई तथा सामान बरामद कर तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्याय की हिरासत में भेज दिया गया है।

# सनातन धर्मावलंबियों के लिए प्रेरणा का श्रोत बनेगा जानकी मंदिर : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।माता जानकी सनातन संस्कृति में न केवल श्रद्धा और आस्था के प्रतीक हैं बल्कि साढ़े आठ करोड़ मिथिलावासियों के लिए उनकी ऐतिहासिक सांस्कृतिक तथा गौरवपूर्ण पहचान भी है। अयोध्या की तर्ज पर सीतामढी के पुनौराधाम में जानकी मंदिर के निर्माण के लिए आठ अगस्त को देश के गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के हाथों होने वाले भूमि पूजन सह शिलान्यास कार्यक्रम में मिथिलावासियों की ओर से गृह मंत्री का उत्साहपूर्वक स्वागत तथा सम्मान कर उनके प्रति आभार प्रकट किया जाएगा। दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में भाजपा के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने जानकी मंदिर निर्माण के भूमि पूजन के लिए गृह मंत्री अमित शाह के बिहार तथा मिथिला में प्रस्तावित आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि एनडीए सरकार के द्वारा मिथिला की सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण रखने के लिए यह एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। जानकी मंदिर निर्माण के लिए बिहार की डबल इंजन सरकार तथा यहां के सीएम नीतीश कुमार की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि कि वर्तमान में पुनौराधाम में 17 एकड़ जमीन मंदिर ट्रस्ट के पास मौजूद है तथा 120 करोड़ रुपए की स्वीकृति देकर 50 एकड़ जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया जिस तरह से तत्परता से पूरी की गई वह एनडीए सरकार की संवेदनशीलता तथा मिथिलावासियों के प्रति केंद्र तथा राज्य सरकार कि प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। जानकी मंदिर निर्माण के प्रति अपनी भावनात्मक लगाव को रेखांकित करते हुए कहा कि वे पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर पिछले एक साल से लगातार सीतामढी जाकर इस संबंध में विभिन्न जानकारियों से शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराते आए हैं। जानकी मंदिर को मिथिलावासियों के लिए आस्था का प्रतीक बताते हुए सांसद डा ठाकुर ने बताया कि माता जानकी का जीवन चरित्र हम सभी के लिए प्रेरणा का श्रोत है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, गुरुवार, 07 अगस्त, 2025


# बिहार राज्य ग्रामीण विद्युत फ्रेंचाइजी कामगार संघ ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## विद्युत विभाग में पंचायत पर्यवेक्षक के पद सृजित कर समायोजित करने की मांग

प्रात: किरण संवाददाता



सहरसा बिहार राज्य ग्रामीण विद्युत फ्रेंचाइजी कामगार संघ सम्बद्ध बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोपगुट पटना के तत्वावधान में बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम जिला अधिकारी को ज्ञापन सौपा। कामगार संघ के जिला अध्यक्ष संजीव कुमार, मनोरंजन कुमार खां, कौशल कुमार सिंह एवं मनोज कुमार ने बताया कि वर्ष 2013 में विद्युत विभाग के बिलिंग और राजस्व संग्रहण की लचर व्यवस्था को देखते हुए बिहार सरकार के द्वारा रूरल रेवन्यू फ्रेंचाइजी योजना बनाकर संपूर्ण बिहार में लागू की गई। जिसके अंतर्गत राज्य के सभी पंचायत में एक-एक फ्रेंचाइजी को बिलिंग एवं राजस्व संग्रहण के लिए अधिकृत किया गया। जिसके आधार पर इकरारनामा भी बनाया गया। वर्ष 13 से अब तक घर-घर जाकर बिलिंग और राजस्व संग्रहण का कार्य करते आ रहे हैं। वही बिहार सरकार के द्वारा स्मार्ट प्रीपेड मीटर की योजना लाने से हमारे समक्ष बेरोजगारी एवं भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। हम लोगों का परिवार सड़क पर आने को विवश हो गया है। ऐसे में संघ के राज्य कमेटी के द्वारा विगत वर्ष एक दिवसीय हड़ताल और फिर सातदिवसीय हड़ताल के माध्यम से अपनी दैनिक स्थिति से अवगत कराने का प्रयास किया लेकिन हमारी आवाज को अनसुना कर दिया गया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार के द्वारा हम कर्मियों की भविष्य का बिना निर्धारण के स्मार्ट प्रीपैड मीटर लगाया जा रहा है। साथ ही 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की गई है। जिससे हम लोगों को कोई एतराज नहीं है बल्कि खुशी की बात है कि आम जनता को इसका लाभ मिलेगा।कर्मियों ने बताया कि उनके कार्य क्षेत्र में ही पंचायत पर्यवेक्षक का पद सृजित करते हुए समायोजन करने की कृपा की जाए जिससे हमारा परिवार भूखे मरने से बच सके। उन्होंने कहा कि हमारे समायोजन से सरकार और विद्युत विभाग को मीटर की रीडिंग, स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन में सहयोग, स्मार्ट मीटर का रख रखाव, बिजली चोरी की रोकथाम और सूचना प्रदान करना, साथ ही बिहार सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं को फलीभूत करने में सहायता प्राप्त होगी। कर्मचारियों ने कहा कि हम लोगों की मांग पर सकारात्मक पहल करते हुए संघ कमेटी से वार्ता नहीं की गई तो 8 अगस्त से हम सभी कर्मी कार्यबंदी करते हुए चरणबद्ध आंदोलन हेतु बाध्य होंगे। जिसकी सारी जवाबदेही बिहार सरकार और ऊर्जा विभाग बिहार सरकार की होगी। इस अवसर पर ललन कुमार, राजेश कुमार भारती, राहुल कुमार, शेखर कुमार जायसवाल, रोशन कुमार, नितीश कुमार, कौशल कुमार सिंह, मनोज कुमार, मनोरंजन कुमार खां, संजय कुमार सिंह, जय नंदन कुमार, अनिल कुमार, राजनीति सिंह, नवल प्रसाद, नंदकिशोर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# रेलवे ट्रैक पर 55 वर्ष के बुजुर्ग का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

## दुर्घटना, साजिश , आत्महत्या या हत्या, जांच में जुटी पुलिस एवं एफएसएल की टीम

प्रात: किरण संवाददाता



सहरसा सोनवर्षा कचहरी थाना क्षेत्र के बिसनपुर बलुआहा रेलवे क्रॉसिंग के समीप रेलवे ट्रैक के किनारे एक 50 वर्षीय अज्ञात शख्स का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव के गले और शरीर पर धारदार जख्म के निशान पाए गए हैं। मृतक शख्स की पहचान सुपौल जिले के छातापुर के रहने वाले जगदेव भिलवार के रूप में की गई है। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद सोनबरसा कचहरी पुलिस संदीप राम दरोगा अपने दलबल के साथ और एफ एस एल की टीम मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुटी गई। आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन से गिरने की वजह से शख्स की मौत हुई है। हालांकि हत्या है या फिर हादसा पुलिस की टीम इन सभी बिंदुओं पर बारीकी से तफ्तीश में जुटी हुई है। फिलहाल पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सहरसा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि, सोनबरसा कचहरी स्टेशन से लेकर परविर्निया हाल्ट के बीच आए दिन इस तरह की घटना रेल ट्रैक पर बराबर होते रहती है। 1 साल में 10 से अधिक घटना हो चुकी है, ग्रामीणों ने कहा अगर सोनबरसा कचहरी पुलिस प्रशासन द्वारा रात्रि गश्ती अगर तेज कर दिया जाए तो यह कंट्रोल हो सकता है।

# हिरोशिमा की 80वीं वर्षगांठ सिर्फ यादें ही नहीं, चेतावनी व सबक भी है

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई:-हिरोशिमा दिवस के अवसर पर बम और युद्ध से नहीं, बुद्ध से चलेगी दुनिया विषय पर एक परिचर्चा नगर परिषद स्थित आनंद विहार कॉलोनी सिरचंद नवादा में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता राजनीतिक विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. देवेंद्र कुमार गोयल ने की. मौके पर उपस्थित मुख्य वक्ता के बतौर केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) गौरी शंकर पासवान ने कहा कि हिरोशिमा पर लिटिल बॉय परमाणु बम अमेरिका द्वारा तब गिराया गया, जब द्वितीय विश्व युद्ध अंतिम चरण में था.6 अगस्त 1945 की हिरोशिमा और 9 अगस्त 1945 की तबाही एवं 80 वीं वर्षगांठ नई पीढ़ी के लिए सिर्फ यादें नहीं चेतावनी और विश्व के लिए सबक है। हिरोशिमा दिवस का संदेश है कि अब बम और युद्ध से नहीं, बुद्ध से दुनिया चलेगी। विश्व शांति की नींव युद्ध और विनाशक हथियारों पर नहीं, बुद्ध के विचारों, करुणा और संवाद पर टिकी होनी चाहिए। इतिहास गवाह है कि बम केवल लाशें देते हैं, जबकि बुद्ध विचार देते हैं। हिरोशिमा और नागासाकी की विभीषिका ने साबित कर दिया कि युद्ध में कोई विजेता नहीं होता, केवल नुकसान होता है और मानवता हारती है। किसी समस्या का स्थाई समाधान शक्ति प्रदर्शन से नहीं, बल्कि विचार विनिमय से मिलता है। सहअस्तित्व, सहिष्णुता और शांति ही सभ्यता की पहचान है। युद्ध भविष्य का नाश करता है परंतु बुद्ध का दर्शन भविष्य को दिशा देता है। कहते हैं कि जहां बुद्ध की वाणी गूंजती हैं, वहां पर बम भी बेअसर हो जाता है। उन्होंने कहा कि शांति की बात करने वाला देश कायर नहीं, सच्चा शांति दूत व विजेता होता है। जैसे भारत शुरू से ही शांतिप्रिय राष्ट्र है, जिसका मूल मंत्र- अहिंसा परमो धर्मः और वसुधैव कुटुंबकम रहा है। जियो और जीने दो का उद्घघोषक भारत ही है।

6 अगस्त 1945 का दिन मानव इतिहास की सबसे विभत्स घटनाओं में से एक है। जापान के हिरोशिमा शहर पर परमाणु बम हमले में 1.40 लाख लोग मारे गए थे। उन्होंने कहा कि युद्ध जीडीपी नहीं बढ़ाता, बल्कि कब्रों की संख्या अवश्य बढ़ता है। यदि विनाशकारी हथियारों पर हो रहा खर्च गरीबी, भुखमरी, शिक्षा और स्वास्थ्य पर हो तो दुनिया के देशों में विकास और समृद्धि की गंगा प्रवाहित की जा सकती है। हिरोशिमा की राख से निकली चेतावनी आज भी हवा में तैर रही है। दुनिया के शासको या राष्टाध्यक्षों को समझना होगा शक्ति का सर्वश्रेष्ठ उपयोग संयम है। विश्व को बुद्ध व गांधी के रास्ते पर लौटना चाहिए- सत्य, अहिंसा और संवाद की ओर। यही एक मार्ग है, जो दुनिया को बचा सकता है। अध्यक्षीय प्रबोधन में डॉ देवेंद्र कुमार गोयल ने कहा कि हिरोशिमा की घटना हृदयविदारक थी । इसे दोहराना मानवता के साथ विश्वासघात होगा। नई पीढ़ी को भी यह समझना होगा कि विज्ञान का उद्देश्य जीवन रचना है सर्वनाश नहीं। अतः शांति के समान कोई सिद्धांत नहीं और युद्ध से बढ़कर कोई विनाश नहीं है। हर वर्ष हिरोशिमा और नागासाकी की घटना शांति का पैगाम लेकर आती है। यह दिवस संदेश देता है कि विश्व की सभी देश युद्ध न करके विश्व शांति स्थापित करने का प्रयत्न करें। क्योंकि युद्ध तबाही लाता है और मानवता का मजाक उड़ाता है।वर्तमान में संपूर्ण विश्व परमाणु बम के मुहाने पर बैठा है। दुनिया के देशों ने इतने विनाशक हथियार इकट्ठे कर लिए हैं कि दुनिया खत्म करने के लिए केवल दो-चार घंटे ही काफी है। मौके पर प्रो सरदार राम, इतिहास के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री संजीव कुमार सिंह, डॉ. निरंजन कुमार दुबे, डॉ सत्यार्थ प्रकाश, डॉ अजीत कुमार भारती आदि ने हिरोशिमा घटना को सबसे विभत्स व विनाशकारी घटना बताया। और दोबारा हिरोशिमा घटना को दोहराने से बचने की विश्व के देशों से अपील की।

# गंगा में समाए मधेपुरा के दो युवक, तीन दिन बाद भी नहीं मिला सुराग, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

प्रात: किरण संवाददाता



शंकरपुर (मधेपुरा) सावन महीने की अंतिम सोमवारी को जल लेने गए मधेपुरा जिला के दो युवक गंगा की गर्जन में समा गए। तीन दिन बीत जाने के बावजूद अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिजनों की आंखें दरवाजे पर टिकी हैं, लेकिन उम्मीद की किरण धुंधली होती जा रही है। पहली घटना मधेपुरा प्रखंड के मानिकपुर नहायलपट्टी वार्ड संख्या 7 की है। यहां 19 वर्षीय युवक अपने दोस्तों के साथ गंगा स्नान कर महादेव के लिए जल लेने गया था। बताया जा रहा है कि गंगा में स्नान करने के लिए अंदर घुसा उसी समय उसका पैर फिसल गया और वह सीधे गहरे पानी में गिर गया। परिजन और स्थानीय गोताखोरों द्वारा लगातार खोजबीन जारी है, लेकिन अब तक शव का कोई पता नहीं चल पाया है। घर में मातमी सन्नाटा पसरा है और माता-पिता बेसुध हो चुके हैं। वहीं दूसरी घटना गोलपाड़ा प्रखंड के खोसकी पंचायत अंतर्गत अमुना गांव वार्ड संख्या 13 की है, जहां 18 वर्षीय युवक भी सावन सोमवारी पर जलाभिषेक हेतु दोस्तों संग गंगा किनारे गया था। दुर्भाग्यवश उसका भी पेड़ फिसलकर गंगा में समा गया। घटनास्थल पर स्थानीय प्रशासन की मौजूदगी रही, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद लापता युवकों का कोई पता नहीं चला है। दोनों घटनाओं ने इलाके को गहरे शोक में डुबो दिया है। परिजनों की चीख-पुकार और ग्रामीणों की व्याकुलता ने माहौल को गमगीन बना दिया है। लोगों ने प्रशासन से एनडीआरएफ टीम की त्वरित सहायता की मांग की है, ताकि लापता युवकों की तलाश और तेज की जा सके। परिजनों ने प्रशासन से अपील की है कि एसडीआरएफ या एनडीआरएफ की मदद से शव की तलाश करवाई जाए ताकि वे कम से कम अपने बच्चों का अंतिम दर्शन कर सकें और हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार उनका अंतिम संस्कार किया जा सके।

# मशाल खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर । मशाल खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक सोमवार को जिलाधिकारी निखिल धनराज निपणणीकर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मशाल कार्यक्रम 09.08.2025 से 13.08.2025 के बीच आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। मशाल खेल प्रतियोगिता में खेल विधा जैसे- एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कब्ड्डी और साइक्लिंग इत्यादि शामिल है। यह प्रतियोगिता बालक तथा बालिका के अंडर-14 एवं अंडर-16 कोटि में आयोजित करायी जायेगी। ज्ञात हो कि विद्यालय स्तरीय मशाल प्रतियोगिता का आयोजन 25.04.2025 से 27.04.2025, संकुल स्तर पर 22.05.2025 से 24.05.2025 तथा प्रखंड स्तर पर 05.07. 2025 से 08.07.2025 तक आयोजित करायी जा चुकी है। जिला स्तरीय मशाल प्रतियोगिता में मेडल तथा टीम गेम में ट्राफी के साथ प्रथम स्थान आने वाले खिलाड़ी को 2500 सौ रुपए, द्वितीय स्थान पर 1500 सौ रुपए तथा तृतीय स्थान आने वाले खिलाड़ीयों को 1000 रुपए की नगद राशि दी जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा की इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को 15 अगस्त 2025 को सम्मानित करने का निर्देश दिया गया।

# सड़क के मरम्मति के संबंध में पथ निर्माण मंत्री से मिले विधायक



प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा विधानसभा क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण सड़क जो यातायात के दृष्टिकोण व लोकहित में अति महत्वपूर्ण है के मरम्मति कराने हेतु सहरसा विधायक डॉ आलोक रंजन ने बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन से मिलकर आग्रह किया। उन्होंने अपने पत्र में सहरसा के बरियाही से बनगाँव पथ का मरम्मति कार्य, सोनवर्षा राज से बैजनाथपुर पथ (एस०एच०-59) के 9वें कि०मी० स्थित भवटीया गांव में नाला निर्माण का प्रस्ताव,सराही मोड़-ठाकुर शर्मा चौक पथ में मारूफगंज में पी क्यू सी निर्माण कार्य, महिषी-चैनपुर पथ में तारा मंदिर एवं नीलकंठ मंदिर चैनपुर के समीप पी क्यू सी निर्माण कार्य, सहरसा-सोनवर्षा कचहरी पथ में सुलिन्दाबाद एवं विशनपुर ग्राम में पी क्यू सी निर्माण कार्य, शिवपुरी ढ़ाला - चर्च सिमराहा पथ के 1 वें कि मी में पी क्यू सी निर्माण कार्य शामिल है। पथ निर्माण मंत्री ने तत्क्षण चीफ इंजीनियर को इस संबंध में अग्रतर कार्रवाई करने का आदेश दिया। विधायक डॉ आलोक रंजन ने बताया कि इससे पूर्व भी सहरसा का महत्वपूर्ण बायपास सड़क कहरा कुटी से बेंगहा होते जज कॉलोनी तक सड़क का चौड़ीकरण कराने हेतु हमने पथ निर्माण मंत्री को आग्रह किया था जिसकी स्वीकृति के उपरांत निविदा आमंत्रित कर दी गई है इसके आलवे दो और बायपास स्वीकृति की प्रक्रिया में है। क्षेत्र के विकास से संबंधित कार्य मेरी प्राथमिकता है और हम पूरी तत्परता के साथ कार्य निष्पादन के लिए प्रयास करते रहते हैं । जिसका नतीजा है कि सहरसा विधानसभा क्षेत्र में सड़क का जाल बिछाया है। आगे भी मेरा प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

# पौधारोपण कर स्वतंत्रता दिवस को खास बनायेंगी जीविका दीदियाँ

प्रात: किरण संवाददाता



लखीसराय - बंजर जमीन पर भी पौधा उगाने की कवायद पिछले कई सालों से जीविका दीदियाँ कर रही हैं । इस कार्य में उन्हें सफलता भी मिल रही है । जल जीवन हरियाली अभियान के तहत जीविका दीदियाँ उन स्थानों पर पौधारोपण कर रही हैं जहाँ कोई वृक्ष नहीं है। लखीसराय जिला में पिछले पिछले छह साल में जीविका दीदियों द्वारा 6 लाख से अधिक पौधे लगाये गए हैं। पौधारोपण इस वर्ष भी 5 जून से शुरू किया गया है ' हर गाँव झहर घर में एक दीदी एक पौधा अपने घर-आँगन में लगाने के लिए पौधा जीविका दीदियों को उनके ग्राम संगठन के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। मजबूत इच्छा शक्ति और जिले को हरा-भरा बनाने के उदेश्य से जीविका दीदियों ने पौधारोपण का कार्य पुरे राज्य के सभी जिलों के गांवों में शुरू कर दिया है । राज्य सरकार की ओर से जल जीवन हरियाली कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों को पौधारोपण का लक्ष्य दिया गया है । जीविका को अपने लक्ष्य के अनुरूप जिले के सभी प्रखंडो में प्रत्येक स्वयं सहायता समूह की हरेक सदस्य को एक पेड़ अपने घर-आँगन में लगाना है । वर्तमान वित्तीय वर्ष में सितंबर माह तक 66 हजार 7 सौ 72 पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित है । लक्ष्य के अनुरूप जीविका दीदियों ने अपने- अपने संकुल स्तरीय संघ के माध्यम से वन विभाग से पौधारोपण के लिए पौधा की मांग की है। वन विभाग ने अब तक 30 हजार पौधा जीविका दीदियों को उपलब्ध कराया है ' शेष पौधे भी क्रमशः उपलब्ध कराये जा रहे हैं । इसके लिए जिले के सभी पंचायतों में प्रति पंचायत 2 ड्रॉप पॉइंट बनाये गए हैं ' ड्रॉप पॉइंट पर वब विभाग पौधा उपलब्ध करा देता है और वहां से जीविका से सम्बद्ध ग्राम संगठन पौधा संग्रह करते हुए जीविका दीदियों को पौधा दे देते हैं । कुल एक सौ साठ ड्रॉप पॉइंट बनाये गए हैं । स्वतंत्रता दिवस को खास बनाने के उद्देश्य से जीविका दीदियाँ विशेष तौर पर पौधारोपण का कार्य उत्सव के तर्ज पर करेंगी ' बकायदा पौधा लगाएंगी, पौधा के चारो तरफ रंगोली बनायेंगी और ताउम्र उसकी सुरक्षा का भी संकल्प लेंगी ' यह कार्यक्रम 8 अगस्त से हर गाँव में जीविका दीदियों द्वारा शुरू कर दिया जायेगा। इन पौधों में आम, नींबू, सहजन, अमरुद, कटहल, आवंला, बेल , आयुर्वेदिक पौधे और काष्ठीय पौधे आदि हैं। इस वित्तीय वर्ष में 5 जून पर्यावरण दिवस के दिन से पौधारोपण जारी है । पौधारोपण के लिए जीविका दीदियों द्वारा गड्ढा खोदो अभियान भी चलाया गया है । जैसे-जैसे पौधा मिलते जा रहा है खने गए गड्ढा में पौधारोपण किया जा रहा है। पौधारोपण के प्रति जीविका दीदियों की सक्रियता और उत्साह देखते ही बन रही है । अपने- अपने घर-आँगन में पौधारोपण युद्ध स्तर पर कर रही हैं। सूर्यगढ़ा प्रखंड के जकरपुर पंचायत के नीरपुर गाँव में जीविका दीदी की पौधशाला चला रही बिंदु देवी बताती हैं कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी खुद तो पौधारोपण कर ही रहे हैं अपने गाँव-पंचायत के अन्य लोगों को भी पौधा लगाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं और पौधा नर्सरी के माध्यम से भी उपलब्ध करा रहे हैं। इस कार्य में हमें सफलता भी मिल रही है।

# 15 अगस्त को नेशनल लेवल पार्टी का होगा गठन : सुभाष पासवान



● विश्व सुन्दरी परी पासवान होंगे मुख्य अतिथि

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई जिले के नामचीन होटलों में एक जनेक्स ब्रीज होटल में डाक्टर करीना पासवान की अध्यक्षता में 15 अगस्त को नेशनल लेवल पार्टी का गठन होगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिले कर्मठ और ईमानदार एस सी/एसटी नेता सह जमुई विधानसभा के भावी प्रत्याशी सुभाष पासवान ने कहा कि 05अगस्त 2025 को भानु चन्द्र पासवान युवा नेता के अगुवाई में भागलपुर शहर के मशहूर होटल वैभव में नेशनल लेवल की पार्टी पर गहन विचार विमर्श किया गया था। जिसके मुख्य अतिथि एससी एसटी के ईमानदार नेता सुभाष पासवान जी थे। भागलपुर की बैठक में प्यारा दुलारा साथी अनिल सिंह, रंजन सिंह,चिन्टू पासवान एवं भागलपुर के नवाब सिकन्दर जमाल साहब ने सिरकत की। इसी होटल में 17 अगस्त को विश्व सुन्दरी सुश्री परी पासवान एवं डॉ करीना पासवान नेशनल लेवल पार्टी का ऐलान करते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगी।

# लखीसराय पहुंचे राजद प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल का कार्यकताओं ने किया भव्य स्वागत

## राजद प्रदेश अध्यक्ष ने कहा,चुनाव आयोग को हथियार बनाकर सत्ता में काबिज होना चाहती है भाजपा

प्रात: किरण संवाददाता



लखीसराय !लखीसराय से मुंगेर जाने के क्रम में राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनीलाल मंडल का लखीसराय में आरजेडी के पूर्व विधायक फुलैना सिंह,राजद जिलाध्यक्ष कालीचरण दास एवं राजद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम सागर चौधरी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया !राजद प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारों को बताया की विधानसभा की चुनाव की तैयारी जनता कर रही है ।वहीं तेजप्रताप यादव के द्वारा कहे जाने पर की आरजेडी-कॉंग्रेस हमारे साथ गठबंधन कर ले,इस पर प्रदेश अध्यक्ष मंगनीलाल मंडल ने कहा की तेजप्रताप यहाँ कैसे आयेगे। तेजप्रताप की क्या पार्टी है ?हम नही जानते। पार्टी बना है लोकतंत्र है सबको पार्टी बनाने का अधिकार है चुनाव लड़ने का अधिकार है। महागठबंधन अपने रास्ते से चल रहा है !सबसे बड़ी बात है की अभी जो मतदाता है आम जनता है उसमें सरकार की साख गिर गई है। जनता सरकार के खिलाफ हो गई है। इसलिये इसको जाना तय है। वोट के लिये मतदाता सूची में 65 लाख मतदाता डिलीट किया गया। अगर महागठबंधन आवाज बुलंद नही करता तो हो सकता था की दो तीन- करोड़ डिलीट कर देता !चुनाव आयोग को हथियार बना लिया है भारतीय जनता पार्टी ने ।जनता का ओपिनियन है एनडीए के खिलाफ क्योंकि भ्रष्टाचार है,घुसखोरी है, मंहगाई है,बेरोजगारी है ।इसपर सरकार का कोई रियेक्शन नही है। बिहार में कानून व्यवस्था एकदम ध्वस्त हो गई है। जनता में डर है कि कब किसकी हत्या हो जाय। बलात्कार हो जाय ! ये संसय की स्थिति बनी हुई रहती है। बिहार में आक्रांत है लोग। ऐसी स्थिति में सरकार को जाना तय है।

# स्वतंत्रता दिवस तैयारी से संबंधित समीक्षा बैठक, किया गया बिंदुवार चर्चा

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। स्वतंत्रता दिवस के तैयारी से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार को समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में जिलाधिकारी निखिल धनराज निपण्णीकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस को समारोह पूर्वक मनाने हेतु बिंदुवार चर्चा हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस को समारोह पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी ने 15 अगस्त को सुबह सरकारी विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकालने का निर्देश दिया। इसके अलावे शहर के सभी चैक चैराहों पर स्थापित महापुरूषों की प्रतिमाओं तथा उनके स्थलों का यदि जर्जर है तो उसे ठीक कर रंग रोगन करने तथा उसकी सजावट कराने के लिए सभी स्थानीय बैंकर्स को निदेशित किया गया। उन्होंने इसके लिए उन्होंने एलडीएम को सभी बैंकर्स के साथ बैठक कर इसकी कार्रवाई सुनिश्चित कराने की बात कही। इसके अलावे पोलो मैदान की सफाई व्यवस्था के साथ-साथ मुख्य कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल टीम, पेयजल आदि की भी समुचित व्यवस्था का निर्देश दिया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से एंबुलेंस उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। पोलो मैदान में प्रभारी मंत्री सहित सभी वरीय पदाधिकारियों के वाहनों के पार्किंग आदि की भी व्यवसथा भी सुव्यवस्थित तरीके से करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य कार्यक्रम स्थल स्थित मंच पर भी बैठने हेतु सुव्यवस्थित तरीके से समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन रेडक्रास सोसायटी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से रक्तदान की अपील की। इसके अलावे पुलिस अधीक्षक को पुलिस जवानों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए रक्तदान कराने का निर्देश दिया। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर 7 अगस्त से सभी कैडेटों द्वारा पूर्वाभ्यास प्रारंभ किया जाएगा जो 13 अगस्त को अंतिम पूर्वाभ्यास करेंगे। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बिहार सैन्य पुलिस - 9 के एक प्लाटून, जिला आरक्षी बल के तीन प्लाटून, गृह रक्षा वाहिनी के एक प्लाटून, जिला आरक्षी महिला बल एक प्लाटून, एनसीसी, सीनियर छात्र 9 बिहार बटालियन एनसीसी के दो प्लाटून, बीआरएम कॉलेज की महिला बटालियन की एक प्लाटून परेड में भाग लेंगे। इसके अलावे नोट्रेडैम के बच्चों द्वारा बैंड की प्रस्तुति दी जाएगी, जबकि बैद्यनाथ बालिका उच्च विद्यालय की बच्चियों द्वारा राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी जाएगी। महादलित टोलों में भी झंडोत्तोलन का निर्णय लिया गया। इसके लिए जिला कल्याण पदाधिकारी को स्थल चिन्हित करने हेतु निदेशित किया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को सभी तैयारियां को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया ।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने किया बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर) । स्वतंत्रता दिवस के सफल कार्यक्रम कराने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश रंजन कुमार ने अनुमंडल सभागार में सभी विभाग के पदाधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों सहित प्रेस मीडिया के साथ बैठक आयोजित की गई । गौरतलब है कि मौके पर प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों को स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सुबह की झांकी निकाले जाने को लेकर उसका दायित्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया । सभी सरकारी संस्थान सहित मुख्य समरोह स्थल सहित शहर में साफ सफाई की जिम्मेदारी नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को सौपा गया । इतना ही नहीं शहीद स्मारक एवं थाना के आस पास अतिक्रमणक पूरी तरह से हटाने का निर्देश थाना अध्यक्ष के साथ-साथ नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी तारापुर को दिया गया। झंडोतोलन के दिन शहीद स्मारक एवं गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि कराने जैसी व्यवस्था की ज़िम्मेदारी नगर पंचायत को दिया गया । मुख्य समारोह स्थल पर एम्बुलेंस फायर ब्रिगेड की गड़ियां तैनात किए जाने का भी निर्णय लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया ।

# साहित्य परिषद का प्रदेश अधिवेशन सह स्थापना दिवस 17 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा

प्रात: किरण संवाददाता



सहरसा अखिल भारतीय साहित्य परिषद सहरसा के द्वारा प्रदेश अधिवेशन तथा स्थापना दिवस समारोह मनाया जाएगा ।जानकारी देते हुए अध्यक्ष अवधेश कुमार झा अवध ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों से 60 से अधिक साहित्यकार इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। साथ ही स्थानीय 50 से अधिक साहित्यकार भी इस अधिवेशन और स्थापना दिवस समारोह में शिरकत करेंगे। द्वितीय सत्र में आयोजित अधिवेशन में भारतीय पर्व कथा में साहित्य का योगदान विषय पर व्याख्यान होगी। प्रथम सत्र में साहित्य परिषद इकाई का स्थापना दिवस समारोह मनाया जाएगा जिसमें कई साहित्यकारों को कविवर पंडित चंदा झा साहित्य सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी का गठन और अंतिम सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। महासचिव आनंद झा के संयोजन एवं अन्य सभी सदस्य के सहयोग कार्यक्रम की तैयारी अंतिम रूप में है। जिले के सभी साहित्य प्रेमी इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं। कार्यक्रम 17 अगस्त को पूरब बाजार अवस्थित राम जानकी ठाकुरवाड़ी चौधरी सभागार में आयोजित है ।ज्ञात हो कि राष्ट्रवादी सोच पर आधारित साहित्य परिषद की शाखा देश के सभी राज्यों में व्याप्त है। जहां साहित्यकार अपनी रचना देशभक्ति मातृभूमि एवं अतीत गौरव पर आधारित अपनी साहित्यिक परिदृश्य की रचना सें राष्ट्र जागरण में संलग्न है। वही आंचलिक एवं क्षेत्रीय मातृभाषा लिपि साहित्य गद्य व पद्य सृजन में साहित्यकार अनवरत संलग्न है।

# ई20 पेट्रोल से माइलेज घटा ? - ईंधन में बदलाव और उपभोक्ताओं की चिंता

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



भारत सरकार ऊर्जा आयात पर निर्भरता घटाने और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार रुख अपनाने के तहत पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने की नीति को तेजी से लागू कर रही है। देशभर में अब ई10 (10% एथेनॉल मिश्रित) से बढ़कर ई20 (20% एथेनॉल मिश्रित) पेट्रोल की ओर कदम बढ़ाया जा चुका है और अगले लक्ष्य ई27 तक जाने की तैयारी है। लेकिन जैसे-जैसे सरकार एथेनॉल की मात्रा बढ़ा रही है, वैसे-वैसे गाड़ियों के मालिकों के बीच भ्रम, चिंता और विरोध की स्थिति बनती जा रही है। एक हालिया सर्वे के अनुसार, दो-तिहाई वाहन मालिक ई20 को अनिवार्य बनाए जाने का विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि इससे माइलेज घटा है, इंजन को नुकसान हो सकता है और मरम्मत का खर्च भी बढ़ा है। तो क्या वाकई एथेनॉल मिला पेट्रोल वाहन मालिकों के लिए सिरदर्द बन गया है? या फिर यह परिवर्तन भविष्य के लिए जरूरी एक कदम है जिसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए? भारत सरकार के एथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम के तहत पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने की नीति लागू की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य है पेट्रोलियम आयात पर निर्भरता घटाना, गन्ना किसानों को नया बाजार देना, कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना। ई10 यानि पेट्रोल में 10% एथेनॉल, ई20 यानि 20% एथेनॉल, ई27 यानि 27% एथेनॉल। 2025 तक सरकार का लक्ष्य है कि देशभर में पूरी तरह से ई20 पेट्रोल लागू हो जाए। कई ऑटो कंपनियां भी ई20- कम्प्लाइंट गाड़ियां लॉन्च कर चुकी हैं। लोकल सर्किल्स नामक एजेंसी द्वारा किए गए एक सर्वे में चौंकाने वाले नतीजे सामने आए। प्रमुख निष्कर्ष है कि 66% वाहन मालिकों ने कहा है कि ई20 को अनिवार्य नहीं बनाया जाना चाहिए। 44% वाहन मालिक चाहते हैं कि सरकार ई20 को वापस ले। 22% लोगों की राय है कि उपभोक्ताओं को ई0, ई10, और ई20 चुनने का विकल्प मिलना चाहिए। माइलेज में 1 से 5% तक की कमी की बात कई लोगों ने कही है। कई लोगों को वॉरंटी समाप्त होने का डर भी है क्योंकि उनके वाहन सिर्फ ई10 के लिए डिजाइन किया गया है। इंजीनियरिंग और ऑटोमोबाइल विशेषज्ञों का मानना है कि एथेनॉल मिले पेट्रोल का इंजन पर असर इस बात पर निर्भर करता है कि वह वाहन ई20 के लिए डिजाइन किया गया है या नहीं। 2023 से पहले की गाड़ियों में ई20 को लेकर बदलाव नहीं हुए हैं। ई20 का लगातार उपयोग रबर, प्लास्टिक और एलुमिनियम पार्ट्स को नुकसान पहुंचा सकता है। इंजन में जंग लगने की आशंका। गाड़ी की परफॉर्मेंस और माइलेज में गिरावट। मेंटेनेंस खर्च में इजाफा होगा। 2023 के बाद के अधिकांश नए मॉडल्स ई20 कम्प्लायंट हैं। इनमें इंजन, फ्यूल सिस्टम और गैसकेट में आवश्यक सुधार किए गए हैं। कुछ कंपनियों ने ई85 तक कम्पलायंट वाहन भी तैयार कर लिए हैं (अमेरिका में प्रचलित)। सरकार का कहना है कि एथेनॉल की एनर्जी डेंसिटी पेट्रोल से कम होती है, इसलिए माइलेज में 1-2% की मामूली कमी आ सकती है। पुराने इंजन में यह कमी 3-6% तक हो सकती है। ई20 कम्प्लायंट इंजन में माइलेज लगभग समान रहता है। लेकिन कई लोग 5-10% तक माइलेज घटने की बात कर रहे हैं। कुछ मामलों में माइलेज में 15% तक गिरावट बताई गई है। इसका सीधा असर जेब पर पड़ता है। एथेनॉल की रासायनिक प्रकृति ऐसी है कि यह हाइड्रोस्कोपिक होता है यानि हवा से नमी खींचता है। इससे फ्यूल लाइन में पानी आ सकता है और जंग लग सकता है। ई20 पेट्रोल से कार्बोरेटर, फ्यूल पंप, गैसकेट और अन्य हिस्से जल्दी खराब हो सकते हैं। पुराने वाहनों में 30,000 किमी के बाद रिप्लेसमेंट की जरूरत हो सकती है। इन सब कारणों से वाहन मालिकों को लगता है कि मेंटेनेंस कॉस्ट बढ़ रही है। इंजन की लाइफ घट रही है। वॉरंटी पर क्लेरिटी नहीं है। वाहन निर्माता कंपनियों के अधिकांश यूजर मैनुअल में लिखा होता है कि वाहन केवल ई10 पेट्रोल के लिए डिजाइन किया गया है। अब अगर उसमें ई20 भरवा रहे हैं तो कई सवाल खड़े होते हैं, क्या वॉरंटी वैलिड रहेगी? क्या इंजन फेल होने पर कंपनी जिम्मेदार होगी? क्या ग्राहकों को इसकी जानकारी दी गई? सरकार और कंपनियों को इस पर स्पष्ट नीति बनानी होगी जिससे ग्राहकों की चिंता दूर हो सके। सरकार का एक बड़ा तर्क यह है कि एथेनॉल मिला पेट्रोल देश की अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद है और इसे सस्ता मिलना चाहिए। लेकिन वास्तविकता यह है कि फिलहाल ई10, ई20 और रेगुलर पेट्रोल की कीमतें लगभग समान है। ग्राहकों को कोई प्रत्यक्ष छूट या बेनिफिट नहीं मिल रहा है। माइलेज घटने के बाद प्रतिलीटर खर्च बढ़ रहा है। ऐसे में वाहन मालिक पूछ रहे हैं कि अगर माइलेज घट रहा है, इंजन को खतरा है और कीमत में कोई अंतर नहीं है तो फायदा क्या है?

# भारत के हथकरघा: विरासत बुन रहे हैं, भविष्य को सशक्त बना रहे हैं

वस्त्र राज्य मंत्री श्री पबित्रा मार्गेरिटा

हर साल 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस एक ऐसे क्षण का प्रतीक है जो भारत के अतीत को उसके भविष्य से धागे-दर-धागा, कहानी-दर-कहानी जोड़ता है। यह दिन 1905 के स्वदेशी आंदोलन का स्मरण कराता है, जब हाथ से बुना कपड़ा न केवल एक वस्त्र के रूप में, बल्कि प्रतिरोध, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक पहचान के एक सशक्त प्रतीक के रूप में उभरा। एक नई शुरूआत के रूप में प्रारंभ हुआ यह प्रतीक विरासत, कला और सामुदायिक अभिव्यक्ति के ताने-बाने में बदल गया। हथकरघा क्षेत्र आज ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में 35 लाख से अधिक बुनकरों और संबद्ध श्रमिकों को रोजगार देता है, जिनमें से 72% महिलाएँ हैं। अपनी समृद्धि के कारण, यह क्षेत्र अब एक ऐसे दौर में खड़ा है, जहाँ इसे बिना किसी कमी के नवाचार, बिना किसी अभाव के तकनीक और बिना किसी हाशिए के आधुनिकीकरण की आवश्यकता है। एक स्थायी विरासत भारत में हथकरघा बुनाई की समृद्ध विरासत हड़प्पा और मोहनजोदड़ो की प्राचीन सभ्यताओं से जुड़ी है। सहस्त्राब्दियों से, यह शिल्प फलता-फूलता रहा है और प्रत्येक क्षेत्र ने बुनाई, विशिष्ट तकनीकों, रूपांकनों और अर्थों का अपना तौर-तरीका विकसित किया है। असम के मुगा रेशम की सुनहरी चमक से लेकर प्रसिद्ध बनारसी रेशमी साड़ियों तक; कश्मीर की पश्मीना से लेकर तमिलनाडु की चमकदार कांजीवरम साड़ियों तक, भारत की हथकरघा परंपराएँ उतनी ही विविध हैं, जितने इसके लोग। एक बुनकर के घर में, जहाँ करघा अक्सर रसोई या एक तरफ के ह्लआँगनह्व के साथ जगह साझा करता है, प्रत्येक साड़ी या शॉल एक अनोखी कथा को संप्रेषित करने के लिए तैयार की जाती है। न्यूनतम तकनीक, लेकिन अधिकतम रचनात्मकता के साथ, बुनकर धागों को विरासत में बदल देते हैं। बिना सिले हुए कपड़े, जो भारतीय परिधानों के प्रतीक हैं, क्षेत्रीय अभिव्यक्ति, अनुष्ठानों और कहानी कहने के कैनवास बन गए हैं। हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के शब्दों में, हथकरघा भारत की विविधता और अनगिनत बुनकरों व कारीगरों की कुशलता को दर्शाता है। पूर्वोत्तर: अवसरों का एक करघा देश के कुल हथकरघा श्रमिकों में से लगभग 52% पूर्वोत्तर क्षेत्र में निवास करते हैं और 2019-20 की हथकरघा जनगणना के अनुसार, असम 12.83 लाख से अधिक बुनकरों और 12.46 लाख करघों के साथ देश में अग्रणी है। असम का मैनचेस्टर कहा जाने वाला सुआलकुची, पारंपरिक बुनाई उत्कृष्टता का प्रमाण है, जबकि धेमाजी जिले में मचखोवा जैसे विकासशील केंद्र इस क्षेत्र को और बढ़ावा देते हैं। इसके सांस्कृतिक महत्व को समझते हुए, पूर्वोत्तर के लिए सरकार का समर्पित मिशन आदिवासी बुनाई को बढ़ावा देने, हथकरघा पर्यटन को प्रोत्साहित करने, निर्यात को सुविधाजनक बनाने और युवाओं को प्रशिक्षित करने पर केंद्रित है। इस क्षेत्र को एक वैश्विक डिजाइन केंद्र के रूप में स्थापित किया जा रहा है, जहाँ प्राकृतिक रेशे, प्राचीन ज्ञान और आधुनिक उद्यमिता का संगम होता है।

# सवाल जांच एजेंसियों की विश्वसनीयता का?

**इसी तरह आतंकवाद से संबंधित मामलों में ठोस सबूत जुटाना मुश्किल होता है, क्योंकि कई बार गवाह डर के कारण सामने नहीं आते या सबूत अपर्याप्त होते हैं। तो भी आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। कई बार हमारे देश में लंबी व जटिल कानूनी प्रक्रिया के चलते अळर द्वारा गिरफ़्तार किए गए संदिग्धों को निचली अदालतों में सजा मिलती है, लेकिन उच्च न्यायालयों या सर्वोच्च न्यायालय में अपील के बाद वे बरी हो जाते हैं। कुछ मामलों में तो 9 से 23 साल बाद पर्याप्त सबूत के अभाव में लोग बरी हुए थे। इसी तरह वअढअ के तहत सजा की दर भी अपेक्षाकृत कम रही है। इसी आधार पर कभी 2008 में हुये जयपुर सीरियल बम धमाके में बॉम्बे हाईकोर्ट ने निचली अदालत द्वारा सजा पाए कुछ आरोपियों को 2023 में बरी कर दिया। तो कभी 2002 में हुये अक्षरधाम मंदिर हमले के मामले में 6 आरोपियों को गिरफ़्तार किया गया लेकिन बाद में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया।**






**निर्मल रानी**

**(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

पिछले कुछ दिनों के भीतर विभिन्न न्यायालयों द्वारा कई बहुचर्चित व हाई प्रोफाईल मामलों से संबंधित कई ऐसे फैसले सुनाये गये जिससे एक बार फिर जांच एजेंसियों की कारगुजारियों पर सवाल उठने लगे हैं। सवाल भी दो तरह के। एक तो यह कि यदि सम्बद्ध मामले में अदालत के अनुसार आरोपी बेगुनाह थे तो आखिर अपराध करने वाले कौन थे? उन्हें सामने लाने की जिम्मेदारी आखिर किस एजेंसी की है? और दूसरा बड़ा सवाल यह कि लंबे समय तक जेल में रहने, कथित रूप से प्रताड़ना सहने, पूरे समाज में अपनी व अपने परिवार की बदनामी उठाने, इतने वर्षों तक अपने काम काज से मुक्त होकर जांच व जेल का सामने करने गोया आरोपियों का पूरा जीवन बर्बाद होने की भरपाई कैसे हो और कौन करेगा इसकी भरपाई? गत 21 जुलाई को बॉम्बे हाई कोर्ट की जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांडक की विशेष पीठ ने 2006 के मुंबई ट्रेन ब्लास्ट मामले से संबंधित मामले में 19 साल बाद, ऐतिहासिक फैसला सुनाया। इस फैसले में 12 में से 11 आरोपियों को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया। जबकि कमाल अहमद अंसारी नाम के एक आरोपी की 2021 में कोरोना के चलते जेल में ही मृत्यु हो चुकी थी। गौर तलब है कि 11 जुलाई 2006 को मुंबई की लोकल ट्रेनों में केवल 11 मिनट के भीतर सात स्थानों पर सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे। इन धमाकों में 189 बेगुनाह लोग मारे गए थे तथा 800 से अधिक घायल हुए थे। यह बम धमाका मुंबई की उन लोकल ट्रेन्स को लक्षित करके किया गया था, जिसमें रोजाना लाखों यात्री सफर करते हैं। इसी तरह का दूसरा फैसला गत 31 जुलाई 2025 को मुंबई की विशेष राष्ट्रीय जांच एजेंसी एन आई ए की अदालत ने सुनाया। यह मामला 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में हुए बम धमाके से संबंधित था। मालेगांव बम विस्फोट मामले में 17 साल बाद सुनाये गये इस फैसले में भी अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। मुस्लिम बहुल इलाके में हुये इस मोटरसाइकिल बम विस्फोट में फरहीन उर्फ शगुफ्ता शेख लियाकत, शेख मुश्ताक यूसुफ, शेख रफीक मुस्तफा, इरफान जियाउल्लाह खान, सैयद अजहर सैयद निसार, और हारून शाह मोहम्मद शाह जैसे 6 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 100 से अधिक लोग घायल हुए थे। 29 सितंबर 2008 को रमजान के पवित्र महीने और नवरात्रि से ठीक पहले, मालेगांव के भीकू चौक पर एक मोटरसाइकिल में बम विस्फोट कर इस घटना को अंजाम दिया गया था। । इस घटना के बाद देश में व्यापक विवाद व सांप्रदायिक तनाव पैदा हो गया था। यही वह घटना थी जिसमें प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ़्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित, रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी, और समीर कुलकर्णी जैसे लोगों पर गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (वअढअ), भारतीय दंड संहिता और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे। अभियोजन पक्ष ने यह दावा किया था कि जिस मोटरसाइकिल में विस्फोटक लगाकर उड़ाया गया था वह प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर थी जबकि कर्नल पुरोहित ने विस्फोटक सामग्री यानी आर डी एक्स उपलब्ध कराई थी। उस समय ए टी एस ने यह दावा भी किया था कि यह हमला दक्षिणपंथी संगठन अभिनव भारत की साजिश के तहत किया गया था। इसी तरह एक और बहुचर्चित मामला दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन से जुड़ा है। गत 4 अगस्त 2025 को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सत्येंद्र जैन के खिलाफ एक मामले में सी बी आई की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर ली। इस मामले में सत्येंद्र जैन पर लोक निर्माण विभाग में अनियमित नियुक्तियों का आरोप था। परन्तु अदालत ने पिछले दिनों इसी मामले में अपना फैसला सुनाते हुये कहा कि सी बी आई को लंबी जांच के बाद भी जैन के खिलाफ कोई आपराधिक सबूत नहीं मिले। अब आरोप लग रहा है कि ई डी ने जैन के विरुद्ध बिना ठोस सबूतों के कार्रवाई की। क्योंकि एऊने जैन के घर से नकद या सोना बरामद होने का जो दावा किया था अदालत ने उन दावों को ही झूठा माना और ई डी को फटकार भी लगाई। इन आरोपों में अपनी संलिप्तता से पूर्व दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य, बिजली, गृह, और पी डब्लू डी जैसे महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री जैसे गरिमामयी पद पर थे। उदाहरणार्थ उपरोक्त तीनों मामलों का जिक्र यहाँ इसीलिये किया जा रहा है क्योंकि यह मामले न केवल है प्रोफाइल थे बल्कि इन मामलों का गहरा सम्बन्ध देश की राजनीति से भी था। मीडिया में इन सभी मामलों ने भरपूर सुर्खियां बटोरी थीं और पक्षपाती मीडिया ने भी इन मामलों में अपने तरीके से ह्यमिडिया ट्रायल ह्य भी चलाया था। अन्यथा निश्चित रूप से ऐसे और भी फैसले आये दिन होते होंगे जिनमें वर्षों तक जेल भुगतने के बाद या जेल में मौत हो जाने के बाद आरोपियों को सुबूतों, साक्ष्यों व गवाहों के अभाव के चलते बरी कर दिया जाता हो। इन परिस्थितियों में कुछ महत्वपूर्ण सवाल उठने लाजिमी हैं। अदालतें यदि किसी भी आरोपी को साक्ष्यों व गवाहों के अभाव के कारण बरी करती हैं तो वह निश्चित रूप से स्वागत योग्य है। क्योंकि हमारे देश की न्याय व्यवस्था का यह कथन है कि भले ही सौ गुनहगार रिहा हो जाएँ परन्तु किसी एक भी बेगुनाह को सजा नहीं होनी चाहिये। जाहिर है इस कथन के तहत जांच एजेंसियों की रिपोर्ट्स का अति सूक्ष्म अध्यन व गवाहों से भरसक जिरह करना अदालत का दायित्व है। परन्तु हम जांच एजेंसियों की दोषसिद्धि दर की भी अनदेखी नहीं कर सकते। मिसाल के तौर पर जब विपक्षी नेताओं के विरुद्ध सीबीआई और ईडी की कार्रवाई करती है तो सजा की दर केवल 1% होती है। जैसा कि राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में बताया गया था। हो सकता है कि यह आंकड़ा विशेष रूप से राजनीतिक मामलों तक ही सीमित हो परन्तु इसका दूसरा अर्थ यह भी है कि क्या जांच एजेंसियों की कार्रवाइयां भी पूर्वाग्रह से प्रेरित तथा सत्ता के इशारे पर की जाती हैं?

# पहाड़ों का सर्वनाश: उत्तराखंड की आखिरी चेतावनी

**वरना वह दिन दूर नहीं जब उत्तराखंड का हर गांव एक थराली बन जाएगा-और फिर हम सिर्फ शोक सभा कर पाएंगे, समाधान नहीं। आज समय है संकल्प लेने का। समय है यह स्वीकार करने का कि हमने गलती की है-और समय है उसे सुधारने का। अगर अभी नहीं चेते, तो हम इतिहास में दर्ज हो जाएंगे-उन लोगों के रूप में, जिन्होंने देवभूमि को विनाशभूमि बना दिया। अगर अब भी हम नहीं रुके, तो अगली बार यह हादसा किसी और गांव में नहीं, आपके दरवाजे पर दस्तक देगा। दिल्ली, देहरादून, हल्द्वानी, मसूरी-कोई सुरक्षित नहीं बचेगा। उत्तराखंड सिर्फ एक राज्य नहीं, वह एक चेतना है। उसे बचाना केवल स्थानीय लोगों की जिम्मेदारी नहीं, यह पूरे देश की जिम्मेदारी है। सरकारों को अब सिर्फ घोषणाएं नहीं, कठोर और साहसी निर्णय लेने होंगे।**





**डॉ सत्यवान सौरभ**

**लेखक**

उत्तरकाशी के थराली में बादल फटा। चार लोग मारे गए, पचास से अधिक लापता हैं। पूरा का पूरा गांव मिट्टी में मिल गया। पहाड़ एक बार फिर चीख पड़ा है-मगर इस बार उसकी चीख में सिर्फ पीड़ा नहीं, बल्कि आक्रोश है। वर्षों से सहते-सहते अब पहाड़ों ने जवाब देना शुरू कर दिया है। और यह सिर्फ एक प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि हमारी बनाई हुई त्रासदी है। हमने पहाड़ों को छेड़ा, उन्हें काटा, उन्हें चीर दिया-और अब वे टूटने लगे हैं, बिखरने लगे हैं। उत्तराखंड, जिसे देवभूमि कहा जाता था, अब आपदाओं की भूमि बन गया है। बारिश, भूस्खलन, बादल फटना, नदी का रुख बदल जाना-अब ये आम हो गया है। हर मानसून एक गांव बहा ले जाता है, हर बरसात किसी के घर उजाड़ जाती है, और हर बारिश एक नई लाश गिनती है। लेकिन इसके बावजूद सरकारें चुप हैं, योजनाएं गूंगी हैं और जनता बेबस। जिसे हम विकास कहते हैं, दरअसल वह विनाश का दूसरा नाम बन चुका है। पहाड़ों पर सड़कें बनाने के लिए डायनामाइट से विस्फोट किए जाते हैं। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई होती है। पूरी की पूरी पर्वत श्रृंखलाएं काटी जाती हैं, ताकि टनल बने, चौड़ी सड़कें बनें, जल परियोजनाएं बनें। लेकिन ये सब किस कीमत पर? प्रकृति की शांति और संतुलन को तोड़कर हम क्या हासिल कर रहे हैं? जो सड़कें सुरक्षा लानी चाहिए थीं, वे अब मौत की राह बन गई हैं। जो टनल सुगमता का वादा करती थीं, वे अब आपदा का द्वार बन चुकी हैं। पर्यटन के नाम पर उत्तराखंड का जिस तरह से दोहन किया जा रहा है, वह अभूतपूर्व है। सैकड़ों गाड़ियाँ, हजारों पर्यटक, प्लास्टिक का पहाड़, ट्रैफिक की कतारें-यह सब मिलकर उत्तराखंड के पर्यावरण पर ऐसा बोझ डाल रहे हैं, जिसे अब पहाड़ सह नहीं पा रहे। कभी यहां गर्मियों में पंखा नहीं चलता था, अब अक्टूबर में भी लोग एसी चला रहे हैं। यह सिर्फ जलवायु परिवर्तन नहीं, यह चेतावनी है कि हमने अपनी सीमाएं पार कर दी हैं। बाहरी लोग भारी संख्या में आकर जमीनें खरीद रहे हैं, घर बना रहे हैं, कॉलोनियां उगा रहे हैं। स्थानीय लोगों की जमीनें औने-पौने दामों में छीनी जा रही हैं। संस्कृति खतरे में है, भाषा गुम हो रही है, और पहचान मिट रही है। उत्तराखंड अब उत्तर-हाउसिंग प्रोजेक्ट बन चुका है। जो भूमि कभी साधु-संतों की थी, अब रियल एस्टेट माफिया की गिरफ्त में है। और सरकारें बस तमाशबीन बनी बैठी हैं। दिल्ली से उत्तराखंड तक एक्सप्रेसवे बनने वाला है। इस पर कोई गर्व महसूस कर सकता है, लेकिन जो लोग उत्तराखंड की आत्मा को जानते हैं, उन्हें पता है कि यह सड़क उस दरवाजे की आखिरी कड़ी होगी जो शांति की ओर जाता था। यह मार्ग विकास के नाम पर उत्तराखंड की आत्महत्या की कहानी बन जाएगा। अभी तो वीकेंड में ही दिल्ली से हजारों लोग आते हैं, सोचिए जब यह सड़क पूरी होगी और हर दिन लाखों की भीड़ पहाड़ों पर चढ़ेगी-तब क्या बचेगा यहां? विनाश का यह सिलसिला नियमों की कमी से नहीं, नियत की कमी से है। पर्यावरणीय रिपोर्टें बस एक औपचारिकता बन चुकी हैं। परियोजनाओं को मंजूरी देने वाले अधिकारी जानते हैं कि उनका हर हस्ताक्षर एक पेड़ को मार रहा है, एक चट्टान को कमजोर कर रहा है, एक गांव को डुबो रहा है। लेकिन धन, पद और प्रभाव के आगे ये सारी चेतावनियां बेअसर हो जाती हैं। इसीलिए तो आज स्थिति यह है कि हिमालय जैसा अचल पर्वत भी थरथराने लगा है। यह केवल प्राकृतिक संकट नहीं, यह हमारी नैतिक विफलता भी है। हमने न सिर्फ पेड़ काटे, बल्कि भरोसे भी काट डाले। नदियों की धारा मोड़ी, तो साथ में भविष्य भी मोड़ दिया। हम भूल गए कि हिमालय सिर्फ बर्फ से नहीं बना, वह आस्था से बना है, संतुलन से बना है। और इस संतुलन को तोड़ने की हमारी कोशिश अब हर बरसात में लाशों की गिनती बढ़ाकर जवाब दे रही है। समाधान कठिन है, पर असंभव नहीं। हमें तत्काल प्रभाव से नई निर्माण परियोजनाओं पर रोक लगानी होगी। पहाड़ों की सहनशीलता को विज्ञान से नहीं, विवेक से समझना होगा। पर्यटन को सीमित करना होगा-उसके लिए ह्यउं११८ल्लॅ उंस्र्र३८ह्ल जैसी अवधारणाओं को गंभीरता से लागू करना होगा। पर्यटकों की संख्या तय हो, वाहनों की सीमा तय हो, और सबसे जरूरी-स्थानीय लोगों की भागीदारी के बिना कोई भी निर्णय न लिया जाए। जमीन की खरीद-फरोख्त पर रोक लगानी होगी। यह जरूरी है कि कोई बाहरी व्यक्ति पहाड़ में जमीन खरीदने से पहले उस भूमि की संस्कृति और पारिस्थितिकी को समझे। नहीं तो वह सिर्फ एक नया खतरा लेकर आएगा। शिक्षा के स्तर पर हमें जलवायु संकट और पर्यावरणीय जागरूकता को स्कूलों से जोड़ना होगा। बच्चों को यह सिखाना होगा कि पेड़ सिर्फ ऑक्सीजन नहीं देते, वे पहाड़ों को थामे रहते हैं। नदी सिर्फ पानी नहीं देती, वह जीवन देती है। चट्टानें सिर्फ पत्थर नहीं होतीं, वे इतिहास, भूगोल और संस्कृति की नींव होती हैं। इस समय जब थराली का गांव कीचड़ में दबा पड़ा है, और सैकड़ों परिजन अपनों को ढूंढ रहे हैं-हमें यह समझना चाहिए कि यह शुरूआत नहीं है, यह आखिरी चेतावनी है। अगर अब भी हम नहीं रुके, तो अगली बार यह हादसा किसी और गांव में नहीं, आपके दरवाजे पर दस्तक देगा। दिल्ली, देहरादून, हल्द्वानी, मसूरी-कोई सुरक्षित नहीं बचेगा। उत्तराखंड सिर्फ एक राज्य नहीं, वह एक चेतना है। उसे बचाना केवल स्थानीय लोगों की जिम्मेदारी नहीं, यह पूरे देश की जिम्मेदारी है। सरकारों को अब सिर्फ घोषणाएं नहीं, कठोर और साहसी निर्णय लेने होंगे।

# बिहार में चल रहा सियासी चतुर्मास



**ब्रह्मेन्द्र झा**

मान्य परंपरा के अनुसार भारतीय पंचांग में इन दिनों चतुर्मास शुरू है, अर्थात श्रावण, भाद्र, आश्विन व कार्तिक मास। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जगत के पालनहार इस अवधि में शयन में चले जाते हैं। इस दौरान सभी प्रकार के मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं। खैर, इन बातों को फिलहाल रहने दीजिए। हमारे बिहार में तो अभी एक अलग किस्म का चतुर्मास चल रहा है, जिसे हम सियासी चतुर्मास कह सकते हैं। सावन शुरू होते ही वर्षा से वसुधा जलमग्न होती है तो दूसरी ओर सियासी जमीन को भी सरस किया जा रहा है। शिव के प्रिय इस मास में समाजसेवी के रूप में हर सियासी पहलवान भी शिव की ही तरह अपने अनुयायी ही हर किसी के लिए सहज और सुलभ होते जा रहे हैं। सावन में रक्षाबंधन भी होगा तो सियासी महारथी भी सभी को भाई और बहन मानने में थोड़ा भी नहीं हिचकेंगे। लीलापुरुष भगवान श्रीकृष्ण के जन्ममास भादो में हर सियासी योद्धा कर्मयोगी बनकर जनता रूपी जनार्दन को गले लगाने, मनाने रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसी दौरान निर्माण के देवता विश्वकर्मा का स्मरण करते हुए सियासी समीकरणों का निर्माण होगा। दलों की दीवारों को तोड़ा और जोड़ा जाएगा। कई मिथक टूटेंगे, कई मुद्दों को गढ़ा जाएगा, कई सियासी सड़कों का निर्माण होगा। समय अपने हिसाब से मौसम के मिजाज के मुताबिक बीतता जाएगा तो राजनीति भी मतदाताओं के मूड के मुताबिक अपनी रफ़्तार में बढ़ती जाएगी। आश्विन में पितृपक्ष होगा तो हम अपने पूर्वजों का स्मरण करेंगे। सियासी साधक भी राजनीतिक पितरों का स्मरण करेंगे। स्थानीय स्तर पर भी पूर्व के राजनीतिक पूर्वज याद किए जाएंगे। फिर, नवरात्रि आते हीं हमारे नायक भी विभिन्न रूपों में जनकल्याण के लिए संग्राम की मुद्रा में मुद्दा और माद्दा रूपी हथियार के साथ मैदान में आ जाएंगे। फिर, कार्तिक में तो कहीं दीपावली के दीप जलेंगे तो कहीं अमावस ही हावी रहेगा। बिहार में महापर्व छठ में भगवान की सूर्य की उपासना का समय होगा। सियासी आसमान में भी 243 सूर्य उगने को बेताब रहेंगे। फिर, राजनीति के घाट पर भी तरह तरह के पकवान परोसे जाएंगे । गोवर्धन पूजा भी होगी तो पशुचारा की भी चर्चा होगी। मतलब पर्व, त्योहार एवं तिथि विशेष से भरे इस चतुर्मास में लोकतंत्र के महापर्व में कसमों और वादों रूपी मंत्रोच्चार के साथ विकास बनाम जातिवाद, सुशासन बनाम भ्रष्टाचार, राष्ट्रवाद बनाम तुष्टीकरण, मुद्दा बनाम माद्दा, वगैरह, वगैरह...। सियासी पहलवानों की व्यक्तिगत कुंडली भी खंगाली जाएगी। नेताओं के बयानों का गंभीर अध्ययन का दौर चलेगा। स्लीप आफ टंग भी रंग दिखा सकता है। नित्य नये नये नारे गढ़े जाएंगे, पढ़े जाएंगे। कहीं जनतंत्र के जयकारे लगेंगे, जनतंत्र के खतरे को लेकर घड़ियाली आंसू बहाने वाले चिल्लाते मिलेंगे। माननीय बनने के लिए होने वाली मशक्कत के बीच मतदाताओं को भी मनोरंजन का अवसर मयस्सर होगा।इस प्रकार बिहार में सियासी चतुर्मास के कारण जनता रूपी जनार्दन को जगाया जाएगा। पंचांग के चतुर्मास के बीत जाने के बाद आखिरकार सियासी चतुर्मास भी नवंबर के अंतिम दिनों में समाप्त हो जाएगा। विनर और रनर दोनों गंगा स्नान कर अगले पांच साल तक के लिए हरिबोल के नामधुन में रम जाएंगे। 243 विजेताओं को पाटलिपुत्र की पावन धरती पर सुविधा संपन्न आशियाना उपलब्ध कराए जाएंगे। फिर तो..... भारत डॉलर विरोधी नहीं है, लेकिन वैश्विक वित्तीय प्रणाली में विविधता लाने, एकल मुद्रा पर निर्भरता कम करने और एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयास के तहत, वह डॉलर पर निर्भरता कम करने का समर्थन करता है। यह रुपए के मूल्य को स्थिर करने और अपने अंतरराष्ट्रीय व्यापार को अधिक संतुलित बनाने के भारत के प्रयासों से भी प्रेरित है। भारत ने डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करने और विदेशी मुद्रा के बहिर्वाह को कम करने के लिए रूस, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और मॉरीशस जैसे देशों के साथ भारतीय रुपए में द्विपक्षीय व्यापार शुरू किया है। अब तक 20 से ज्यादा देशों ने घरेलू मुद्राओं में व्यापार निपटान को सुगम बनाने के लिए वोस्ट्रो खाते खोले हैं। भारत ब्रिक्स देशों के भीतर वैकल्पिक भुगतान तंत्र बनाने के प्रयासों का समर्थन करता है, जैसे स्थानीय मुद्राओं का उपयोग या ब्रिक्स मुद्रा पर चर्चा, लेकिन उनकी व्यावहारिकता को लेकर सजग है। भारत वैश्विक व्यापार और वित्त में डॉलर के प्रभुत्व को समझता है और उसने इसके पूर्ण प्रतिस्थापन (या दूसरे शब्दों में, डॉलर-विमुद्रीकरण) का आह्वान नहीं किया है। इसके बजाय, वह कई आरक्षित मुद्राओं (जैसे यूरो, युआन और संभवतः रुपया) के सह-अस्तित्व का पक्षधर है। ब्रिक्स का सदस्य होने के बावजूद, भारत इस समूह को अमेरिका-विरोधी समूह के रूप में नहीं देखता। वह ब्रिक्स समूह को वैश्विक संस्थाओं में सुधार के लिए एक मंच के रूप में देखता है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, गुरुवार, 07 अगस्त, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### युवक की चाकू से मारकर हत्या, परिजनों में कोहराम

छपरा। सारण जिले के जनता बाजार थाना क्षेत्र के सेंदुआर नहर के समीप एक व्यक्ति को चाकू मारकर हत्या कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही जनता बाजार थाना पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। पुलिस निरीक्षण के दौरान मृतक की शिनाख्त जनता बाजार थाना क्षेत्र के बनपुर लतीफ गांव के शेख अशरफ का पुत्र शेख नेहाल उर्फ कल्लू के रूप में की गयी है। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, छपरा भेज दिया गया। इस घटना की सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर दो सहित घटनास्थल पर पहुँचकर घटनास्थल का गहनता से निरीक्षण किया गया। एसएसपी ने घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान मौजूद संबंधित पदाधिकारी को निष्पक्षता एवं तत्परता से जाँच करते हुए दोषियों की पहचान कर कठोर से कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस अधिकारियों ने आदेश मिलते ही घटना से जुड़ी सभी बिन्दुओं पर जाँच शुरू कर दी। एसएसपी ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि युवक की चाकू से गला रेत कर हत्या करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। शीघ्र ही दोषियों की पहचान कर कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के परिजनों को सांत्वना देने के लिए पहुंचे रिश्तेदार एवं ग्रामीण।

### बुनियाद संजीवनी सेवा ने किया आँखों की जांच

लहलादपुरः प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में बुधवार को बुनियाद संजीवनी सेवा संस्थान ने एकदिवसीय शिविर का आयोजन कर लाभार्थियों के आँखों का जांच किया तथा चश्मा का निःशुल्क वितरण किया. संस्थान के नेत्र चिकित्सक निशिकांत प्रकाश ने बताया कि इस शिविर में आज सिर्फ आँखों की जांच की जा रही है और जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मा दिया जा रहा है. साथ ही कम से बहरे लोगों के लिए कान की मशीन तथा विकलांगों के लिए ट्राई साईकिल के लिये आवेदन पत्र लिए जा रहे हैं. एक प्रश्न के उत्तर में चिकित्सक निशिकांत प्रकाश ने बताया कि जिन लाभार्थियों की आँखें ऑपरेशन करने लायक है, उन्हें सदर अस्पताल, छपरा भेजा दिया जा रहा है। शिविर में प्रखंड क्षेत्र से लगभग एक सौ लाभार्थियों ने भाग लिया, जिनकी सूची विकास मित्रों के माध्यम से तैयार की गयी थी।

### जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया श्री कृष्णा झूलन महोत्सव का शुभारंभ

छपरा सदर। शहर के प्रसिद्ध बाबा बटुकेश्वर नाथ पंच मंदिर दौलतगंज गांधी विद्यालय के सामने पांच दिवसीय श्री कृष्णा झूलन महोत्सव का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीत गर्ग के कर कमल से शुभारंभ हुआ। 19 वर्षों से लगातार श्री कृष्णा झूलन उत्सव में शास्त्रीय संगीत, भजन संध्या का कार्यक्रम जाने-माने कलाकारों के द्वारा प्रतिदिन संध्या 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक चलता है। मंदिर के पुजारी ध्रुव कुमार मिश्रा उर्फ मुन्ना बाबा ने बताया कि संगीत गुरु पंडित राम प्रकाश मिश्र एवं उनके शिष्यों के द्वारा तथा विभिन्न कलाकारों की प्रस्तुति की होती है। भगवान भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार एवं कृष्ण दुल्हन की प्रतिदिन नई-नई झलकियां प्रस्तुत की जाती है। इस अवसर पर अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक ने बताया आज से 50 वर्ष पूर्व छपरा शहर में दर्जनों स्थान पर कान्हा के सभी प्रमुख मंदिरों में श्री कृष्णा झूलन उत्सव का कार्यक्रम चलता था। इसे देखने के लिए आसपास के जिलों से लोग आते थे। झूलन उत्सव महापर्व के रूप में मनाया जाता था। धीरे-धीरे यह परंपरा विलुप्त होने लगी तब मंदिर के पुजारी ध्रुव कुमार मिश्र मुन्ना बाबा सामाजिक लोगों के सहयोग से परंपरा कायम रखे है।

### हत्या कांड का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी

लहलादपुर। जनता बाजार थाना क्षेत्र के सेंदुआर गांव के समीप नहर के बांध पर मंगलवार की संध्या एक युवक की गला रेतकर की गयी हत्या का निरीक्षण करने सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे. घटना की जानकारी लेते तथा घटना स्थल का मुआयना करते हुए उन्होंने थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार को निष्पक्षता एवं तत्परता से घटना का अनुसंधान करने को निर्देश दिया. उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों को चिन्हित कर उनपर कठोर कार्रवाई करने को कहा।

# आशा चयन में किसी भी स्तर पर गड़बड़ी होने पर सीधे एफआइआर दर्ज करने की कार्रवाई की जायेगी : डीएम

- गड़बड़ी करने वाले जनप्रतिनिधि हो अथवा सरकारी कर्मी किसी को भी बख्शा नहीं जायेगी, सख्त कार्रवाई निश्चित है
- आशा चयन की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध होनी चाहिए
- आशा चयन प्रक्रिया को लेकर जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न
- चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के दिए गए निर्देश



प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कार्यालय प्रकोष्ठ में आशा कार्यकर्ता के चयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में चयन प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस बैठक में चयनकर्ता, सहयोग हेतु समन्वयक, आम सभा स्थल/चयन स्थल, आम सभा की तिथि और समय, चयन की सूचना, प्रचार प्रसार, आम सभा में सम्मिलित होने वाले व्यक्ति, कोरम, चयन प्रक्रिया, प्रमाण पत्रों का सत्यापन, बैठक की कार्यवाही, चयन पत्र निर्गत करना, आशा चयन हेतु अर्हता आदि बिन्दुओं को लेकर जिला पदाधिकारी द्वारा विस्तृत निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि आशा चयन की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध होनी चाहिए। उन्होंने चयनकर्ताओं, समन्वयकों तथा अन्य संबंधित कर्मियों को उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों की विस्तार से जानकारी दी।

जिला पदाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि चयन प्रक्रिया के हर चरण की वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी कर आवश्यक रिकॉर्ड संधारित किया जाए ताकि भविष्य में किसी प्रकार की शिकायत या विवाद की स्थिति न उत्पन्न हो। उन्होंने यह भी कहा कि आशा स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं और उनका चयन गुणवत्ता के साथ होना अत्यंत आवश्यक है। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि चयन प्रक्रिया को विभागीय गाइडलाइन के अनुरूप और ग्रामीण समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए संपन्न कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि आशा चयन में किसी भी स्तर पर गड़बड़ी होने पर सीधे एफआइआर दर्ज करते हुए अग्रतर कार्रवाई की जायेगी। गड़बड़ी करने वाले जनप्रतिनिधि हो अथवा सरकारी कर्मी किसी को भी बख्शा नहीं जायेगी, सख्त कार्रवाई निश्चित है।

जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि एमओआइसी, बीडीओ, बीपीआरओ सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर लें। बैठक में डेट, टाइम, पैलेस का चयन कर लें। विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर सिविल सर्जन को उपलब्ध कराएं। सिविल सर्जन अपने स्तर से आशा चयन हेतु विस्तृत ऑर्डर निकालेंगे। इसी शिड्यूल के अनुरूप जिले में आशा का चयन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि आशा का चयन आम सभा की बैठक में ग्राम पंचायत द्वारा किया जाना है। आम सभा की अध्यक्षता मुखिया करेंगे। मुखिया की अनुपस्थिति में उप मुखिया अध्यक्षता करेंगे। आम सभा के संयोजक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी होंगे। आमसभा की तिथि एवं समय का 10 दिनों तक लगातार प्रचार प्रसार करना है। आम सभा में चयनित आशा की सूची एमओआइसी द्वारा सिविल सर्जन को पत्र के माध्यम से भेजी जायेगी। चयनित आशा को सिविल सर्जन के अनुमोदनोपरांत संबंधित एमओआइसी द्वारा चयन पत्र निर्गत किया जायेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि चयन के 60 दिनों के अंदर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र का सत्यापन कराया जायेगा। यदि जांच के दौरान चयनित आशा द्वारा समर्पित प्रमाण पत्र फर्जी या गलत पाये जाते हैं तो इसकी सूचना साक्ष्य के साथ सिविल सर्जन को दिया जायेगा, जिनके द्वारा चयनमुक्त करते हुए विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। चयन के 30 दिनों के बाद प्राप्त परिवाद पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। बिना शपथ पत्र के परिवाद पर भी कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**समीक्षा के क्रम में बताया गया कि आशा चयन हेतु अर्हता इस प्रकार है:-**

- शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम दसवीं अथवा समकक्ष उतीर्ण।
- आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष।
- संबंधित गांव की स्थायी निवासी होनी चाहिए।
- गांव/टोले की बहु या विधवा बेटी हो सकती है परंतु किसी भी परिस्थिति में अविवाहित लड़कियों का चयन आशा के रूप में नहीं किया जायेगा।
- जन वितरण प्रणाली के विक्रेता एवं सरकारी/अर्द्धसरकारी सेवकों के रिश्तेदार यथा-बेटी/पत्नी /पुत्रवधु/पौत्रवधु का चयन आशा के रूप में नहीं किया जायेगा।
- आवेदिका अगर किसी लाभ के पद पर जैसे कि मुखिया, पंचायत समिति के सदस्य/वार्ड सदस्य/जिला परिषद के सदस्य/आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका आदि के पद पर कार्य कर रही है तो आशा के रूप में उसका चयन नहीं किया जायेगा।
- एक से अधिक आवेदिका के समान योग्यता रहने पर विधिवा/अलग से रह रही महिला/तलाकशुदा/प्रशिक्षित दाई को प्राथमिकता दी जायेगी।
- वंचित समूहों को बेहतर सेवायें प्रदान करने के लिए इन समूहों से उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाना चाहिए।
- आवेदिका को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, नगर आयुक्त, नगर निगम, बेतिया लक्ष्मण तिवारी अपर समाहर्ता कुमार रविन्द्र, सिविल सर्जन, डॉ0 विजय कुमार, एसडीएम, बेतिया सदर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, डीपीएम अमित अचल डीसीएम राजेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। साथ ही अन्य अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस : डीएम की सख्त कार्रवाई

बेतिया(घनश्याम)। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को सख्ती से लागू करते हुए जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। सरकारी कार्यों में अनियमितता और गड़बड़ियों के आरोप में राज्य खाद्य निगम बेतिया के लेखापाल रमण कुमार सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। विदित हो कि राज्य खाद्य निगम बेतिया के लेखापाल रमण कुमार सिंह के विरुद्ध बारंबार सार्वजनिक जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं से मार्जिन मनी के भुगतान हेतु अवैध राशि की मांग करने, मानसिक शोषण करने, अभद्रता करने सहित अन्य आरोप के मद्देनजर जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, बेतिया द्वारा जांच की गयी। जांच के क्रम में अरोप की पुष्टि हुई। पुष्टि के उपरांत जिला पदाधिकारी के निर्देश पर राज्य खाद्य निगम बेतिया के लेखापाल रमण कुमार सिंह के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट किया कि प्रशासन भ्रष्टाचार के किसी भी रूप को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी व्यवस्था में पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाबदेही सर्वोपरि है। जो भी अधिकारी या कर्मी नियमों का उल्लंघन करता पाया जाएगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों और कर्मियों को चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति भ्रष्टाचार में लिप्त पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# यूरिया खाद के लिए मचा हाहाकार किसान कतारबद्ध होकर बारी का कर रहे इंतजार

- प्रीति दिन 2 हजार बोरी मिल रही सप्लाई, जबकि रोज 10 हजार लोग पहुंच रहे सेंटरः कृषि पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। इंडो नेपाल सीमा वाल्मीकिनगर और बगहा के साथ साथ अब रामनगर प्रखंड क्षेत्र में भी यूरिया की किल्लत ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दीं है, खाद का समुचित आवंटन और आपूर्ति नहीं मिलने से हजारों किसान मारे मारे फिर रहें हैं वहीं खाद वितरण दुकानों पर महिलाओं के साथ साथ पुरुष किसान पिछले दो-तीन दिनों से रोज लाइन में खड़े होकर बैरंग वापस लौट रहें हैं आज फिर अहले सुबह से लोग खाद की बोरी लेने के इंतजार में कतारबद्द हैं, कड़ी धूप और उमस भरी गर्मी में लोग घंटों खड़े होकर चक्कर आने पर बेहोशी के शिकार हो रहें हैं वहीं कृषि पदाधिकारी की मानें तो महज 2 हजार यूरिया खाद की बोरी हीं प्रति दिन सप्लाई आ रही है लिहाजा दस हजार लोगों पर ऊंट के मुंह में जीरा की कहावत चरितार्थ हो रही है। बताया जा रहा है की रामनगर प्रखंड के कुल 18 पंचायत और नगर पालिका परिषद क्षेत्र मिलाकर लाखों की आबादी में धान और गन्ना की हजारों एकड़ में खेती की गईं है।ऐसे में हर साल युरीया खाद को लेकर किसानों को परेशानी झेलनी पड़ती है । मंगलवार को रामनगर के इफको बाजार में जैसे युरीया के लॉट आने की सुचना मिली वैसे ही छोटे बडे किसानों का जनसैलाब उमड़ पड़ा । भीड़ अधीक होने के बाद हंगामा होने पर पुलिस बल की तैनाती हुईं । बतादें की यूरिया स्टॉक कम है जबकि लोग ज्यादा हैं और रैक से आपूर्ति कम मिलने के कारण से संकट गहराया है तो खाद से महरूमळ किसानों के सब्र का बांध अब टूटने लगा है जिसको लेकर हंगामा बरपा तो लेडी सिंघम सडीपीओ रागिनी कुमारी ने मोर्चा संभाल लिया है क्योंकि महिलाएं ज्यादातर नाराज होकर वोट लेने वाली सरकार और सिस्टम को कोसती नजर आ रहीं हैं।

# वन विभाग के सौजन्य से वनागत वनकर्मियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। वीटीआर के वन सभागार में एक दिवसीय वनकर्मियों के कार्यशाला का आयोजन वन विभाग के सौजन्य से किया गया। जिसमें वीटीआर जंगल की विस्तृत जानकारी वाइल्ड एक्सपर्ट द्वारा दी गई, इस कार्यशाला की जानकारी वाल्मीकिनगर वनप्रमण्डल2 के रेंजर अमित कुमार ने दी।कार्यशाला के दौरान एक्सपर्ट डब्लूडब्लूएफ के डॉ प्रकाश मरदराज और प्रोजेक्ट मैनेजर अहबार आलम ने वीटीआर वनप्रमण्डल 2 के पांचों रेंज,मदनपुर,हरनाटांड़,गोनौली, चिऊटंहाँ व वाल्मीकिनगर में नवागत वनपाल व आरक्षियों को एस्पिसियस एडेन्टिफिकेशन,पग मार्ग,कैमरा ट्रैपिंग,स्नैक रेस्क्यू, फॉरेस्ट लॉ ट्रांजिस्ट,डेमोंस्ट्रेशन ऑफ इक्विपमेंट आदि के बारे में बारीकी से जानकारी दी तो वहीं डब्ल्यूटीआई के सौरभ वर्मा ने वीटीआर जंगल गश्ती,एपीसी वर्क,रेस्क्यू,रिहैबिलिटेशन के साथ साथ जीपीएस की जानकारी दी।बतादें की वीटीआर स्थित वन विभाग में नए वनपाल और आरक्षियों की जॉइनिंग वनप्रमण्डल 2 के पांचों रेंज में हुई है।इन्हें वीटीआर जंगल मे कार्यों में दक्षता व कुशलता से कार्य निष्पादन करने में कोई परेशानी न हो इसके लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन वन विभाग के सौजन्य से किया गया।

# नवीगंज गांव में मुख्य सड़क पर बहता है घरों के नाली का पानी

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। सारण जिले के नगरा प्रखंड के कादीपुर पंचायत अंतर्गत नवीगंज गांव की मुख्य सड़कों पर बरसात एवं गांव के घरों से निकला गंदा पानी बह रहा हैं। जिससे सड़क तो खराब हो रही है। साथ ही इस रास्ते से गुजरने वाले स्कूली बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों को अपना कपड़ा नीचे से मोड़ कर आना-जाना करना पड़ता है। कई गांवों के ग्रामीण नगरा बड़ा बाजार करने एवं अपने दिनचर्या कम के लिए जाने वाले राहगीर भी इसी सड़क से होकर गुजरा करते हैं, जिससे राहगीरों सहित गांव के ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, बूढ़े बुजुर्गों, बीमारी से पीड़ितों को कीचड़ एवं जलजमाव से मुसीबतो का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क से दिन में तो किसी तरह लोग चले जाते हैं, लेकिन, रात के अंधेरे में चलना काफी मुश्किल हो जाता है। जिससे अक्सर लोग कीचड़ में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। सड़क पर बरसात एवं नाले की गंदा पानी भरा रहने से आने जाने में काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा हैं। ऐसे में लोगों को मलेरिया, डेंगू जैसी संक्रामक बीमारियों का डर सता रहा है।

ग्रामीण सुरेश, मदन, अमन, आबिद, सोनू, चंदन आदि लोगों ने इस समस्या से निजात दिलाने के लिए कई बार गांव के जनप्रतिनिधियों से नाली निर्माण कराने की गुहाल लगायी। पर, इसके बावजूद आज तक नाली का निर्माण नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के दोनों ओर नालियों का निर्माण नहीं किया गया है। जिससे कई लोगों के घरों से निकलने वाला गंदा पानी बीचोंबीच सड़क पर ही जमा हो रहा है। कई सालों से लगातार बनी हुई है ऐसी स्थिति। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर गंदा पानी जमा होने से मच्छरो का प्रकोप ज्यादा पनप रहे हैं। कई बार रात के समय अंधेरा हो जाने पर कीचड़ से फिसलकर कई लोग हादसे का शिकार भी हो चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह मुख्य सड़क बरसात के दिनों में तालाब में तब्दील हो जाती है। ग्रामीणों के लिए मुख्य बाजार आने जाने के लिए यह रास्ता आसान है। यह रास्ता बिन बरसात में भी बरसात की स्थिति की तरह दिखता है। बरसात के मौसम में तो यह सड़क काफी नरकीय हो जाता है। ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी से गुहार लगाया है कि इस गांव की सड़क की निर्माण एवं नाली निर्माण करा दे तो जल जमाव की मुश्किलों का सामना खत्म हो जाएगा।

### पुलिस ने किया भारी मात्रा में एक ऑटो रिक्शा से अंग्रेजी शराब बरामद, चालक गिरफ्तार

एकमा। स्थानीय थाना पुलिस ने एकमा चट्टी के समीप वुधवार के दिन वाहन जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने एक टेम्पु से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया। वहीं टेम्पु चालक को हिरासत में लेकर टेम्पु को जप्त कर लिया। पुलिस ने बताया कि टेम्पु से बरामद अंग्रेजी शराब 56 लीटर बरामद किया गया। वहीं धंधे बाज फरार होने में सफल रहा। चालक को गिरफ्तार कर पूछताछ किया गया तो शराब किसकी है उसे बताने से इन्कार कर दिया। चालक कि पहचान मांझी थाना क्षेत्र के ताजपुर निवासी चन्द्रमा मिश्रा के पुत्र मृत्युंजय मिश्रा के रूप में हुई है। पुलिस ने टेम्पु को जप्त कर चालक को जेल भेज दिया। पुलिस धंधेबाज का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# शहीद की शहादत दिवस पर लोगों ने अर्पित की पुष्पांजलि

प्रात : किरण संवाददाता



एकमा। प्रखंड के माने पंचायत के नवतन गांव निवासी सैनिक स्वर्गीय अशोक प्रसाद के पुत्र शहीद रघुनंदन की शहादत दिवस मनाई गई खान लोगो ने उनके तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। ब्बताते चले कि विगत 6 अगस्त 2013 में जम्मू कश्मीर के पूछ सेक्टर में देश के दुश्मनों से लड़ने के दौरान वीर रघुनंदन शहीद हो गए। उनकी 12 वीं शहादत शहीद के अवसर पर शहीद के घर काफी संख्या में लोग उपस्थित होकर उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शहीद रघुनंदन अमर रहे की जयकारे लगाई गई। इस मौके पर उपस्थित परिजन जनप्रतिनिधि ,समाज सेवी ,ग्रामीण भावुक हो गए । इस अवसर पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह ,कांग्रेस नेता नरेंद्र प्रताप मिश्र ,डॉ एस कुमार ,जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर सिंह ,विपिन सिंह ,प्रमोद सिंह ,रौशन भवानी सिंह ,रिटायर्ड शिक्षक अवधेश प्रसाद, मुन्ना पटेल ,बबलू उपाध्याय, जन्मेजय सिंह ,जयप्रकाश पांडेय, चितरंजन सिंह चाचा त्रिभुवन प्रसाद ,अवधेश प्रसाद, मिथिलेश प्रसाद आदि उपस्थित थे । इसके पूर्व बमबम उपाध्याय द्वारा पूजा पाठ किया गया । इसके पश्चात उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया ।

### मशरक में बोलेरो-नीलगाय की टक्कर, चार घायल

मशरक। डुमरसन मुख्य पथ एनएच- 227ए रामजानकी पथ पर बंगरा महादेवा ब्रह्मस्थान के निकट बोलेरो नीलगाय की जोरदार टक्कर में नीलगाय की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बोलेरो में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। भाजपा नेता राकेश महंथ ने 112 पुलिस के सहयोग से सभी घायलों को मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करवाया। जहां ड्यूटी पर तैनात प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अनंत नारायण कश्यप ने प्राथमिक उपचार किया। इलाज के दौरान दो घायलों की स्थिति नाजुक देख बेहतर इलाज हेतु छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। भाजपा नेता महंथ ने बताया कि वे डुमरसन की तरफ से आ रहे थे। तो देखा कि अचानक बोलेरो नीलगाय की जोरदार टक्कर हो गई। घायलों की स्थिति नाजुक देख 112 पुलिस को खबर किया।

# हत्या मामले में आजीवन कारावास एवं और अर्थ दंड की सजा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कोर्ट। जिला एवं सत्र न्यायाधीश 17 संदीप पटेल ने दाउदपुर थाना कांड संख्या 17/ 11 के सत्र संख्या 638 /11 में दाउदपुर थाना के सीतलपुर निवासी सूरज यादव को अंदर दफा 302 / 34 के अंतर्गत आजीवन कारावास एवं पंद्रह हजार अर्थ दंड नहीं देने पर अतिरिक्त छह माह की सजा एवं 201/ 34 भादवि के अंतर्गत 3 वर्ष एवं पांच हजार अर्थ दंड की सजा सुनाया है। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक सुनील कुमार चौधरी ने सरकार का पक्ष न्यायालय में रखा और कुल 16 गवाहों की गवाही न्यायालय में कराई।पुलिस ने 11 मई 2011 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। न्यायालय द्वारा आरोप गठन 19 मार्च 2012 को किया गया। दाऊदपुर थाना के मंटू साह ने 11 मार्च 2011 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें उसने दशार्या था कि घटना की तिथि 24 फरवरी 2011 को उसका लड़का सतेंद्र साह एवं भतीजा संजय साह अभियुक्त सूरज यादव के साथ घर पर आए थे। तीनों बैठकर एक साथ खाना खाए और फिर साइकिल से सूरज यादव चला गया और सूचक का लड़का और भतीजा संजय साह थोड़ी देर के बाद घर से बाहर चले गए। गांव में एक बारात आया था उसी में ऑर्केस्ट्रा देखने गए थे। सुबह घर नहीं आए। जिसको लेकर सूचक ने 26 फरवरी 2011 को एक सन्हा दर्ज कराया था। 11 मार्च 2021 को सुबह 11:00 बजे गांव में हल्ला हुआ कि छोटका खुडवा मोहनलाल के सरसों के खेत के पुराने कुआं में दो लाश मिला है। सूचक जाकर देखा तो उसका लड़का सत्येंद्र साह एवं भतीजा संजय साह का शव था। पुलिस ने जांच के क्रम में अभियुक्त को गिरफ्तार किया घटना का कारण सूरज यादव के लड़की से मृतक का प्रेम संबंध था।

# यदुनंदन महाविद्यालय के भूगोल विभाग में छात्र-छात्राओं का शानदार विदाई समारोह

प्रात : किरण संवाददाता




दिघवारा। यदुनंदन महाविद्यालय में बुधवार को सत्र 2021-24 एवं सत्र 2022-25 के छात्र- छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत से हुआ।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि, आदरणीय प्राचार्य प्रो०(डॉ०) पुष्पराज गौतम द्वारा किया गया।प्राचार्य महोदय ने अपने अध्यक्षीय भाषण में छात्र-छात्राओं को जीवन में अनुशासित रह कर आगे बढ़ने की प्रेरणा एवं शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर 2023-27 के बच्चों द्वारा शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन अभिजीत कुमार एवं राज रौशन द्वारा किया गया ।अन्य छात्र- छात्राओं में जय राज, नेहा खातून, संध्या कुमारी, नेहा गुप्ता, निभा कुमारी, नेहा कुमारी, अमीषा कुमारी, शोभा कुमारी आदि ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।सीनियर्स बच्चों को आदरणीय प्राचार्य महोदय एवं महाविद्यालय के सम्मानित शिक्षकों के द्वारा मोमेंटो एवं कलम प्रदान किया गया।शिक्षकों में श्री अरविंद राम, डॉ० नीरा सिन्हा, डॉ० अमरेंद्र धर द्विवेदी, डॉ० मृदुला कुमारी, डॉ० सुनीता कुमारी, डॉ० माधवी, डॉ० सतीश कुमार, डॉ० लज्जा वर्मा, डॉ० कल्पना कुमारी, डॉ० अनुपम सिन्हा एवं भूगोल विभाग के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। समारोह का समापन विदाई गीत से किया गया।

# मांझी में निर्माणरत अटल घाट के हॉल की सीढ़ियों के लिए निर्मित दीवारों में आई दरारें

प्रात : किरण संवाददाता



मांझी। केन्द्र सरकार के नमामि गंगे परियोजना के तहत मांझी के प्रसिद्ध राम घाट पर लगभग साढ़े दस करोड़ की निर्माणरत अटल घाट के हॉल की सीढ़ियों के लिए निर्मित दीवारों में जगह जगह दरारें निकल आईलागत से निर्माणरत अटल घाट के हॉल की सीढ़ियों के लिए निर्मित दीवारों में जगह जगह दरारें निकल आई हैं जिससे निर्माण योजना पर सवालिया निशान खड़ा हो गया है। रामघाट पर स्नान करने पहुँचे प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सरयु नदी में आई बाढ़ ने मानक के विपरीत हो रहे निर्माण कार्य की कलई खोल दी है। लोगों ने बताया कि धीरे धीरे सीढ़ियां भी नीचे की तरफ धंस रही हैं। लोगों का कहना है कि समय रहते यदि इसमें जरूरी सुधार नही किया गया तो राम घाट पर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के सरयु स्नान का सपना पूरा नही हो पायेगा। उधर दरारों को आम लोगों की आंखों से ओझल करने के लिए कारीगरों द्वारा दीवाल की दरारों में सीमेंट आदि डालकर उसे ढंकने का भी असफल प्रयास किया गया है बावजूद इसके दीवारों में आई दरारें रोज रोज बढ़ती ही जा रही हैं। दीवार में दरार दिखने के बाद लोग ठेकेदार पर मानक के विपरीत काम करने का आरोप लगा रहे हैं। बताते चलें कि महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल के विशेष प्रयास से बहुप्रतीक्षित अटल घाट का निर्माण कराया जा रहा है। फिलहाल सरयु नदी में आई बाढ़ की वजह से अटल घाट का अधिकांश भाग पानी में डूब गया है जिसकी वजह से निर्माण कार्य ठप पड़ा हुआ है।

### चाकूबाजी का आरोपी गिरफ्तार

डोरीगंज। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के खलपुरा गाँव में पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में 23जुलाइ को एक युवक पर चाकू से गर्दन पर हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया था। इस संबंध में खलपुरा निवासी पीड़ित पंकज कुमार सिंह ने मुफ्फसिल थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।दर्ज प्राथमिक मे गाँव के ही अर्जुन कुमार सिंह पिता भरत सिंह और उनकी पत्नी समेत एक अन्य अज्ञात को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। पीड़ित ने आरोप लगाया था कि पुरानी दुश्मनी के चलते आरोपितों ने पहले गाली-गलौज की और फिर अचानक चाकू से गर्दन पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।। जिसे घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से घायल पंकज को इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के बाद वह घर लौटा। इस मामले मे मुफ्फसिल पुलिस द्वारा मंगलवार की देर शाम उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया ।

# स्थानांतरित शिक्षक के सम्मान में विदाई समारोह हुआ आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



पानापुर। प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय भोरहा में बुधवार को विद्यालय परिवार की तरफ से एक समारोह आयोजित कर स्थानांतरित शिक्षक नवल किशोर राय को विदाई दी गयी। विद्यालय परिवार की तरफ से उन्हें अंगवस्त्र ,कलम एवं डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया ।वर्ष 2003 में पंचायत शिक्षक के रूप में कार्यरत श्री राय वर्तमान में इस विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक थे जिनका प्रधान शिक्षक के रूप में प्राथमिक विद्यालय चिमनपुरा में पदस्थापन हुआ है। विदाई सह सम्मान समारोह में उपस्थित जिलापार्षद रत्नेश कुमार भाष्कर ने कहा कि इस विद्यालय की उन्नति के लिये श्री राय के प्रयासों को विद्यालय के छात्र एवं उनके अभिभावक हमेशा याद रखेंगे।वही पूर्व मुखिया सह माले नेता सभापति राय ने कहा कि विद्यालय को उच्च माध्यमिक तक अपग्रेड कराने एवं भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने में श्री राय ने जो पहल की उसी कि बदौलत आज विद्यालय प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या कुमारी गीतांजलि ,आरती शर्मा , परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार सिंह ,सुरेश कुमार यादव ,कवींद्र रेणु ,रमेश कुमार सिंह ,कांता राम ,अनिल कुमार यादव ,कौशल किशोर सिंह, अभिमन्यु सिंह,शुभम राय,साधु शुभांगी,सहित अन्य शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में महिला बाल विकास निगम के तत्वाधान में हुआ सखी वार्ता



प्रात: किरण संवाददाता

आरा । आरा,कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बलिगांव गड़हनी,भोजपुर में जिला हब एंपावरमेंट ऑफ वूमेन एवं वन स्टॉप सेंटर, महिला बाल विकास निगम भोजपुर के तत्वाधान में सखी वार्ता का आयोजन किया गया।आयोजन की क्रम में जिला परियोजना प्रबंधक, भोजपुर के द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई ।उन्होंने बाल विवाह ,सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, कौशल प्रशिक्षण केंद्र इत्यादि योजना के बारे में बताया और उपस्थित सभी छात्राओं को पढ़ाई - लिखाई करते हुए भविष्य में अच्छे एवं सुनहरे भविष्य बनाने हेतु प्रोत्साहित किया एवं बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र में शादी करना कानूनन अपराध है।

जिला मिशन समन्वयक द्वारा जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन,मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, टॉल फ्री नं० -112, साइबर क्राइम,महिला एवं किशोरियों की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई उन्होंने कहा सरकार आपके सहयोग के लिए आपके सशक्तिकरण के लिए हर संभव आपके साथ है ।केंद्र प्रशासक वन स्टॉप सेंटर द्वारा वन स्टॉप सेंटर एवं टॉल फ्री नं० -181 के बारे में जानकारी दी उन्होंने कहा किसी भी विषम परिस्थिति में हम आपके साथ हैं किसी भी शोषण को अब सहना नहीं कहना है। अंत में विद्यालय में लगा सेनेटरी पैड भस्मक मशीन की जांच किया गया।इस कार्यक्रम में कुमार रोहित जिला परियोजना प्रबंधक भोजपुर, मो0 तैयब अहमद जिला मिशन समन्वयक,भोजपुर,श्रीमती अनुपमा श्रीवास्तव केंद्र प्रशासक वन स्टॉप सेंटर भोजपुर, जैकी राज एमटीएस भोजपुर एवं विद्यालय के वार्डन शिक्षिका एवं अन्य मौजूद थे।

# निर्वाचन तैयारियों को लेकर उप विकास आयुक्त की समीक्षा बैठक

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

आरा । आरा,उप विकास आयुक्त अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। उप विकास आयुक्त गुंजन सिंह ने कहा कि बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के सुगम एवं समावेशी संचालन के उद्देश्य आवश्यक न्यूनतम सुविधा (अटक्र) हर बूथ तक पहुंचना होगा। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के अवसर पर मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी एवं आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं (अटक्र) जैसे रैंप, व्हीलचेयर, पेयजल, विद्युत, स्वयंसेवक, परिवहन सुविधा आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर समिति के सदस्यों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। दिव्यांग मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्रपत्र–फॉर्म 6, 7 एवं 8–की जानकारी प्रदान की जाएगी ताकि सभी पात्र दिव्यांगजन का निर्वाचक सूची में पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके।





इसके अतिरिक्त, दिव्यांग मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन ऐप एवं सक्षम ऐप की जानकारी देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (पूर्व में ट्विटर) आदि के माध्यम से भी उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जिले के कॉलेजों एवं शैक्षणिक संस्थानों में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (एछउ) एवं कैंपस एंबेसडर के माध्यम से भी दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। इस बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, डायरेक्टर एन ई पी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी आर , कार्यपालक अभियान पी एच डी आरा,जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों शिक्षा विभाग एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### खर्चा पैसा नही देने व मारपीट करने एवं पड़ताड़ित करने के मामले में मुकदमा दर्ज

शेरघाटी। खर्चा पैसा नही देने व मारपीट करने एवं पड़ताड़ित करने के मामले में मुकदमा दर्ज बताते चले कि शेरघाटी थाना क्षेत्र के बेला गांव की रहने वाली काजल कुमारी उर्फ ममता देवी ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ खर्च मांगने व मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है. पुलिस से की गई शिकायत में उसने कहा है कि हमने 3 साल पूर्व 2022 में मेरी शादी शाहिद अंसारी पिता आशिक अंसारी के साथ कोर्ट मैरिज किया था. शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था. कुछ दिन बीत जाने के बाद मेरे साथ लड़ाई झगड़ा व मारपीट मेरे साथ मेरे पति मुझे करने लगा. जबकि मारपीट को लेकर 9 फरवरी 2024 को शेरघाटी थाने में मुकदमा दर्ज किया था. मुकदमा दर्ज करने के बाद आपसी समझौता कराया गया था. लेकिन जब खर्चा मांगने लगा तो मेरा पति पैसा देने से इनकार कर दिया एवं गुस्से में आकर मेरे ऊपर जानलेवा हमला कर दिया.उसने पुलिस को बताया कि मेरे ससुर एवं सास मुझे घर से बाहर निकलना चाहती है, मुझे घर में नहीं रखना चाहती है.

### एएस फूड्स एंड एग्रो का उद्घाटन भगवान सिंह कुशवाहा सदस्य, बिहार विधान परिषद ने फिता काट कर किया



प्रात: किरण संवाददाता

आरा । आरा,ए एस फूड्स एंड एग्रो राम लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, मानपुर, धोबहा बाजार आरा उद्घाटन भगवान सिंह कुशवाहा सदस्य, बिहार विधान परिषद राष्ट्रीय महासचिव, (जदयू) अध्यक्ष, अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण समिति बिहार विधान परिषद ने फिता काट कर किया आज हुए मुख्य अतिथियों को ए एस फूड्स एंड एग्रो प्रोप. आदर्श राज ने अंग वस्त्र एवं बुके देकर उनका स्वागत किया आदर्श राज ने बताया कि अपने क्षेत्र में लोगों को रोजगार मिलेगा और भोजपुर में विकास की गति बढ़ेगी

वही मुख अतिथि श्री भगवान शिव ने कहा कि शाहाबाद में ऐसा पहली कंपनी है जो भोजपुर जिले में स्थापित किया गया है सबसे पहले की लोगों को रोजगार भी मिलेगा और यहां से जो भी दाल चना आता सत्तू बेसन उत्पादन होगा वह सभी बिहार के कौन-कौन में जाएगा और भोजपुर का भी नाम होगा इस इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अमरेन्द्र प्रताप सिंह मा० विधायक, आरा विधानसभा (पूर्व मंत्री, बिहार सरकार)

राधचरण साह (सेठ जी)सदस्य, बिहार विधान परिषद सह अध्यक्ष प्रकाशन समिति, बिहार विधान परिषद विजयेन्द्र कुमार सिंह, पूर्व विधायक, संदेश विधानसभा लालदास राय, पूर्व सदस्य, बिहार विधान परिषद रामेश्वर महतो, पूर्व सदस्य, बिहार विधान परिषद डा० अजित कुशवाहा, मा० विधायक, डुमराँव विधानसभा

श्री दिनेश्वर सिंह ए एस कंस्ट्रक्शन प्रोप. संजय कुमार सिंह बड़हरा राजद नेता अशोक कुमार सिंह उर्फ रामबाबू सिंह शैलेंद्र रा कार्यक्रम में शामिल थे

# प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा किया गया सेमिनार का आयोजन

➤ **इस सेमिनार का उद्घाटन भोजपुर जिला शिक्षा पदाधिकारी मानवेंद्र कुमार राय ने दीप प्रज्वलित कर किया**

प्रात: किरण संवाददाता

आरा । आरा,प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन ने एस एन मेमोरियल स्कूल में सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी मानवेंद्र कुमार राय ने दीप प्रज्वलित कर किया इस सेमिनार का अध्यक्षता स्मिता सिंह ने की उद्घाटन कार्यक्रम के बाद विद्यालय के छात्राएं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किए एसोसिएशन के अध्यक्ष ने आए हुए मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया भोजपुर जिले के सभी निजी विद्यालय के डायरेक्टर एवं प्रधानाचार्य सेमिनार में उपस्थित है वही भोजपुर जिला शिक्षा पदाधिकारी में निजी विद्यालय के सभी डायरेक्टर को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग सरकार का जो गाइडलाइन है उसको फॉलो करने को कहा जो विद्यालय रजिस्ट्रेशन नहीं है वह भी अपना रजिस्ट्रेशन करवा ले





इस सेमिनार में लगभग 300 निजी विद्यालयों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं का समाधान पाया।

यूडीआईएससी कोड की आवश्यकताः यूडीआईएससी कोड विद्यालयों की प्रामाणिक पहचान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।

समस्याओं का समाधानः सेमिनार में विद्यालयों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया, जिनमें फॉर्म भरने के बाद कोड प्राप्त न होना और आवेदन लंबित होना शामिल था।दस्तावेज सत्यापनः विद्यालयों ने आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर अपने समाधान के लिए अपील की प्रशासनिक बाधाओं को दूर करनाः यह आयोजन प्रशासनिक बाधाओं को दूर कर निजी विद्यालयों के संचालन को सुचारु करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ।अध्यक्ष डॉ. स्मिता सिंह ने सेमिनार का नेतृत्व किया और विद्यालयों की चुनौतियों को प्रस्तुत किया।

पदाधिकारीः ढरअउहअ के पदाधिकारियों ने सेमिनार के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।विद्यालयों को एकजुट करनाः जिला शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यालयों को एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा दी।

समस्याओं का समाधानः विद्यालयों की समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान किया जाएगा। एन के पांडे विनोद कुमार निर्मल कुमार शामिल थे।

### इमादपुर थाना क्षेत्र के खुटहाँ गाँव के नहर से अज्ञात शव बरामद, पुलिस पर लगा समय पर नहीं पहुंचने का आरोप

पीरो (आरा): इमादपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खुटहाँ गांव स्थित नहर से बुधवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। शव को सबसे पहले स्थानीय ग्रामीणों ने देखा, जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई।ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना इमादपुर थाना को दी, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के दो घंटे बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इससे लोगों में आक्रोश देखा गया।शव की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। मौके पर मौजूद लोगों ने आशंका जताई है कि यह मामला हत्या का हो सकता है और शव को छिपाने के उद्देश्य से नहर में फेंका गया हो।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### मध्यदेशीय वैश्य समाज की राजनैतिक हिस्सेदारी की मांग





गया जीः अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा के द्वारा शहर के गणिनाथ मंदिर के प्रांगण में सावन मिलन समारोह सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कई राज्यों के समाज की महिलाएं व पुरुष शामिल हुए. इस दौरान लोगों को अंग वस्त्र देखकर सम्मानित करने का भी कार्यक्रम किया गया.कार्यक्रम में शामिल अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम में बिहार, दिल्ली, झारखंड एवं पश्चिम बंगाल से हजारों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए हैं. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राजनैतिक हिस्सेदारी लेना है. एक पार्टी विशेष के द्वारा वैश्य समाज के लोगों को अपना ब्लाइंड सपोर्टर समझा जाता है लेकिन जब राजनीतिक हिस्सेदारी देने की बात आती है, तो लोग मौन हो जाते हैं, तो हमलोगों ने निर्णय लिया है कि ऐसी पार्टी को हमलोग सबक सिखाएंगे.बहार विधानसभा चुनाव में जो पार्टी हमें साथ लेकर चलने का कार्य करेगी, उसे ही अपना समर्थन देंगे.वही मध्यदेशीय वैश्य सभा के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि दो दिवसीय कार्यक्रम का आज से विधिवत्त शुभारंभ हुआ है, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित तमाम लोग शामिल हुए हैं. उन्होंने कहा कि बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में जो पार्टी हमें राजनीतिक हिस्सेदारी देगी, हमलोग उसे ही अपना समर्थन देंगे. बिहार में जातीय जनगणना के अनुसार 18 से 20% के आसपास हमारी आबादी है, लेकिन जितनी हमारी आबादी है उतनी हमें हिस्सेदारी नहीं मिलती. मगध और शाहाबाद प्रमंडल में एक भी वैश्य समाज के लोगों को टिकट देने का काम किसी भी पार्टी ने नहीं किया है. ऐसे में अब हमलोग निर्णय लेने को तैयार है.

# शाहाबाद पुलिस उप-महानिरीक्षक सत्य प्रकाश ने भोजपुर के नवीन पुलिस केंद्र में नवनियुक्त सिपाहियों के बुनियादी प्रशिक्षण का किया समीक्षा

प्रात: किरण संवाददाता

आरा । आरा,पुलिस उप-महानिरीक्षक सत्य प्रकाश ने भोजपुर के नवीन पुलिस केंद्र में नवनियुक्त सिपाहियों के बुनियादी प्रशिक्षण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक, भोजपुर, पुलिस उपाधीक्षक (साइबर) और अन्य पदाधिकारियों के साथ चर्चा की, ताकि प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।भोजपुर एसपी राज ने नवनियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए और उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों पर जोर दिया। एसपी ने कहा कि यह नियुक्ति एक सामाजिक दायित्व है, और सिपाहियों से ईमानदारी, निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ जनसेवा करने की अपेक्षा है।



नवनियुक्त सिपाहियों को आधुनिक पुलिसिंग की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# इनर व्हील क्लब गया, जिला 325 द्वारा स्तनपान जागरूकता हेतु दोहरी पहल

गया जी।विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर इनर व्हील क्लब गया, जिला 325 ने महिलाओं में स्तनपान के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु दो प्रभावशाली कार्यक्रम आयोजित किए – एक जी बी एमकॉलेज में जागरूकता सत्र तथा दूसरा गया बस स्टैंड परिसर में सार्वजनिक संदेश के रूप में है। जी बी एम कॉलेज में स्वास्थ्य जागरूकता टॉक पहला कार्यक्रम गया के कॉलेज में आयोजित किया गया, जिसमें प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेनू सिंह ने छात्राओं और महिलाओं को स्तनपान के महत्व, लाभ और भ्रांतियों पर विस्तृत जानकारी दी है।डॉ. सिंह ने बताया कि शिशु के प्रारंभिक 6 माह तक केवल मां का दूध ही पूर्ण आहार होता है, जो बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता और विकास में सहायक है।इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

महिलाओं ने सत्र के दौरान उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने अनुभवों एवं जिज्ञासाओं को साझा किया है।डा रेणु सिंह और पदाधिकारियों को पौधे देकर सम्मानित किया गया है। गया बस स्टैंड पर सार्वजनिक स्तनपान जागरूकता अभियान दूसरे चरण में क्लब द्वारा गया बस स्टैंड परिसर में एक जागरूकता बैनर लगाया गया। यह स्थान इसलिए चुना गया क्योंकि पूर्व में क्लब ने वहां एक विशेष स्तनपान कक्ष का निर्माण कराया था, जो अब भी महिलाओं को सार्वजनिक स्थान पर स्तनपान कराने के लिए एक सुरक्षित और गरिमामय सुविधा प्रदान कर रहा है।यह पहल महिलाओं के आत्मसम्मान की रक्षा और शिशु स्वास्थ्य की दिशा में क्लब की सुदृढ़ सोच को दशार्ती है।

इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती दूर्वा सहाय ने कहाःस्तनपान न केवल पोषण का माध्यम है, बल्कि एक माँ की भावनात्मक सुरक्षा और बच्चे की बुनियादी जरूरत है। हमारा क्लब इस दिशा में जागरूकता फैलाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने को प्रतिबद्ध है।इस कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यःइस आयोजन में क्लब की कई सदस्याएं उपस्थित रहीं, जिनमें प्रमुख रूप सेः पीपी राज डिलन,आइ पी पी तृप्ति गुप्ता,पी पी बंदन प्रसाद, पी पी आभा सिंह,, आइ एस ओ प्रतिभा गुप्ता,यनिषा भदानी, थी। सभी ने कार्यक्रम की सफलता में सक्रिय योगदान दिया है।इन दोनों प्रयासों की समाज के विभिन्न वर्गों एवं मीडिया ने भरपूर सराहना की है। यह आयोजन इनर व्हिल क्लब की उस सोच को प्रतिबिंबित करता है, जो महिला सशक्तिकरण और बाल स्वास्थ्य को प्राथमिकता देती है।यह जानकारी क्लब एडीटर शीतल गुप्ता ने दी है।

# युवाओं के प्रेरणास्रोत सिकंदर चंद्रवंशी फिर बने भाजपा जिला महामंत्री

प्रात: किरण संवाददाता

गया एवं मगध क्षेत्र के युवा समाजसेवी सिकंदर चंद्रवंशी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक बार फिर जिला महामंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। राष्ट्रवाद की प्रबल विचारधारा, संगठन के प्रति गहरी निष्ठा और समाज सेवा के प्रति उनके दशकों के समर्पण को देखते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने यह महत्वपूर्ण फैसला लिया है। श्री चंद्रवंशी, जो गया के युवा समाजसेवियों में एक जाना-माना नाम हैं, समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सकारात्मक सोच और सक्रिय भागीदारी के लिए मशहूर हैं। दशकों से वह युवाओं के बीच राष्ट्रवाद और सामाजिक कल्याण के विचारों को बढ़ावा देते रहे हैं, जिससे वह युवाओं के लिए एक सच्चे प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं।पूर्व में भी सिकंदर चंद्रवंशी भाजपा के जिला महामंत्री के पद पर रहते हुए पार्टी संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। उनके कार्यकाल में उन्होंने पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जमीनी स्तर तक पहुँचाने के लिए अथक प्रयास किए और अनेक सामाजिक कार्यों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। उनके बेहतर कार्य करने की क्षमता और नेतृत्व कौशल ने महामंत्री के पद की गरिमा को बढ़ाया है। पार्टी के इस निर्णय का कार्यकताओं और खासकर युवाओं ने दिल खोलकर स्वागत किया है। इस फैसले से पूरे जिले के युवा कार्यकताओं में विशेष उत्साह और खुशी का माहौल है। कार्यकताओं का मानना है कि श्री चंद्रवंशी के नेतृत्व में पार्टी और अधिक सशक्त होगी।पदभार ग्रहण करने के बाद, श्री चंद्रवंशी ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने भाजपा बिहार प्रदेश के मंत्री धनराज शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश सिंह और पूर्व जिलाध्यक्ष आकाश जयदेव गिरी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वह पार्टी द्वारा दिए गए इस महत्वपूर्ण दायित्व को पूरी निष्ठा, लगन और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने वादा किया कि वह पार्टी की विचारधारा को और अधिक मजबूत करने के लिए पूरी लगन से काम करते रहेंगे और समाज के हर वर्ग तक पहुँचने का प्रयास करेंगे।



# डॉ मनीष पकंज मिश्रा ने पितृपक्ष मेला को अंतरराष्ट्रीय मेला घोषित करने के लिए केन्द्रीय पर्यटन मंत्री से की मांग

प्रात: किरण संवाददाता

गया जी।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा नेताओं के द्वारा गया पितृपक्ष मेला राष्ट्रीय घोषित किए जाने के लिए भारत सरकार को मेल एवं पत्र के माध्यम से गया जी में आयोजित पितृपक्ष मेला को राष्ट्रीय मेला घोषित करने हेतु निवेदन किया गया है।बिहार राज्य के गया जिला में प्रतिवर्ष आश्विन मास में आयोजित होने वाला पितृपक्ष मेला न केवल बिहार राज्य के लिए, अपितु पूरे भारतवर्ष एवं विश्व के हिंदू समुदाय के लिए अत्यंत धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व रखता है।भगवान विष्णु की नगरी के रूप में विख्यात गया जी में आयोजित यह पवित्र मेला प्रत्येक वर्ष भाद्रपद पूर्णिमा से लेकर अमावस्या तक 17 दिनों तक चलता है, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु अपने पितरों के मोक्ष हेतु पिंडदान एवं तर्पण करने हेतु आते हैं। यह मेला भारतीय संस्कृति में श्राद्ध कर्म की सबसे बड़ी परंपरा का परिचायक है और हजारों वर्षों से चला आ रहा है।पितृपक्ष मेले के दौरान गया जी के विष्णुपद मंदिर, फल्गु नदी, ब्रह्मयोनि, सीता कुंड, रामशिला, प्रेतशिला सहित 64 प्रमुख वेदियों पर पिंडदान का विधान संपन्न होता है।

इस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देना न केवल गया जी के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि देश के पिंडारियों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं एवं ठहरने की व्यवस्थाएं भी प्राप्त हो सकेंगी।भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गया जी की आम जनता की ओर से हम बारंबार यह मांग उठाते आ रहे हैं कि पितृपक्ष मेला को राष्ट्रीय मेला का दर्जा दिया जाए ताकि इसे सरकार की ओर से आवश्यक आर्थिक, भौतिक और प्रशासनिक सहयोग मिल सके।

हमारा आपसे विनम्र निवेदन है कि आप इस ऐतिहासिक एवं पवित्र धार्मिक मेले को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय मेला घोषित करने की कृपा करें, जिससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके और गया जी की धार्मिक महत्ता को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिल सके।गया जी की जनता की ओर से इस विषय में आपसे सकारात्मक पहल की आशा करते हैं। इसके लिए हम सभी मंत्री के सदा आभारी रहेंगे।

डॉ. मनीष पंकज मिश्रा वरिष्ठ नेता,राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता,भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य बिहार प्रदेश, संतोष ठाकुर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य बिहार प्रदेश।

# मगध विश्वविद्यालय के नवीनीकृत हिंदी भवन का हुआ उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता

गया।मगध विश्वविद्यालय के नवीनीकृत हिंदी भवन का भव्य उद्घाटन बुधवार को हिन्दी विभाग के नागार्जुन सभागार में सांस्कृतिक समारोह के साथ संपन्न हुआ है। यह उद्घाटन मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही द्वारा फीता काटकर, शिलापट्ट का अनावरण और पूजा संपन्न कर किया गया है। कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम तथा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के गंगा देवी कॉलेज की प्राचार्य एवं विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. रिमझिम शील भी इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे हैं।हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. ब्रजेश कुमार राय द्वारा इन मंचासीन अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र, रामलला के सुंदर स्मृति चिह्न एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर कर किया गया है। मूल हिन्दी भवन के 1994 में तत्कालीन राज्यपाल ए. आर. किदवई द्वारा उद्घाटन से लेकर मगध विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति द्वारा इसके नवीनीकृत रूप के उद्घाटन तक की यात्रा विवरण उन्होंने अपने स्वागत वक्तव्य में दिया है। इस भवन के निर्माण में अभूतपूर्व सहयोग के लिए उन्होंने कुलपति को कोटिशः आभार ज्ञापित किया है। इसके साथ ही आने वाले हिन्दी दिवस पर कुलपति महोदय के मार्गदर्शन में प्रेमचंद की मूर्ति के अनावरण की घोषणा भी की है।कुलपति ने अपने वक्तव्य में सभी शिक्षकों से हिन्दी विभाग के भव्य रूप से प्रेरणा लेने की बात कही। बिहार के राज्य विश्वविद्यालयों में किसी विभाग की अवसंरचना इस प्रकार की शायद ही दिखे। उन्होंने कहा कि किसी संस्थान की अवसंरचना भी अकादमिक प्रगति और मूल्यांकन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रस्तावित नैक मूल्यांकन के लिए हिन्दी ने नवीनीकृत भवन के रूप में महत्वपूर्ण कार्य किया है।कुलपति ने कहा कि यदि सभी शिक्षक अपने कर्त्तव्य को पूरी ईमानदारी से करें तो वह दिन दूर नहीं जब मगध विश्वविद्यालय अपने पुराने गरिमामय स्वरूप में लौट आएगा। उन्होंने संगीत कलाकारों शालिनी, चांदनी और सुनील, हिन्दी के सेवानिवृत्त कर्मचारी रोहित यादव को सम्मानित किया और सभी को 11 हजार रुपए पुरस्कार दिए जाने की घोषणा भी की। साथ ही, आगामी 17 अगस्त को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह के अवसर पर बिहार राज्यपाल के द्वारा हिन्दी विभाग को पुरस्कृत कराए जाने की घोषणा भी की। कुलसचिव ने संक्षिप्त वक्तव्य में हिन्दी पर मधुर गीत गाकर अपने भावोद्गार व्यक्त किए हैं। उन्होंने नवीनीकृत हिंदी भवन की रौनक के लिए हिन्दी विभागाध्यक्ष की अनेकशः प्रशंसा की है। विशिष्ट अतिथि के रूप में आईं प्रो. रिमझिम शील ने मगध विश्वविद्यालय तथा हिन्दी विभाग के वर्तमान स्वरूप और उसके सकारात्मक वातावरण की प्रशंसा की और विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने की प्रेरणा दी है।

इस कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. परम प्रकाश राय और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. आनंद कुमार सिंह ने किया है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त आचार्य एवं पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. जितेंद्र कुमार सिंह, प्रो. सुनील सिंह, अंग्रेजी की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. निभा सिंह, कुलानुशासक प्रो. उपेन्द्र कुमार, वित्तीय परामर्शी अरुण प्रसाद श्रीवास्तव, इतिहास के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. नृपेंद्र श्रीवास्तव, महाविद्यालय निरीक्षक प्रो. दीपक कुमार, आइ क्यु यूं सी समन्वयक प्रो. मुकेश कुमार, इतिहास विभाग के प्रो. पीयूष कमल सिन्हा, प्रबंधन विभाग के प्रभारी डॉ. गोपाल सिंह, वनस्पतिशास्त्र विभाग के डॉ. अमित सिंह, रसायन विज्ञान के प्रभारी डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, संस्कृत से डॉ. ममता मेहरा, डॉ. एकता वर्मा, दर्शनशास्त्र से डॉ. प्रियंका तिवारी, श्रम एवं समाज कल्याण विभाग से डॉ. राजेश कुमार, डॉ. वंदना, उर्दू विभागाध्यक्ष आदि थे।

### कुर्था विधानसभा की समस्याओं को लेकर उत्तम कुशवाहा ने की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात

गया जी। मगध विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष यश वर्मा उर्फ उत्तम कुशवाहा ने बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर कुर्था विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को उनके समक्ष रखा। छात्र नेता के इस कदम को जनसरोकारों से जुड़ी एक बड़ी पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और युवाओं के रोजगार से जुड़ी कई ज्वलंत समस्याओं पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया।मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में हुई इस औपचारिक मुलाकात के दौरान यश वर्मा ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने कुर्था विधानसभा क्षेत्र के विकास में आ रही बाधाओं को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कुर्था जैसे पिछड़े क्षेत्र को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है, इसके लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है। बावजूद इसके अन्य सुविधाओं को बहाल करने को लेकर अपनी बातों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा।यश वर्मा उर्फ उत्तम कुशवाहा ने मुख्यमंत्री को बताया कि कुर्था विधानसभा के कई सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षक और आधारभूत सुविधाओं की भारी कमी है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रों को जिले या राज्य के बाहर जाना पड़ता है।

## औरंगाबाद की दानिका ने विंध्याचल के कजली महोत्सव में दिखाया जलवा

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सांगीतिक संस्था दानिका संगीत महाविद्यालय के कलाकारों ने उत्तर प्रदेश राज्य के मिजार्पुर में विंध्यवासिनी माता को समर्पित श्री बिन्ध्य शक्ति संघ के तत्वावधान में अखिल भारतीय सांस्कृतिक समारोह के निमित्त आयोजित कजली महोत्सव में अपनी शानदार प्रस्तुति दी। डॉ रविंद्र कुमार के नेतृत्व में उनकी टीम के योग्य कलाकारों ने विभिन्न भावों को समर्पित बेहतरीन कजली गीत की प्रस्तुति की।दर्शक दीर्घा में बैठे लोग भाव विभोर हो गए।

विंध्य संघ के सचिव श्री उपाध्याय ने दानिका परिवार के डायरेक्टर डॉ रविंद्र कुमार एवं उनकी पुरी टीम को अंग वस्त्र,पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह देकर देकर सम्मानित किया। संबोधन में कहा कि दानिका वर्तमान परिदृश्य में राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित सांस्कृतिक संस्था है।जब दानिका किसी मंच पर पहुंचती है तो उस मंच की शोभा बढ़ जाती है।

# जीविका दीदियों ने संभाली आंगनवाड़ी केंद्रों में पोशाक उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी

## अरवल में कुल 852 आंगनवाड़ी केंद्रों में पढ़ रहे हैं बच्चें

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। हाल ही में बिहार राज्य जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (बी. आर. एल. पी एस.) एवं समेकित बाल विकास सेवाएं (आई. सी. डी. एस) के बीच जीविका सामुदायिक संगठनों के माध्यम से पूरे राज्य भर में 1,15,000 आंगनवाड़ी केंद्रों पर शिक्षा प्राप्त कर रहे 03-06 वर्ष तक के बच्चों को पोशाक उपलब्ध करवाने की स्वीकृति प्राप्त हुए है` इसी कड़ी में जिले अरवल में भी 852 आंगनवाड़ी केंद्रों में पढ़ रहे बच्चों को पोशाक की आपूर्ति जीविका दीदियों द्वारा किया जाना है` ससमय पोशाक आपूर्ति करने के लिए सिलाई में जानकारी रखने वाली जीविका दीदियों का प्रशिक्षण का शुभारंभ सभी प्रखंडों में हो गई है` इसी क्रम में आज करपी प्रखंड के अंतर्गत इमामगंज बाजार में स्थित भारत जीविका महिला स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड में गैर आवासीय सात दिवसीय सिलाई पर चिह्नित जीविका दीदियों का प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया` इस प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला परियोजना प्रबंधक श्रीमति रागिनी कुमारी के द्वारा फीता काट कर किया है` प्रशिक्षण के दौरान सभी दीदियों को मास्टर ट्रेनर के द्वारा शर्ट, पैंट और स्कर्ट की सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है` प्रशिक्षण के उपरांत दीदियों का ग्रेडिंग करते हुए उनके बीच सर्टिफिकेट भी वितरण किया जाएगा और उन्हें सिलाई के रोजगार से जोड़ा जाएगा` इस मौके पर संचार प्रबंधक श्री अशोक कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्री नारायण चौधरी क्षेत्रीय समन्वयक श्री शिशिर हेमंत सहित अन्य जीविका दीदियां उपस्थित रहीं हैं`

## सभी सामाजिक संगठनों ने नगर विधायक सह सहकारिता मंत्री के 70 वें जन्मदिन मनाई गई

प्रात: किरण संवाददाता



गया जी।गयाजी में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने मंत्री सहकारिता विभाग, बिहार सरकार, डॉ. प्रेम कुमार का 70वाँ जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया। यह भव्य आयोजन काशीनाथ मोड़ स्थित होटल सम्राट में आयोजित हुआ, जिसमें जिले के अनेक प्रतिष्ठित सामाजिक संगठन एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए हैं।

इस अवसर पर गयाजी जिला के फुटपाथ विक्रेता संघ, भारतीय जनता पार्टी गयाजी (पूर्वी) तीर्थ पुजारी संघ, महाराणा विचार मंच, ब्राह्मण जागृति मंच, अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा, वस्त्र उद्योग बुनकर सेवा समिति, वैश्य महासभा, चित्रगुप्त कायस्थ परिवार, परशुराम एकता मंच, यादव सेवा समिति, रविदास सेवा समिति सहित मालाकार समाज, प्रजापति समाज, लहरी समाज, दांगी समाज, हलवाई समाज, बढ़ई समाज, विश्वकर्मा समाज, नाई समाज, ठठेरा समाज, पटवा समाज के प्रतिनिधियों ने मंत्री डॉ. कुमार को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएँ दीं है।अपने संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा –आज का दिन मेरे जीवन के लिए अविस्मरणीय है। यह सम्मान और स्नेह मेरा निजी गौरव नहीं, बल्कि आपके विश्वास और सहयोग का प्रतीक है। मैंने जीवन के हर क्षण को जनता की सेवा और समाज के उत्थान के लिए समर्पित किया है और आगे भी अपने अंतिम सांस तक बिहार की प्रगति एवं सहकारिता आंदोलन की मजबूती के लिए कार्य करता रहूँगा। आप सभी का यह स्नेह और आशीर्वाद मुझे ऊर्जा प्रदान करता है।इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने डॉ. कुमार के लंबे राजनीतिक एवं सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु और निरंतर जनसेवा की कामना की।इस मौके पर गया जिला के जनप्रतिनिधि, भारतीय जनता पार्टी गयाजी के सभी नेता दिलिप सिंह लोजपा जिलाध्यक्ष, अरविंद सिंह लोजपा रा के राष्ट्रीय महासचिव,डा करुणा सिंह, विकास कुमार, सागर कुमार, ऋषि लोहानी,हरे राम सिंह,धिरेनद्र, वार्ड पार्षद दिपक चंद्रवंशी, डिम्पल,, एवं कार्यकर्ता,सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे हैं।

## आंगनवाड़ी केंद्रों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



प्रात: किरण संवाददाता

अरवल। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- जिला पदाधिकारी अरवल कुमार गौरव के निदेश के आलोक में अरवल विधानसभा क्षेत्र एवं कुर्था विधानसभा क्षेत्र के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर वरिष्ठ नागरिकों के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत बैठक आयोजित की गई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है।इस हेतु प्रत्येक बूथ स्तर पर विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वहाँ जाकर मतदाता अपना दावा एवं आपत्ति दे सकते है। दावा एवं आपत्ति दर्ज करने की तिथि 01 अगस्त 2025 से 01 सितम्बर 2025 तक। 2003 की सूची में यदि माता-पिता का नाम है तो उस मतदाता का नाम जोड़ दिया जाता है। इसका उद्देश्य है कि कोई भी योग्य मतदाता सूची से वंचित न रहे। मतदाताओं द्वारा अपना गणना प्रपत्र संबंधित बीएलओ का उपलब्ध नहीं कराने एवं अन्य कारणों से मतदाता प्रारूप में सम्मलित नहीं है। प्रकाशित मतदाता प्रारूप पर यदि किसी भी मतदाता को आपति या दावा हो तो संबंधित बीएलओ, एईआरओ, ईआरओ के समक्ष आवश्यक दस्तावेज के साथ 01 सितम्बर 2025 तक अपना दावा या आपति दे सकते है। वैसे मतदाता जिनके द्वारा अपने गणना प्रपत्र के साथ निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी 11 दस्तावेजों की सूची में से किसी भी एक दस्तावेज को संलग्न नहीं किया गया है वे अपना दस्तावेज आवश्यक रूप से संबंधित बीएलओ को देना सुनिश्चित करेंगे। दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि फॉर्म 06 नए मतदाता पंजीकरण हेतु, फॉर्म 07 मतदाता सूची में नाम विलोपन हेतु एवं फॉर्म 08 स्थानांतरण, प्रविष्टियों में सुधार पीडब्बलूडी निर्वाचक के रूप में चिन्हित करने तथा इपिक बदलने हेतु तथा फॉर्म 06 के साथ उपर्युक्त घोषणापत्र और जरूरी दस्तावेज जमा करें।

## बाल विवाह एक अभिशाप है, भूसड़ा पंचायत में चलाया गया जागरूकता अभियान




प्रात: किरण संवाददाता

अरवल प्रखंड के भूसड़ा पंचायत एवं ग्राम में ह्वबाल विवाह मुक्त भारत अभियानह्व के तहत विकास पथ विक्रम की टीम द्वारा एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य था बच्चों को उनके ह्वजस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रनह्व के बारे में जानकारी देना और ह्वएक्सेस टू जस्टिसह्व यानी न्याय तक पहुंच को मजबूत करना।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता जीनत प्रवीण और चंचल कुमारी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप है, जो बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य पर गहरा नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने लोगों को समझाया कि भारतीय कानून में बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है और इससे बच्चों के जीवन पर गंभीर असर पड़ता है।

ग्रामीण महिलाओं, किशोरियों और पुरुषों ने भी इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी को बाल विवाह से होने वाले नुकसान और इसके खिलाफ उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी दी गई। विकास पथ विक्रम की टीम ने संकल्प दिलाया कि भूसडा पंचायत को बाल विवाह से मुक्त बनाना है।

यह अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

## भूमि विबाद को लेकर हुआ मारपीट

शेरघाटी।भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना के बाद घाघर गांव के रहने वाले सुरेश सिंह ने पप्पू सिंह सहित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है. पुलिस से की गई शिकायत में उन्होंने कहा है कि घर के छज्जा बनाने को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ. इसके बाद मारपीट शुरू हो गई. उन्होंने मामले को लेकर पुलिस से न्याय का गुहार लगाया है. इधर थानाध्यक्ष कुमार ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित के शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है. जांच के उपरांत दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

## पीड़िता ने ससुराल पक्ष के खिलाफ किया मुकदमा

शेरघाटी।थाना क्षेत्र के बेला गांव की रहने वाली काजल कुमारी उर्फ ममता देवी ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज मांगने व मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है. पुलिस से की गई शिकायत में उसने कहा है कि हमने 3 साल पूर्व 2022 में मेरी शादी शाहिद अंसारी पिता आशिक अंसारी के साथ कोर्ट मैरिज किया था. शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था. कुछ दिन भी जाने के बाद लड़ाई झगड़ा व मारपीट मेरा पति मुझे करने लगा. इसके बाद हमने 9 फरवरी 2024 को शेरघाटी थाने में मुकदमा दर्ज किया था. मुकदमा दर्ज करने के बाद समझौता हुआ था. लेकिन खर्चा मांगने पर मेरा पति पैसा देने से इनकार कर दिया एवं गुस्से में आकर मेरे ऊपर जानलेवा हमला कर दिया. उसने पुलिस को बताया कि मेरे ससुर एवं स घर से बाहर निकलना चाहती है मुझे घर में नहीं रखना चाहती है. मेरा पति अपनी पहली पत्नी गुलनाज परवीन के साथ मिलकर मेरे ऊपर जुल्म कर रहा है. पुलिस ने पीड़िता के शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है.

## जदयू के बैठक पुनरीक्षण को लेकर हुआ चर्चा

शेरघाटी।आमस और शेरघाटी प्रखंड के जनता दल यूनाइटेड कार्यकताओं की बैठक आमस के हमजापुर स्थित नेताजी मैरिज हॉल में बुधवार को संपन्न हुआ। जिसमें मतदाता पुनरीक्षण कार्य को लेकर पंचायत के हर गांव तक एक भी मतदाता का नाम न कटे। इस पर विशेष ध्यान रखें। बैठक में प्रखंड कार्यकारिणी के सदस्य, सभी पंचायतों के पंचायत अध्यक्ष और 192 बूथों के जदयू द्वारा चयनित बी एल ए 2 ने भाग लिया। चल रहे गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्य में कार्यकताओं की भूमिका पर विचार-विमर्श किया गया । 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में 226- शेरघाटी से जदयू प्रत्याशी को विजय बनाने के लिए कार्यकताओं के योगदान और जिम्मेवारी पर भी चर्चा किया गया। बैठक को मुख्य अतिथि डॉ नवीन कुमार , अति पिछड़ा वर्ग बिहार, पूर्व मंत्री डॉ विनोद प्रसाद यादव, जिला प्रभारी अरुण कुशवाहा, विधानसभा प्रभारी मनोज चंद्रवंशी ने संबोधित किया । मतदाताओं का नाम न कटे इसके लिए भी लोगों ने बतलाया। सभा को प्रो अरविंद कुमार ,रामवृक्ष प्रसाद, टीना कुमारी जितेन्द्र कुमार दांगी, अमानुल्लाह खान आदि मौजूद रहे।

## प्रो डॉ गुणसागर यादव बनाए गए जेपीयू के महाविद्यालय विकास परिषद के समायोजक

छपरा सदर : प्रो डॉ गुणसागर यादव को जीपीयू के महाविद्यालय विकास परिषद के समायोजक बनाया गया है । इस आशय का पत्र जेपीयू के कुलसचिव डॉ नारायण दास के द्वारा जारी किया गया है । पत्र के माध्यम से उन्होंने सूचित किया है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 (अद्यतन संशोधित) की धारा 14 (बी) के प्रावधानों के तहत कुलपति प्रो डॉ परमेंद्र कुमार बाजपेई ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से प्रो. (डॉ.) गुणसागर यादव, विभागाध्यक्ष, स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा को उनके अपने कार्यों के अतिरिक्त इस विश्वविद्यालय के समायोजक, महाविद्यालय विकास परिषद् के पद पर अगले आदेश तक के लिए नियुक्त करने की कृपा प्रदान की है।इस पत्र की प्रतिलिपि डॉ गुणसागर यादव के साथ ही सचिव, शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा, बिहार सरकार, पटना , निदेशक, शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा, बिहार सरकार, पटना, विशेष कार्य पदाधिकारी (विश्वविद्यालय) राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना, सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, बहादुर शाह जुफर मार्ग, नई दिल्ली, सभी प्राचार्य / प्रभारी प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा,वित्त पदाधिकारी, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा, सभी पदाधिकारी, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा तथा जे पी यू के कुलपति / कुलसचिव के निजी सहायक को प्रेषित कर दिया गया है। प्रो गुणसागर यादव को जेपीयू के महाविद्यालय विकास परिषद के समायोजक बनाए जाने पर जे पी यू सभी पदाधिकारी, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के साथ ही उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## भात पर गोतिया कार्यक्रम को सफलता के लिए आयोजित होंगी बैठक

औरंगाबाद। पटना के मिलर स्कूल मैदान में शाकद्वीपीय परिवार महाकुंभ के आधारशिला रखने हेतु 24 अगस्त 2025 को जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक अनुसंधान संस्थान, सरदार पटेल मार्ग पटना में आयोजित कार्यक्रम भात पर गोतिया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आगामी रविवार 10 अगस्त को औरंगाबाद जिले के दो जगह पर बैठक का आयोजन किया गया है। इस बैठक में सैकड़ो शाकद्वीपीय परिवारों का महाजुटान होगा।शाकद्वीपीय परिवार महाकुंभ के संयोजक श्री सौरभ मिश्रा ने बताया की 10 अगस्त को शाकद्वीपीय परिवार के लिए ऐतिहासिक स्नेह मिलन समारोह किया जाएगा। मिलन समारोह को जिला में दो जगह आयोजित किया जायेगा। पहली बैठक दोपहर 1 बजे से स्नेह मिलन समारोह सह तैयारी बैठक भगवान भास्कर की नगरी देव के सीता लाल गली में किया जाएगा एवं दूसरी बैठक शाम 5 बजे जिला मुख्यालय के सर्वोदय नगर, कर्मा रोड में निज आवास पर आयोजित की जाएगी। इस बैठक में पटना से आयोजक मंडल के कई सदस्य शामिल हो सकते हैं। स्नेह मिलन सह बैठक के साथ-साथ उसी शाम लिट्टी पार्टी का भी आयोजन किया गया हैं जिसमे सैकड़ो शाकद्वीपीय परिवार शामिल होंगे। इस बैठक में औरंगाबाद के सभी प्रखंडों से प्रतिनिधि भाग लेंगे जिनकी जिम्मेवारी होगी कि कैसे अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पटना में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा दिलवा सके।

# सदर विधायक आनंद शंकर को पितृ शोक



प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद । जिला मुख्यालय औरंगाबाद के महाराणा प्रताप चौक के समीप स्थानीय सिद्ध पीठ पर औरंगाबाद के सदर विधायक माननीय आनंद शंकर सिंह के पूज्य पिता यमुना सिंह जी के आकस्मिक निधन पर सिद्ध पीठ पर जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह के अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया।पूर्व पुलिस अधिकारी सिंहेश सिंह के संचालन में उपस्थित लोगों ने यमुना बाबू के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कहा कि संकट की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिवार को संबल प्रदान करें। समकालीन जवाबदेही के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि यमुना बाबू मानवतावादी व्यक्तित्व के धनी थे। औरंगाबाद विधानसभा में उन्होंने कई कालजई कार्य किए थे। सत्यचंडी धाम रायपुरा के विकास में भी उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया था। मौके पर सिद्ध पीठ के पीठाधीश्वर पुरुषोत्तम पाठक,डॉ शिवपूजन सिंह,इंजीनियर अर्जुन सिंह,रामसुरेश सिंह, नारायणसिंह,रामभजन सिंह अर्जुन सिंह प्रोफेसर रामविलास सिंह,प्रसिद्ध कवि लवकुश प्रसाद सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## आरा छपरा पुल पर बस और ट्रक की आमने सामने की टक्कर मे आधा दर्जन लोग घायल

प्रात: किरण संवाददाता

डोरीगंज। आरा-छपरा पुल पर आज सुबह एक बड़ा सड़क हादसा टल गया. पुल पर आरा से यात्रियों को लेकर छपरा की ओर आ रही तिवारी बस एवं बालू लेने आरा जा रही ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई ।

इस हादसे में ट्रक चालक और बस के कुछ यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल ट्रक चालक की पहचान पूर्वी चंपारण निवासी मोहन राम और बस में सवार गंभीर रूप से घायल एक यात्री की पहचान सारण जिले के पानापुर थाना क्षेत्र निवासी सीताराम के रूप में की गई है.वही हादसे के बाद बस में सवार एक यात्री ने सदर अस्पताल में बताया कि ट्रक अपनी दिशा से सीधे आ रहा था. तभी बस चालक ने तेजी दिखाते हुए दूसरे साइड से निकालने की कोशिश की, जिससे ट्रक से उसकी आमने-सामने की टक्कर हो गई. इस टक्कर में बस में बैठे दो-तीन यात्री घायल हो गए, हालांकि इलाज के लिए सिर्फ एक ही यात्री अस्पताल पहुंचा. अन्य का उपचार अन्यत्र कराया गया. वहीं ट्रक चालक को डायल 112 की पुलिस टीम ने गंभीर हालत में सदर अस्पताल पहुंचाया,जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे पटना रेफर कर दिया. ट्रक के खलासी ने बताया कि बस काफी तेज रफ्तार में थी और संयोग अच्छा रहा कि बस पुल से नीचे नहीं गिरी, नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी. वही घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच-पड़ताल में जुट गई है. वही बस में सवार यात्री सीताराम ने भी बस चालक की गलती बताते हुए कहा कि ओवरटेक करने के चक्कर में आज वह सभी यात्रियों को मौत के मुंह में ले जाता. बड़ा हादसा टला है।

## राजेंद्र आश्रम स्थित कांग्रेस कार्यालय में स्वागत समारोह सह समिति की बैठक आयोजित की गई

प्रात: किरण संवाददाता

गया जी । गया जी शहर के राजेंद्र आश्रम स्थित कांग्रेस कार्यालय में स्वागत समारोह सह समिति की बैठक आयोजित की गई. इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस के नेताओं और समर्पित कार्यकताओं का सम्मानित किया गया. साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव तथा राहुल गाँधी की पदयात्रा को लेकर तैयारी समिति की बैठक भी की गई है।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गयाजी के जिलाध्यक्ष संतोष कुशवाहा ने की एवं संचालन नवाब अली ने किया. जिलाध्यक्ष ने कहा की हम सभी को हमारे जननायक राहुल गाँधी जी का हाँथ मजबुत करना हैं और र.कफहो रही गड़बड़ियो को जमीनी स्तर पर जाकर दुरुस्त करना हैं. गयाजी का लाल कुणाल अग्रवाल ने कहा कि गया जी धरती केवल एक भूगोल नहीं, बल्कि आत्मा की शांति और श्रद्धा का तीर्थ है। भगवान विष्णु की तपोभूमि है, यह गौतम बुद्ध की करुणा तक की गूंज है। गया की मिट्टी में धर्म भी है, दर्शन भी। लेकिन अफसोस-गया के लोग अब भी विकास की प्रतीक्षा में हैं। आज का यह अवसर मेरे लिए केवल एक राजनैतिक मंच नहीं है, बल्कि यह भावनात्मक और ऐतिहासिक क्षण है जहाँ से हम सब मिलकर गया जी के बदलाव की नींव रखने जा रहे हैं।आज इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी सम्मानित पदाधिकारियों को सुनने का मौका मिला है, सभी ने अपने विचार रखे मैं समझता हूँ कि सब के अंदर एक जज्बा है कि हमारे जिलाध्यक्ष के अध्यक्षता में गया जी की सारी विधानसभा सीटें जीते, मैं इस जज्बे को सलाम करता हूँ, प्रणाम करता हूँ, इसी कड़ी.में आप सभी के आशीर्वाद के साथ कुछ बातें जोड़ना चाहूंगा।

। दूसरी बात मेरा ऐसा मानना है की सिर्फ गयाजी के नाम के आगे जी लगा देने भर से कुछ नहीं होगा, बल्कि गयाजी में विकास की ऐसी गंगा बहानी होगी की खुद व खुद लोगो के अंदर एक सम्मान की भावना आये, तभी हम एक मुक्कमल गयाजी की परिकल्पंना कर सकते है ।गया जिला के लिए अहम बात अहम बात हम सबके प्रेरणाश्रोत हमारे नेता राहुल गाँधी ने न्याय के साथ विकास की बात कही है, हम सभी को उसी पथ पर मजबूती के साथ चलना है हमें ये सुनिश्चित करना है की विकास हमारा मुद्दा है लेकिन न्याय के साथ। इस विकास के क्रम में कही हमारा कोई भी पीछे न छूटे उनके साथ अन्याय न हो।बिहार में 17 अगस्त से राहुल जी की ह्वन्याय के साथ भारत यात्राह्व शुरू हो रही है, 18 अगस्त को गया जी पधार रहे हैं। इस कार्यक्रम के अंत में झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन एवं जम्मू कश्मीर के राज्यपाल रहे सत्यपाल मल्लिक को एक मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजली दी गयी है।इस कार्यक्रम में कांग्रेस के कई दिग्गज नेतागण कार्यकारी अध्यक्ष सहाबुद्दीन रहमान जी, उदय मांझी , नैना देवी ,सरदार ,सुमंत कुमार सिंह, मोहम्मद ताजुद्दीन, खालिद अमीन जी, जुगल किशोर , अशोक भारती,अजय कुमार रंजीत कश्यप, गया के पूर्व प्रत्याशी प्रियरंजन डिंपल जी आदि थे।

# तुलसी के रामचरितमानस को पाठ्यक्रमों में शामिल करने की मांग

प्रात: किरण संवाददाता




औरंगाबाद । जिला मुख्यालय औरंगाबाद के ब्लॉक मोड़ के समीप पृथ्वीराज चौहान स्मृति स्थल के प्रांगण में भक्ति काल के महान कवि,संत शिरोमणि तुलसी जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट एवं औरंगाबाद जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तुलसी जयंती समारोह की अध्यक्षता जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने किया ।जबकि, संचालन की जिम्मेवारी महामंत्री धनंजय जयपुरी द्वारा निभाई गई ।सर्वप्रथम पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह,उपाध्यक्ष प्रोफेसर ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह,समकालीन जवाबदेही के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र,पीएम श्री मध्य विद्यालय कुटुंबा के प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर प्रसाद साहू,डॉ शिवपूजन सिंह,संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य सूर्यपत सिंह, संयोजिका प्रियंका पांडेय सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं तुलसीदास के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। संबोधन के क्रम में विषय प्रवेश संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी द्वारा सुंदरकांड के श्लोक के पाठ के साथ किया गया ।तत्पश्चात अनुपमा सिंह ने तुलसीदास के रचनाओं का सस्वर पाठ किया ।शिवप्रसाद ने उन्हें भक्ति काल का दैदीप्यमान कवि बताया तो डॉ संजीव रंजन ने मानस को जीवन जीने की शैली बताया ।सुमन अग्रवाल ने मानस के दार्शनिक तत्वों की चर्चा की। रामभजन सिंह,पुरुषोत्तम पाठक,लवकुश प्रसाद सिंह, नारायण सिंह,अश्विनी कुमार सोमनाथ,शिक्षक उज्जवल रंजन,प्रोफेसर राजेंद्र सिंह ने रामचरितमानस को ज्ञान का सागर बताया। विनय मामूली बुद्धि ने तुलसीदास के चमत्कारों की चर्चा की। अनुपमा सिंह ने तुलसी रचित ग्रंथों की चर्चा करते हुए कहा कि उनके जन्म पर जो भी मिथक हैं वे सच नहीं हो सकते ।पत्नी प्रेम को बचपन में मां का असमय चला जाना बताया। डॉ शिवपूजन सिंह ने तुलसी के मानस को राम कथा का आधारभूत इकाई माना। चंद्रशेखर साहू ने तुलसी के बारे में जो मिथक हैं उन्हें जनश्रुतियों का हिस्सा बताया ।बाबा नरहरी दास के शिष्य तुलसी जो युग का प्रतिनिधि करने वाले हैं उन्हें सीमित दायरे में नहीं बांधा जा सकता ।तुलसी के राम का चरित्र उदात्त है। रामचरितमानस अध्यात्म की सर्वोत्तम कृति है ।मानस की हिंदी शब्दावली काफी समृद्ध है । डॉ हेरम्ब मिश्रा ने तुलसी के मानस को कर्म ज्ञान भक्ति की त्रिवेणी बताया ।डॉ ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह ने मानस के साहित्यिक पहलुओं की चर्चा की ।उनके महाकाव्य को पाठ्यक्रमों में शामिल किए जाने की आवश्यकता है ।डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि तुलसी सही मायने में संत थे ।रामचरितमानस एक कालजई कृति है ।मानस के राम ने सभी रिश्तों को निभाया ।राम अपने संबंधों के प्रति संवेदनशील रहे हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ सिद्धेश्वर बाबू ने मानस के भूमिका की चर्चा की। तुलसी ने मानस के माध्यम से राम कथा को आमजन के पास पहुंचाने का कार्य किया। धन्यवाद ज्ञापन संयोजिका प्रियंका पांडेय द्वारा किया गया। मौके पर ट्रस्ट अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश सिंह,संजय सिंह, राम सुरेश सिंह,रविंद्र कुमार सिंह, शिक्षक सुनील कुमार सिंह,कविवर नागेंद्र केसरी, दोमुहान मंदिर के अध्यक्ष सिंहेश सिंह,परता धाम के अशोक सिंह,सोमनाथ प्रसाद, इंजीनियर अर्जुन सिंह, शिक्षक चंद्रकांत सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# परमानंद सेवा फाउंडेशन ने लगाया कावंड़िया शिविर

प्रात: किरण संवाददाता



भागलपुर/देवघर : सावन की चौथी सोमवारी को परमानन्द सेवा फाउंडेशन, मुंबई द्वारा आयोजित कावरिया सेवा शिविर का आयोजन बाबा नगरी देवघर, झारखण्ड और बाब्रजलेश्वर बाबाधाम, मरवा, भागलपुर बिहार में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। देवघर में बिरुराज शाही और उनकी टीम द्वारा सहयोग किया गया। वही दूसरी ओर भागलपुर के चर्चित बाबा ब्रजलेश्वर मंदिर प्रांगण और महंत स्थान चौक पर श्रीराम होमियो सेवा संस्था के डॉ अरुण कुमार चौधरी ग्रामीण चन्दन जी, डॉ अभिषेक, डॉ विक्रांत, बजरंगी, श्रीमति निक्की और अन्य ग्रामीणों ने कार्यक्रम सफल बनाया। परमानन्द सेवा फाउंडेशन के राजीव चौधरी एवं संजीव कुमार बंटी ने बताया कि कई वर्षों से सावन मास में कावंरिया शिविर लगाया जाता रहा है , इसके अलावा स्वास्थ शिविर पौधरोपण , पाठ्य सामग्री वितरण भी समय समय पर किया जाता है ।

## परसा में बीस सूत्री की हुई बैठक ,कई मुद्दों पर चर्चा

परसा।प्रखंड के सत्याग्रह भवन में बीस सूत्री अध्यक्ष लाल बहुर पांडेय की अध्यक्षता में बीस सूत्री की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया गया।जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और स्कूलों में आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था।आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमितता और गुणवत्ता में सुधार, स्वास्थ्य विभाग में पदाधिकारी और कर्मियों की नियमित उपस्थिति और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, नल जल योजना के तहत पानी की आपूर्ति और इसकी गुणवत्ता में सुधार, आवास योजना के तहत राशि की नियमित भुगतान और योजना के क्रियान्वयन में सुधार, बिजली आपूर्ति में सुधार और इसकी नियमितता, दरोगा राय से हॉस्पिटल तक अतिक्रमण की समस्या का समाधान, आयुष्मान कार्ड में नाम की त्रुटि में सुधार, राजस्व कर्मियों पर मनमानी कार्य करने का आरोप और इसकी जांच,सरकारी चापाकल की मरम्मत और इसकी नियमितता, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र में धांधली का आरोप और इसकी जांच करने की मांग किया गया।बैठक में बीडीओ राकेश कुमार ,सीओ अनुज कुमार आदि थे।

### नदियों के बढ़ते जल स्तर से बाढ़ के बने गंभीर हालात,सैकड़ों एकड़ फसल हो गए बर्बाद

# डीएम मिथिलेश मिश्र सहित जिला प्रशासन की पूरी टीम प्रभावित क्षेत्रों का ले रहे जायजा

**सबसे अधिक प्रभावित बड़हिया टाल और पिपरिया प्रखंड है !बड़हिया का खुटहाडीह और पिपरिया का पथुआ और कन्हरपुर गांव चारों ओर से बाढ़ के पानी से गिर चुके हैं**

प्रातः किरण संवाददाता



लखीसराय !लखीसराय के दियारा ताल में गंगा -हरूहर का जल प्रलय विकराल होता जा रहा है !सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद हो गए हैं ! जिले में नदियों के जलस्तर में लगातार वृद्धि होने के कारण बाढ़ की स्थिति गंभीर होती जा रही है। सबसे अधिक प्रभावित बड़हिया टाल और पिपरिया प्रखंड है !बड़हिया का खुटहाडीह और पिपरिया का पथुआ और कन्हरपुर गांव चारों ओर से बाढ़ के पानी से गिर चुके हैं ! इन गांव का सड़क संपर्क पूरी तरह से धाराशाही हो गया है !इससे आम लोगों को आने-जाने में भारी परेशानियों हो रही है !पिपरिया अंचल अधिकारी प्रवीण अनुरंजन ने प्रभावित गांवों का दौरा किया !उन्होंने पथुआ कन्हरपुर,बसौना और डीह पिपरिया गांवों की स्थिति का जायजा ! अंचल अधिकारी ने बताया कि अभी किसी भी गांव की आबादी वाले हिस्से में पानी नहीं घुसा है लेकिन जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी से खतरा बना हुआ है ! अगर इसी गति से पानी बढ़ता रहा तो आगामी दो-तीन दिनों में स्थिति और बिगड़ सकती है ! रामचंद्रपुर और डीह पिपरिया में भी बाढ़ का खतरा है ! प्रशासन ने यह एहतियातान रामचंद्रपुर गांव में नाव उपलब्ध कराई है !जिला प्रशासन पूरे क्षेत्र पर नजर बनाए हुए हैं !राहत और बचाव की तैयारी की जा रही है !स्वयं जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र पैनी नजर रखे हुए हैं !वे भी लगातार प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं !वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से राहत शिविर,खाद्य सामग्री और चिकित्सीय सहायता की मांग की है !

## अन्तर महाविद्यालय टेबुल टेनिस पुरूष व महिला खेल प्रतियोगिता का कुलपति करेगें उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता



सहरसा। भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा अंतर्गत नैक मान्यता प्राप्त मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा कौशल्या ग्राम बिहार के परिसर में दिनांक 7 एवं 8 अगस्त को दो दिवसीय अन्तर महाविद्यालय टेबुल टेनिस पुरूष व महिला खेल प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया जाएगा। बीएन मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा के कुलपति प्रो (डा) बिमलेन्दु शेखर झा इस प्रतियोगिता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहकर खेल प्रतियोगिता समारोह का उद्घाटन करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण डा अशोक कुमार उपस्थित रहेंगे। जबकि विश्वविद्यालय के क्रीड़ा एवं सांकृतिक परिषद निदेशक डा अबुल फजल, उप निदेशक डा जैनेन्द्र कुमार, विश्वविद्यालय मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा अशोक कुमार एवं मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा के संस्थापक डा अशोक कुमार सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।वहीं मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा के उप प्रधानाचार्य डा भगवान कुमार मिश्रा स्वागताध्यक्ष होंगे। मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा के प्रधानाचार्या डा पूनम यादव, महाविद्यालय क्रीड़ा अध्यक्ष डा रत्नाकर भारती, पीटीआई अविनाश कुमार एवं समारोह संयोजक प्रो सच्चिदानंद सचिव ने बताया कि इस खेल प्रतियोगिता को लेकर महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है। इस खेल प्रतियोगिता की तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस खेल प्रतियोगिता के सफल संचालन को लेकर महाविद्यालय के संस्थापक डा अशोक कुमार की अध्यक्षता में बुद्धवार को बैठक आयोजित की गयी। महाविद्यालय के संस्थापक प्रधानाचार्य रहे डा अशोक कुमार ने संचालन समिति सदस्यों को खेल समारोह को सफल बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में उप प्रधानाचार्य डा भगवान कुमार मिश्रा, प्रो ब्रजेश कुमार मंडल, प्रो मनोज कुमार झा, प्रो अभय कुमार, प्रो रत्नाकर भारती, प्रो सोएब आलम, प्रो नवीन कुमार, पीटीआई अविनाश कुमार, आशीष कुमार आदि मौजूद थे।

## डीपीओं ने महिषी प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



प्रातः किरण संवाददाता

सहरसा। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी के अध्यक्षता में महिषी प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया एवं कुछ आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से समीक्षा की गई। साथ ही संबंधित आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाभूको को बुलाकर विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर स्तनपान करने के तरीके एवं उससे होने वाले फायदे के बारे में बताया गया। इस अवसर पर साफ सफाई का विशेष रूप से ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में बताया गया।

वही सभी लाभुकों के सामने ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया को भी करके दिखाया गया ताकि लाभुक स्वयं एवं सेविकाओं के माध्यम से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ ले सके साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह रोकथाम के बारे में जागरूकता किया गया एवं सभी आमजनों से अनुरोध किया की उक्त सभी बातो को अपने परिवार में एवं समाज के लोगों में जागरूकता फैलाए। उक्त कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी महिषी, जिला समन्वयक, आईसीडीएस लैंगिक विशेषज्ञ, जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन एवं महिला पर्यवेक्षिकाएं एवं सेविकाएं उपस्थित हुए।

## मतदाता जागरूकता को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी व स्वीप आइकॉन द्वारा चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

प्रातः किरण संवाददाता



सहरसा। विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में जिला स्तर पर दिनांक 01 अगस्त से 01 सितम्बर तक चल रहे विशेष कैंप अन्तर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिलें के आइकॉन की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जिला स्वीप आईकॉन अभिनेता पंकज झा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार, स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग सह- उप विकास आयुक्त संजय कुमार निराला के द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाकर जिलें के सभी सम्मानित नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य हेतु अभियान चलाया गया।स्वीप आइकॉन पंकज झा के द्वारा बताया गया दिनांक 01 अगस्त को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन हो चुका है। कोई मतदाता छूटे नहीं इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा जिले के सभी प्रखंड,अंचल कार्यालय, सभी नगर निकाय तथा नगर निगम के कार्यालय साथ ही जिला स्तर पर भी विशेष कैंप चलाकर आम नागरिकों व मतदाताओं का दावा आपत्ति से संबंधित नया नाम जोड़ने लिए फार्म-6, नाम हटाने के लिए फार्म 7 एवं नाम, पता या अन्य जानकारी में सुधार या स्थानांतरण के लिए फार्म - 8 से संबंधित कार्य किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि फार्म के साथ घोषणा पत्र और आवश्यक दस्तावेज जरूर संलग्न करे। यह विशेष कैंप 1 अगस्त से 1 सितम्बर तक प्रत्येक दिन चलेगी। साथ ही आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2025 हेतु अनुमंडल स्तर पर बनाए गए ईवीएम डेमोसट्रेशन सेंटर पर जाकर आम नागरिकों व मतदाताओं को ईवीएम वीवीपैट मशीन से संबंधित जानकारी से अवगत कराते हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। श्री झा के द्वारा सभी मतदाताओ से अपील की गयी कि मतदान के दिन ज्यादा से ज्यादा मतदाता मतदान प्रक्रिया से जुड़कर तथा अपने बहुमूल्य मतों का प्रयोग करें। श्री झा के द्वारा कहा गया कि मतदान लोकतंत्र का वो महापर्व है जिसमें सभी मतदाता सामान्य रूप से अपने मत का प्रयोग करते है। इस मौके पर वैभव कुमार, नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग - सह- निदेशक, डीआरडीए, सहरसा एवं स्वीप कोषांग के सभी कर्मी तथा भारी संख्या आम नागरिक उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के निमित्त बैठक




मधेपुरा। न्यू एन०आई०सी० हॉल, मधेपुरा में विशेष रोल पर्यवेक्षक श्रीमती अनुराधा पटनायक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के निमित्त बैठक की गई। जहां जिलाधिकारी मधेपुरा द्वारा प्रतीक चिह्न गुलदस्ता से स्वागत किया गया। वहीं दूसरी ओर विशेष रोल पर्यवेक्षक श्रीमती अनुराधा पटनायक एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिला पदाधिकारी मधेपुरा तरनजोत सिंह द्वारा जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत की जा रही कार्यों का जायजा भी लिया गया। मौके पर संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जदयू अनुसुचित जाती के जिला अध्यक्ष महेश दास ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का लिया जायजा

भागलपुर सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ धाम में गंगा का जलस्तर बढ़ने पर कल्याणपुर मोतीचक दियारा डुबा, जिला प्रशासन द्वारा कोई भी सहायक नहीं मिलने ऊंचे स्थान पर रहने को मजबूर/इसको लेकर जदयू अनुसुचित जाती के जिला अध्यक्ष महेश दास ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा,इस दौरान जदयू अनूसूचित जाति के जिला अध्यक्ष महेश दास ने बताया कि महेशी पंचायत के कल्याणपुर मोतीचक दियारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने पर दस दिनों से लोगो बाढ़ के चपेट में हैं लेकिन सरकार के द्वारा अबतक कोई सुविधा नहीं मिलने निंदनीय प्रकट करते हुए इन सभी परिवारों को सरकार द्वारा मिलने वाली सहायता राशि दिलाने की बात कही और कहा कि इन सभी परिवारों को जमीन का पर्चा दिया गया है पर अबतक पदाधिकारी के द्वारा नहीं बसाने पर एसडीओ से बातचीत कि गई है जो सावन के बाद बसाने की बात कही है/ और बाढ़ प्रभावित लोगों ने कहा कि एक महिना से बाढ़ के चपेट में लेकर जिला प्रशासन द्वारा कोई सहायता एवं देखने तक नहीं आये है किसी तरह जीवन यापन कर रहे हैं और 2022 से अंचल द्वारा नाव चलाने कहा गया था जिसका पैसा दिया जाएगा लेकिन वह भी अबतक पैसा नहीं दिया गया है कि बात कही/इस दौरान दर्जनों बाढ़ प्रभावित लोग मौजूद थे।

## नगर परिषद सुल्तानगंज में समान्य बोर्ड की हुई बैठक

भागलपुर। सुल्तानगंज नगर परिषद सुल्तानगंज में आम बजट को लेकर समान्य बोर्ड की बैठक होने पर जल जमाव की समस्या पर वार्ड पार्षद एवं जनता ने घेरा/इस मामले को लेकर वार्ड पार्षद कृष्ण कुमार ने बताया कि वार्ड 21 से 28 तक जल जमाव है, श्रावणी मेला में तीन करोड़ रूपए आने पर भी दक्षिण क्षेत्र में खर्च नहीं करने पर जल जमाव है/ सभापति राज कुमार गुड्डू ने कहा कि आम बजट में तुरुटी होने पर आम बजट पारित नहीं हो पाया अगले तिथि को पारित किया जाएगा, उपसभापति नीलम देवी द्वारा बैठक हंगामा करने पर बैठक स्थगित कर दिया गया है, श्रावणी मेला में तीन करोड़ रूपए आवंटन होने पर दक्षिणी क्षेत्र में जल जमाव में खर्च नहीं किया गया के सवाल पर कहा मुझे नहीं मालूम है कि श्रावणी मेला में तीन करोड़ आवंटन हुआ लेकिन जल जमाव की समस्या के लिए 28 लाख रुपए की योजना की स्वीकृति हो गई है उसे जल्द दुरुस्त कर दिया जाएगा/ उपसभापति नीलम देवी ने कहा कि आम बजट पारित नहीं होने सभापति एवं उनके सर्मथक वार्ड द्वारा किया जा रहा है/बार बार बैठक में तुरुटी बताकर आम बजट पारित नहीं कर रहे हैं/और मुझ पर झुठे आरोप लगाते रहते हैं कि बात कही//इस दौरान कई वार्ड पार्षद मौजूद थे।

## बीएससी नर्सिंग छात्र के हत्यारे के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो : राकेश नायक

दरभंगा। एक तरफ बिहार में संगठित होकर बैखौफ अपराधियों ने आम जनमानस का जीना मुहाल कर दिया हैं वहीं दूसरी तरफ क्रूर अपराधिक मानसिकता के लोगों के मन से भी नीतीश सरकार का इकबाल खत्म हो गया हैं। यही वजह हैं कि निर्मम घटनाओं को अंजाम देने से छोटे से बड़े अपराधी बाज नहीं आ रहें हैं। यह बातें प्रेम प्रसंग प्रकरण में हुए नर्सिंग छात्र की हत्या डीएमसीएच परिसर में छात्र के ससुर के द्वारा ही गोली मारकर किए जाने के बाद मंगलवार की रात डीएमसीएम के पोस्टमार्टम स्थित पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे महानगर युवा राजद के जिलाध्यक्ष राकेश नायक ने कही।

जिलाध्यक्ष श्री नायक ने कहा कि दरभंगा सहित पूरे बिहार भर में बेलगाम अपराधियों पर अंकुश लगाने में नीतीश सरकार का हर एक तंत्र विफल ही नहीं बल्कि मूकदर्शी हो गई हैं। यही वजह हैं कि वर्षो में होने वाली घटना अब प्रत्येक दिन होने लगी हैं। जिलाध्यक्ष नायक ने कहा कि प्रेम प्रसंग के बाद शादी करने की गलती मात्र से किसी की हत्या इतने निर्मम तरीके से कर देने जैसी घटना के बाद पुलिस के द्वारा भी की गई बर्बरता एनडीए सरकार के खत्म हो चुके इकबाल का सफेद प्रमाण है। पहले प्रशासन का अपराधियों में खौफ रहता था लेकिन भाजपा जदयू के डबल इंजन की सरकार में अपराधियों से प्रशासन डर रही है।

### बाढ़ में डूबे किसान नागेंद्र सिंह की असामयिक मृत्यु, भाजपा नेता अजय सिंह ने पहुँचकर परिजनों को दी सांत्वना

महुदही, बड़हरा । बाढ़ की त्रासदी ने बड़हरा प्रखंड के ग्राम महुदही निवासी नागेंद्र सिंह (उम्र 45 वर्ष) की जान ले ली। मंगलवार को वह खेत से अपने मवेशियों के लिए चारा लाने गए थे, जहाँ पानी के तेज बहाव में डूबने से उनकी मृत्यु हो गई। खेत पूरी तरह जलमग्न था, जिससे उनका पूरा फसल भी बर्बाद हो गया।इस दर्दनाक हादसे की सूचना मिलते ही इलाके में शोक की लहर फैल गई। बुधवार को भाजपा नेता अजय सिंह महुदही पहुँचकर शोकसंतप्त परिजनों से मिले और सांत्वना दी। नागेंद्र सिंह के पुत्र राज, जिन्हें अजय सिंह ने पुत्रवत मानते हैं, का रो-रोकर बुरा हाल था। अजय सिंह ने उन्हें गले लगाकर ढांढस बंधाया और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।अजय सिंह ने बताया कि जब एनडीआरएफ की टीम नागेंद्र सिंह के पार्थिव शरीर को लेकर केशोपुर पहुँची, तो वहाँ से शव को आरा ले जाने के लिए कोई गाड़ी या एम्बुलेंस नहीं थी। ऐसे में उन्होंने अपने निजी प्लांट से एक एम्बुलेंस भेजवाकर तत्काल व्यवस्था करवाई।इस घटना पर दुःख जताते हुए अजय सिंह ने कहा, यह केवल एक किसान की मौत नहीं, पूरे समाज के लिए एक चेतावनी है। शासन-प्रशासन को चाहिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आपातकालीन संसाधन पहले से तैनात रहे।अजय सिंह ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति और परिवार को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

### शिक्षक की पत्नी बनी अखिल भारतीय हिन्दू महासभा की जिला उपाध्यक्ष

परसा।अखिल भारतीय हिन्दू महासभा ने शहर छपरा निवासी शिक्षक नितेश कुमार सिंह की पत्नी कंचन देवी को सारण, बिहार में युवा मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। यह मनोनयन पत्र मंगलवार को जारी किया गया है।राष्ट्रीय संगठन प्रभारी अनिल कुमार शर्मा,राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता शक्तिपीठ भारत स्वामी विजय नारायण भट्ट द्वारा कंचन देवी को अखिल भारतीय हिन्दू महासभा का उद्देश्य उन्नत समाज और हिन्दू हितैषी की धारणा के अनुरूप सफल पहल करना है। संगठन को उम्मीद है कि कंचन देवी अपने दायित्वों का निर्वहन करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगी।अखिल भारतीय हिन्दू महासभा ने कंचन देवी को युवा मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। यह मनोनयन संगठन के उद्देश्यों को पूरा करने और हिन्दू हितैषी की धारणा को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।कंचन देवी ने कहा कि संघ के निर्देश का पालन करते हुए संघ को आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेवारी और निष्ठा के साथ कार्य करने की आश्वसन दिया।मनोनीत होने पर चंदेश्वर सिंह,दिनेश सिंह,कमता सिंह,दिव्यांशु सिंह,अमन सिंह,रिंकू कुमार,दीपक कुमार,गजेंद्र कुमार,रूपा कुमारी,बबिता देवी, अनुराधा कुमारी,अनुष्का देवी ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

## डीएम की अध्यक्षता में राजस्व महा अभियान से संबंधित अधिकारियों एवं राजस्व कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**➤ राजस्व महा अभियान का 16 अगस्त 2025 से 20 सितंबर 2025 तक होगा आयोजन**

प्रातः किरण संवाददाता




लखीसराय। जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में राजस्व महा अभियान से संबंधित प्रशिक्षण लखीसराय जिले के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, राजस्व अधिकारी तथा राजस्व कर्मचारियों को समाहरणालय स्थित मंत्रणा कक्ष में दी गई।

राजस्व महा अभियान का आयोजन दिनांक 16 अगस्त 2025 से 20 सितंबर 2025 तक किया जाना है।राजस्व महा अभियान का उद्देश्य बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा जमीन के रिकॉर्ड अभिलेख की अशुद्धियों के सुधार में तेजी लाने हेतु घर तक पहुंच कर भूमि संबंधी दस्तावेजों की अशुद्धियां सुधार करना है।इस अभियान के तहत हर पंचायत में शिविर लगाकर जमाबंदी में त्रुटि सुधार, परिमार्जन, नाम, खाता, खेसरा, रकवा और लगान की अशुद्धियों को ठीक करना, उत्तराधिकार नामांतरण, जमाबंदी, रैयत की मृत्यु के बाद उत्तराधिकारियों के नाम से वंशावली के आधार पर जमाबंदी करना, बंटवारा नामांतरण, संयुक्त जमाबंदी के आपसी सहमति या रजिस्टर्ड या कोर्ट के द्वारा बंटवारे के आधार पर हिस्सेदारों के नाम से अलग-अलग जमाबंदी करना है।

राजस्व महा अभियान को तीन मुख्य चरणों में किया जाना है प्रथम चरण अभियान पूर्व गतिविधियां या तैयारी का चरण।द्वितीय चरण अभियान के दौरान 16 अगस्त 2025 से 20 सितंबर 2025 तक जमाबंदी का प्रत्येक घर में वितरण एवं शिविर लगाया जाएगा।तृतीय चरण में अनुवर्ती गतिविधियों का संचालन 21 सितंबर 2025 से 30 अक्टूबर 2025 तक करना है।आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर समाहर्ता सुधांशु शेखर,बंदोबस्त पदाधिकारी मो० मुस्तकीम,जिला परिवहन पदाधिकारी मुकुल पंकज मणी,अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार,भूमि सुधार उप समाहर्ता सीतू शर्मा,अमरेंद्र कुमार सहायक निदेशक कृषि गणना राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार पटना, विशेष कार्य पदाधिकारी शशि कुमार,जिला पंचायती राज पदाधिकारी पम्मी रानी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी विनोद प्रसाद,वरीय उपसमाहर्ता प्राची कुमारी,रवि कुमार के साथ अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, राजस्व पदाधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी उपस्थित थे।

## मतदाता सूची को ले डीडीसी ने बीएलओ संग की बैठक

मशरक । बनियापुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले मशरक प्रखंड में एसआईआर में लगी टीम को दावा आपत्ति एवम मतदाताओं से प्राप्त डॉक्यूमेंट अपलोड करने को लेकर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह उपविकास आयुक्त सारण यतेन्द्र पाल ने समीक्षात्मक बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया। बुधवार को मशरक प्रखंड कार्यालय अवस्थित सभागार में स्थानीय अधिकारी , पर्यवेक्षक एवम बीएलओ के साथ उप विकास आयुक्त ने लंबी बैठक की । हालांकि बैठक में सुपरवाइजर एवम बीएलओ द्वारा बताया गया कि एक अगस्त को मतदाता सूची प्रकाशन के बाद स्थानीय सभी राजनीतिक दल को अपने बूथ लेबल कार्यकताओं से किसी का नाम छूटने या गलत नाम जुड़ने को लेकर दावा आपत्ति देने का आग्रह किया गया किंतु पांच अगस्त बुधवार तक किसी राजनीतिक दल ने सक्रियता नही दिखाई है । एसआईआर को लेकर विरोध करने वाले लोग भी दावा आपत्ति में रुचि नहीं ले रहे। डीडीसी ने सभी पर्यवेक्षक एवम बीएलओ को बूथ स्तर तक किसी महत्वपूर्ण एवम आम मतदाता का नाम छूटने या गलत जुड़ने की जांच स्वयं करने की बात कही । उन्होंने मशरक प्रखंड के निर्वाचक सूची का प्रारूप प्रकाशन के बाद दावा एवं आपत्ति साक्ष्य के साथ समिट कर छुटे हुए मतदाता को जोड़ने को कहा । वही नए मतदाताओ को मतदाता सूची मे जोड़ने के लिए घोषणापत्र के साथ फार्म 6 भरने आदि के निर्देश दिए गए हैं।

## विशेष ग्रहण पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रारूप प्रकाशन उपरांत द्वितीय चरण में दावा-आपत्ति एवं दस्तावेज अपलोड से संबंधित समीक्षात्मक बैठक

**■ जिला निर्वाचन पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में आहूत की गई बैठक**

प्रातः किरण संवाददाता




लखीसराय। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र के द्वारा लखीसराय जिला में विशेष ग्रहण पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत प्रारूप प्रकाशन उपरांत द्वितीय चरण में दावा-आपत्ति एवं दस्तावेज अपलोड से संबंधित समीक्षात्मक बैठक सभी एफ्ड, अएफ्ड एवं बी एल ओ सुपरवाइजर के साथ की गई।

विदित हो कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम -2025,25 जून से शुरू हुआ था। इस कार्यक्रम के प्रथम चरण में दिनांक 25 जून से 26 जुलाई तक सभी मतदाताओं के द्वारा गणना प्रपत्र जमा करना था।इसके पश्चात दिनांक 01अगस्त को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया गया है। दिनांक 01अगस्त से 09 सितम्बर तक दावा आपत्ति की अवधि निर्धारित है।

25 सितंबर तक प्राप्त दावा/ आपत्तियों का निष्पादन किया जाएगा एवं अंतिम रूप से मतदाता सूची का प्रकाशन 30 सितम्बर को किया जाएगा।

बैठक में सभी बी एल ओ सुपरवाइजर के साथ अभी तक दस्तावेज अपलोड एवं प्राप्त दावा-आपत्ति की समीक्षा की गई। दावा-आपत्ति प्राप्त करने हेतु सभी प्रखंडों, सभी नगर परिषद एवं अनुमंडल कार्यालय में विशेष कैंप संचालित है।

आज के बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार,भूमि सुधार उप समाहर्ता सीतू शर्मा,उप निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी विनोद प्रसाद,वरीय उपसमाहर्ता प्राची कुमारी,सभी कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

बिहार सरकार

**भवन निर्माण विभाग**
**विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–1**
**अल्पकालीन सूचना संख्या–18 वर्ष–2025–26**

एतद् द्वारा संबंधित संवेदकों को सूचित किया जाता है कि भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के विभागीय संकल्प ज्ञापांक संख्या–9458 (भ) दिनांक–06.09.2018 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–2026 में आकस्मिक/आपातकालीन/अत्यावश्यक रू0 15.00 लाख तक के कार्यो का कार्यान्वयन के लिये 20 (बीस) अदद् चतुर्थवर्गीय श्रेणी के संवेदकों की चयन हेतु विहित प्रपत्र 'क' एवं 'ख' में (Computerised) भर कर बड़े आकार के लिफाफा में सील बंद कर लिफाफा के उपर नाम एवं वर्तमान पता अंकित कर वर्णित कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा करना होगा। विहित प्रपत्र 'क' में संवेदक का बायोडाटा एवं वांछित प्रमाण पत्र होगा एवं प्रपत्र 'ख' में चतुर्थ श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से विगत तीन वर्षो का वित्तीय वार्षिक टर्नओभर एवं कार्य क्षमता के आकलन के आधार पर किया जायेगा ।

संवेदकों की सूचीबद्धता केवल एक वित्तीय वर्ष के लिये भवन निर्माण विभाग द्वारा दिशा निर्देश/शर्त्त के आधार पर किया जाएगा। उक्त दिशा निर्देश/शर्त्त के संबंध में विद्युत कार्यपालक अभियंता कार्यालय से विशेष जानकारी किसी भी कार्य दिवस से प्राप्त की जा सकती है।

1) आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय :– दि0–20.08.2025 को 3:00 बजे अपराह्न तक
2) मोहरबंद लिफाफ खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–21.08.2025 को 3:00 बजे अपराहन तक
3) आवेदन जमा करने का स्थान :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमण्डल संख्या–1, भवन निर्माण विभाग, पटना ।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत भवन प्रमण्डल संख्या–1
भवन निर्माण विभाग, बिहार

PR. No. 010773 (BCD) 25-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

सचिन ने कहा-

## सिराज को वह श्रेय नहीं मिला जिसके वह हकदार हैं



**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने कहा कि उन्हें मोहम्मद सिराज का रवैया बहुत पसंद है, और साथ ही कहा कि इस तेज गेंदबाज़ को वह श्रेय नहीं मिलता जिसका वह हकदार है। ओवल के पांचवें दिन सिराज ने 104 रन देकर 5 विकेट चटकाए और भारत ने इंग्लैंड को 6 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर कर ली।

इंग्लैंड के पास सिराज की सटीकता का कोई जवाब नहीं था क्योंकि उन्होंने पांचवें दिन 25 गेंदों में केवल 9 रन देकर तीन विकेट चटकाकर निचले क्रम को तहस-नहस कर दिया। सिराज ने गस एटकिंसन का ऑफ स्टंप उखाड़कर भारत की जीत पक्की कर दी और भारतीय क्रिकेट की समृद्ध परंपरा में शामिल हो गए।

तेंदुलकर ना कहा, अविश्वसनीय। शानदार दृष्टिकोण। मुझे उनका रवैया बहुत पसंद है। मुझे उनके पैरों में स्प्रिंग बहुत पसंद है। एक तेज गेंदबाज का इस तरह लगातार आपके सामने रहना, किसी भी बल्लेबाज को पसंद नहीं आएगा। और आखिरी दिन अंत तक उन्होंने जो दृष्टिकोण बनाए रखा; मैं कमेंटेटरों को यह कहते हुए भी सुन सकता था कि उन्होंने सीरीज में 1,000 से ज़्यादा गेंदें फेंकने के बाद आखिरी दिन लगभग 90 मील प्रति घंटे (145 किमी प्रति घंटे) की रफ्तार से गेंदबाजी की। यह उनके साहस और बड़े दिल को दर्शाता है। सिराज 32.43 की औसत से 23 विकेट लेकर सीरीज में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी रहे, उन्होंने 1113 गेंदें फेंकी। तेंदुलकर ने आगे कहा, आखिरी दिन उन्होंने जिस तरह से शुरुआत की, वह काबिले तारीफ थी और उन्होंने हमेशा अहम भूमिका निभाई है।

मैकुलम ने कहा-

## 'हम जानते हैं कि हमारी टीम में सुधार की गुंजाइश है'



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम का कहना है कि उन्होंने उन क्षेत्रों की पहचान कर ली है जहां इंग्लैंड को एशेज से पहले सुधार करना होगा, जब भारत के खिलाफ एक रोमांचक सीरीज 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुई और मुख्य कोच का मानना है कि पांचवें टेस्ट में भारतीय टीम जीत की हकदार थी।

भारत ने इस एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज के 25वें और आखिरी दिन 56 मिनट के शानदार खेल में 2-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 6 रन की जीत हासिल की, जो रनों के लिहाज से उनकी सबसे कम अंतर की जीत थी। इसका मतलब यह था कि इंग्लैंड 2018 के बाद से भारत के खिलाफ पहली सीरीज जीत से चूक गया। मैकुलम और बेन स्टोक्स के नेतृत्व में उन्होंने अभी तक भारत या ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोई सीरीज जीत दर्ज नहीं की है। चूंकि इंग्लैंड अब सितंबर में दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ सफ़ेद गेंद की सीरीज में उतरेगा, इसलिए खिलाड़ियों के पास आराम करने का समय है। साल की शुरुआत से ही कोच के रूप में मैकुलम दोनों चुनौतियों में शामिल रहेंगे। लेकिन उनका तात्कालिक ध्यान, एक बार सब कुछ शांत हो जाने के बाद, पिछले सात हफ्तों पर रहेगा कि क्या काम आया और क्या नहीं। नवंबर में पर्थ में पहले एशेज टेस्ट से पहले तैयारी करना उनका प्राथमिक लक्ष्य होगा। मैकुलम ने कहा, 'हम पहले सब कुछ शांत होने देंगे और हम यह पता लगाएंगे कि क्या अच्छा रहा है और फिर यह तय करना शुरू करेंगे कि हम कैसे सुधार कर सकते हैं, ताकि जब हम ऑस्ट्रेलिया पहुंचें, तो हमारे पास एक बड़ा मौक़ा हो।

अश्विन ने कहा-

## स्टोक्स बोलने से पहले सोचें, कर्म सबके तुरंत सामने आते हैं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर उसकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को अंतिम एकादश में शामिल करने को लेकर बेन स्टोक्स की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि इंग्लैंड के कप्तान को बोलने से पहले सोचना चाहिए था, क्योंकि तब उनके कर्म तुरंत ही सामने आ गए थे जब पांचवें टेस्ट में क्रिस वोक्स के कंधे में चोट लगने के बाद उन्हें एक बल्लेबाज की कमी खल रही थी।

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत मैनचेस्टर में ड्रॉ हुए चौथे टेस्ट के पहले दिन रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। स्कैन में उनके दाहिने पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि होने के बावजूद वह अगले दिन बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरे थे। इसके बाद भारतीय कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट में चोटिल खिलाड़ियों के स्थान पर अन्य खिलाड़ियों को शामिल करने की बात कही थी, जिसे स्टोक्स ने खारिज करते हुए 'बेहद हास्यास्पद' बताया था। ओवल में पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड को इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा जब वोक्स के कंधे में फ्रैक्चर हो गया लेकिन फिर भी वह अंतिम दिन बल्लेबाजी करने उतरे। उस समय इंग्लैंड के 9 विकेट गिर चुके थे और उसे जीत के लिए 20 से भी कम रन की जरूरत थी। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर कहा, 'एक तमिल कहावत है जिसका मोटे तौर पर अनुवाद है आपके कर्म आपको लगभग तुरंत प्रभावित करेंगे। आप जो बोते हैं, वही काटते हैं।उन्होंने कहा, 'आखिरी टेस्ट से पहले पंत की चोट के बारे में सवाल पूछे गए थे। गौतम गंभीर ने कहा था कि ऐसी चोटों के लिए नए खिलाड़ी को टीम में शामिल करना चाहिए।

## करियर की बेस्ट रैंकिंग पर पहुंचे सिराज और कृष्णा



**दुबई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा अपने-अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। इस टेस्ट में सिराज ने 9 और कृष्णा ने 8 विकेट लिए थे।सिराज 12 स्थान की छलांग लगाकर 15वें स्थान पर पहुंच गए। उनकी रेटिंग 674 अंक हो गई। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा ने 25 स्थान की उछाल के साथ 59वां स्थान हासिल किया, उनकी रेटिंग 368 अंक है। जसप्रीत बुमराह नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं। उनके 889 रेटिंग अंक हैं।वहीं, टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में यशस्वी जायसवाल टॉप-5 में पहुंच गए हैं।

## क्रिकेटर यश दयाल की गिरफ्तारी रोकने से हाईकोर्ट का इनकार

**जयपुर (एजेंसी)।** जयपुर में जस्टिस सुदेश बंसल की अदालत ने कहा- पीड़ित नाबालिग है, इसलिए गिरफ्तारी और पुलिस कार्रवाई पर रोक नहीं लगा सकते। अदालत ने केस डायरी तलब की है। अगली सुनवाई 22 अगस्त को होगी। बहस के दौरान क्रिकेटर के वकील कुणाल जैमन ने कहा- हमारे खिलाफ गाजियाबाद में भी एक लड़की ने रेप केस किया था। जिस पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी।उसके 7 दिन बाद ही जयपुर में दूसरी लड़की ने केस दर्ज करवा दिया। इस मामले में पूरा गिरोह सक्रिय है। जो इस तरह के मुकदमे दर्ज करवाकर ब्लैकमेल करना चाहता है।सांगानेर थाना के इंचार्ज अनिल जैमन ने बताया- जयपुर की लड़की क्रिकेट खेलने के दौरान यश दयाल के संपर्क में आई थी। आरोप है कि करीब 2 साल पहले जब वह नाबालिग थी, तब यश ने क्रिकेट में करियर बनवाने का झांसा देकर उसके साथ रेप किया। जैमन ने बताया कि- आईपीएल-2025 मैच के दौरान भी जयपुर आए यश दयाल ने सीतापुरा स्थित एक होटल में बुलाकर लड़की के साथ फिर रेप किया।लड़की जब 17 साल की थी, तब पहली बार उससे रेप हुआ।



## स्मिथ के बाद अब ओ-रूर्क भी जिम्बाब्वे सीरीज से बाहर

**हरारे (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विल ओ-रूर्क पीठ की चोट के कारण जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। ओ-रूर्क को पहले टेस्ट के तीसरे दिन चोट लगी थी, जिसके बाद उन्हें आगे की मेडिकल जांच के लिए न्यूजीलैंड भेजा गया है।न्यूजीलैंड की टीम जिम्बाब्वे दौरे पर है, जहां दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। कीवी टीम ने पहला टेस्ट 9 विकेट से जीता था। दूसरा टेस्ट 7 अगस्त से शुरू होगा।विल ओ-रूर्क से पहले तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर नाथन स्मिथ भी पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। उनकी जगह जकारी फॉल्क्स को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया था।अब ओ-रूर्क की चोट के कारण ऑकलैंड एसेस के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन लिस्टर को टीम में बुलाया गया है। लिस्टर को पहले बैकअप के तौर पर शामिल किया गया था। अब वह टीम के साथ बने रहेंगे। स्मिथ भी पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच जैकब ओरम ने कहा,हमें उम्मीद है कि यह चोट ज्यादा गंभीर नहीं है।विल हमारे लिए अगले छह से आठ महीनों और अगले साल के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि कई बड़े टेस्ट दौरे आने वाले हैं।



## रेसलर हल्क होगन के सामने कुछ भी नहीं जॉन सीना और रोमन रेंस

### द ग्रेट खली का चौंकाने वाला खुलासा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डब्ल्यूडब्ल्यूई के महान रेसलर हल्क होगन अब इस दुनिया में नहीं हैं। 71 साल की उम्र में उनकी मौत हो गई। हल्क होगन डब्ल्यूडब्ल्यूई हॉल ऑफ फेम रह चुके हैं। उन्होंने अपने करियर में काफी नाम कमाया है। यही कारण है कि डब्ल्यूडब्ल्यूई के फैंस से लेकर रेसलर्स तक उनके काफी ज्यादा मिस कर रहे हैं और उनकी मौत की खबर हर किसी के लिए दुखद है। इसी बीच भारतीय रेसलर और डब्ल्यूडब्ल्यूई हॉल ऑफ फेमर रह चुके ग्रेट खली ने हल्क होगन को लेकर अपनी राय रखी है।

मीडिया से बातचीत के दौरान द ग्रेट खली ने कई बड़ी बातें कही है। उन्होंने हल्क होगन की मौत को लेकर भी दुख जताया। उन्होंने कहा कि हल्क होगन की मौत की खबर सुनकर उन्हें काफी ज्यादा दुख हुआ। खली ने कहा कि हल्क होगन एक अच्छे इंसान थे। जॉन सीना ने कहा कि हल्क होगन को देखकर उन्होंने रेसलिंग शुरू किया था। उन्होंने यह भी बताया कि जब भी वह डब्ल्यूडब्ल्यूई जाते थे तो हल्क होगन से उनकी मुलाकात जरूर होती थी। हल्क होगन के साथ उनकी कई तस्वीरें भी है।


जॉन सीना और रोमन रेंस डब्ल्यूडब्ल्यूई के मौजूदा दौर के सबसे बड़े रेसलर्स में से एक हैं, लेकिन द ग्रेट खली का मनना है कि ये दोनों रेसलर्स हो या कोई भी मौजूदा दौर का रेसलर हल्क होगन के सामने कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि हल्क होगन एक अलग लेवल के रेसलर थे। जॉन सीना और रोमन रेंस उनके लेवल पर भी नहीं हैं। वह रेसलिंग में सबसे बड़ा नाम थे।

### हल्क होगन की लाइफ में आईं कई परेशानियां

द ग्रेट खली ने हल्क होगन को लेकर कहा कि उनका जीवन काफी स्ट्रगल से गुजरा है। खली ने बताया कि हल्क होगन की लाइफ में सबसे बड़ा झटका तब आया जब उनके बेटे का एक्सीडेंट हो गया, फिर उनकी वाइफ ने उन्हें तलाक दे दिया, लेकिन फिर भी उन्होंने रेसलिंग में इतना बड़ा नाम कमाया।

## इंग्लैंड में सीरीज बराबर करने के बाद टीम-इंडिया घर लौटी

### वॉशिंगटन सुंदर इम्पैक्ट प्लेयर बने, गंभीर बोले- बहुत खुश हूं



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट जीतकर सीरीज 2-2 से बराबर की, लेकिन जीत के बाद टीम इंडिया ने कोई बड़ा जश्न नहीं मनाया। खिलाड़ियों ने सोमवार को मैच खत्म होने के बाद अपने परिवारों के साथ समय बिताया और मंगलवार सुबह अलग-अलग बैचों में भारत के लिए रवाना हो गए।

मोहम्मद सिराज समेत कई खिलाड़ी मंगलवार को फ्लाइट से दुबई पहुंचे, जहां से वे अपने-अपने शहरों के लिए रवाना होंगे। कुछ खिलाड़ी इंग्लैंड में कुछ दिनों के लिए रुक गए हैं।

ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को भारतीय मैनेजमेंट ने सीरीज का इम्पैक्ट प्लेयर मेडल दिया। वहीं हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा, मैं टीम परफॉरमेंस से बहुत खुश हूं।

मैच खत्म होने के करीब चार घंटे बाद अर्शदीप और प्रसिद्ध कृष्णा को लंदन की सड़कों पर अपने परिवारों के साथ घूमते हुए देखा गया। कुलदीप यादव, जिन्हें सीरीज में मौका नहीं मिला, पूर्व खिलाड़ी पीयूष चावला के साथ नजर आए। बुमराह को पहले ही आराम के कारण टीम से रिलीज कर दिया गया था।

बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार, कोई खास सेलिब्रेशन नहीं हुआ। सीरीज काफी लंबी और थकाऊ रही। खिलाड़ी अपने परिवारों के साथ या अकेले समय बिता रहे थे। ज्यादातर खिलाड़ी भारत लौट चुके हैं, कुछ छुट्टियां मना रहे हैं। अब टीम इंडिया की अगली चुनौती अगले महीने यूएई में एशिया कप होगी।

भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को प्लेयर ऑफ द सीरीज और मोहम्मद सिराज को ओवल टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

पांचवें टेस्ट में भारत की 6 रन से रोमांचक जीत के बाद वॉशिंगटन सुंदर को सीरीज का इम्पैक्ट प्लेयर चुना गया। इस दौड़ में मोहम्मद सिराज, शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा भी थे, लेकिन सुंदर के प्रदर्शन ने उन्हें सबसे आगे रखा।

सीरीज में सुंदर ने लगातार चार टेस्ट खेले। उन्होंने कुल 284 रन बनाए, जिसमें एक अर्धशतक और एक शानदार शतक शामिल था। गेंदबाजी में भी उन्होंने 7 विकेट लिए।

तीसरे टेस्ट में लॉर्ड्स पर उन्होंने बेन स्टोक्स, जो रूट और जेमी स्मिथ जैसे बड़े बल्लेबाजों को आउट किया और 4 विकेट झटके। मैनचेस्टर टेस्ट में उन्होंने जडेजा के साथ पांच सेशन तक बल्लेबाजी की और मैच ड्रॉ कराया। वहां उन्होंने नाबाद 101 रन बनाए।

लंदन में आखिरी टेस्ट में सुंदर ने टी-20 जैसी बल्लेबाजी करते हुए 53 रन (46 गेंद पर बनाए। उनकी पारी में 4 चौके और 4 छक्के शामिल थे, जिससे भारत को दूसरी पारी में 396 रन तक पहुंचने में मदद मिली और इंग्लैंड के सामने 374 रन का बड़ा लक्ष्य खड़ा हुआ। ड्रेसिंग रूम में हुई मेडल सेरेमनी के दौरान रवींद्र जडेजा ने खुद सुंदर का नाम लिया और गले लगाकर उन्हें मेडल दिया।

टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। मुझे लगता है लड़कों ने यह जीत पूरी तरह से डिजर्व की। पूरी टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। किसी एक का नाम लेना मुश्किल है, शुभमन, सिराज, सभी ने शानदार क्रिकेट खेला है।



## पंत ने कर्नाटक की गरीब छात्रा की फीस भरी

### 12वीं में 83 प्रतिशत मार्क्स लाई थी, बीसीए में एडमिशन लिया; पिता चाय की दुकान चलाते हैं

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत ने कर्नाटक की एक मेधावी छात्रा ज्योति कनाबूर मठ की कॉलेज फीस भरी।ज्योति कर्नाटक के बिलगी तालुक के रबकवी गांव की रहने वाली हैं। उन्होंने हाल ही में 12वीं की परीक्षा में 83 फीसदी अंक हासिल किए थे।

ज्योति का सपना था कि वह आगे चलकर बीसीए (बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन) की पढ़ाई करें, लेकिन आर्थिक तंगी के चलते यह सपना अधूरा रह जाता। जब पंत को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने कॉलेज के अकाउंट में फीस जमा करवाई।

ज्योति के पिता तीर्थय्या मठ गांव में एक छोटी सी चाय की दुकान चलाते हैं। परिवार की खराब माली हालत के कारण वे बेटी की कॉलेज फीस नहीं भर सके। ऐसे में पढ़ाई का सपना टूटता नजर आ रहा था। ज्योति ने गांव के ठेकेदार अनिल हुनाशिकट्टी से मदद मांगी। अनिल ने न केवल ज्योति का जमखंडी के बीएलडीई कॉलेज में बीसीए कोर्स में दाखिला कराने का वादा किया, बल्कि आर्थिक मदद के लिए भी प्रयास शुरू किए।उन्होंने बेंगलुरु में अपने दोस्तों के जरिए ज्योति की स्थिति ऋषभ पंत तक पहुंचाई। उनकी कहानी सुनकर पंत ने तुरंत मदद का फैसला किया और 17 जुलाई को कॉलेज के खाते में 40,000 रुपए ट्रांसफर कर ज्योति की पहली सेमेस्टर की फीस भरी।

ज्योति ने भावुक होकर कहा, मैंने गलगली में 12वीं पूरा किया और बीसीए करने का सपना देखा था, लेकिन घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। मैंने अनिल हुनाशिकट्टी भैया से मदद मांगी। उन्होंने बेंगलुरु में अपने दोस्तों के जरिए मेरी बात ऋषभ पंत तक पहुंचाई। उनकी मदद से मेरा सपना सच हुआ।

## अब कैफ ने कर दी ये बड़ी मांग: युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन से रोहित-कोहली की वनडे में राह मुश्किल?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड दौरे पर जिस तरह कुछ युवा खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है उसके बाद यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या वनडे में भी रोहित-कोहली के लिए टीम में जगह बनाने की राह कठिन हो गई है? कोहली 36 और रोहित 38 साल के हैं और ये दोनों संभवत- ऑस्ट्रेलिया में तीन मैच की वनडे सीरीज और उसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन मैच की सीरीज में खेलेंगे।शुभमन गिल की अगुआई में भारतीय टीम ने हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया। भारतीय टीम इस दौरे पर रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दो दिग्गज खिलाड़ियों के बिना गई थी जिन्होंने लाल गेंद के प्रारूप को अलविदा कह दिया था। रोहित और कोहली अब भारत के लिए बस वनडे प्रारूप में ही खेलते नजर आएंगे। भले ही इन दोनों खिलाड़ियों ने अभी 2027 वनडे विश्व कप में खेलने को लेकर आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा है, लेकिन यह स्पष्ट है कि आर.के की जोड़ी इस वैश्विक टूर्नामेंट में खेलना चाहती है।

इंग्लैंड दौरे पर जिस तरह कुछ युवा खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है उसके बाद यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या वनडे में भी रोहित-कोहली के लिए टीम में जगह बनाने की राह कठिन हो गई है? इंग्लैंड दौरे पर मोहम्मद सिराज ने लगभग 200 ओवर गेंदबाजी की और अपने थके हुए शरीर को पांच टेस्ट मैच के दौरान अच्छी तरह संभाला। वाशिंगटन सुंदर कभी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटे। यशस्वी जायसवाल ने जरूरत पड़ने पर योगदान दिया, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा प्रभावी नजर आए

# विशेष राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन पत्रकारिता की भूमिका पर हुई चर्चा

**प्रातः किरण संवाददाता**

**संगोष्ठी का विषय : हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्षों की विकास यात्रा एवं चेन्नै में हिन्दी पत्रकारिता का योगदान**

चेन्नै। भारतीय नौवहन (भारत सरकारम का उपक्रम) के चेन्नै क्षेत्रीय कार्यालय में हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के संदर्भ में विशेष राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय था हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्षों की विकास यात्रा एवं चेन्नै में हिन्दी पत्रकारिता का योगदान। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय उपमहा प्रबंधक एम पी सिंह, के स्वागत भाषण के साथ हुआ, जिसके उपरांत अतिथियों का सम्मान किया गया। प्रख्यात साहित्यकार पूनम श्रेयसी तथा समाज चिंतक नरेंद्र कुमार सिन्हा संगोष्ठी की मुख्य अतिथि रहे। साथ ही निधि गौतम की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भी सार्थक बना दिया। मुख्य वक्ता के रूप में जाने माने लेखक एवं कवि ईश्वर करुण ने हिन्दी पत्रकारिता की दो शताब्दियों की विकास यात्रा को ऐतिहासिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत करते हुए आधुनिक मीडिया के परिप्रेक्ष्य में पत्रकारिता की भूमिका पर विचार साझा किया। उन्होंने चेन्नै की हिन्दी पत्रकारिता का ब्योरेवार विवरण देते हुए चेन्नै और तमिलनाडु से प्रकाशित दैनिक जोरदार, चमकता सितारा, दक्षिण प्रकाश, राजस्थान पत्रिका चेन्नै संस्करण, दक्षिण भारत राष्ट्रमत का उल्लेख करते हुए अन्य साप्ताहिक, पाक्षिक और मासिक हिन्दी पत्रिकाओं पर भी विस्तार से प्रकाश डाला और 1989 से दो वर्षों तक बतौर संपादक अपने द्वारा प्रकाशित मासिक हस्तलिखित पत्रिका कागज का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम के दौरान हिन्दी दैनिक दक्षिण प्रकाश के संपादक बी पी गोस्वामी, तमिल दैनिक मक्कल प्रतिनिदि, अंग्रेजी दैनिक सिटी टाइम्स, डॉ. विजयराघवन स्थानीय संपादक, राजस्थान पत्रिका को चेन्नै में सम्मानित किया गया।

# समारोहपूर्वक मनाया गया आईआईटी पटना का 17वां स्थापना दिवस, छात्रों की प्रस्तुति ने मोहा मन

## समर्पण, लगन व अनुशासन के माध्यम से स्वयं का उदाहरण बने : निदेशक

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना। गोपाल विद्यार्थी` आईआईटी पटना ने बुधवार को अपने 17वें स्थापना दिवस को पूरे उत्साह और भव्यता के साथ संस्थान के शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवीनतम अनुसंधान और तकनीकी प्रगति के गौरवपूर्ण क्षणों को स्मरण करते हुए मनाया। मौके पर संस्थान के सीनेट हॉल में आयोजित स्थापना दिवस समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। आईआईटी पटना के निदेशक प्रोफेसर टी. एन. सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया` वहीं संस्थान के संकाय सदस्यों, छात्रों, कर्मचारियों, पूर्व छात्रों एवं उनके परिवारजनों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने आईआईटी पटना समुदाय से ऊँचे लक्ष्य निर्धारित करने और अपने उद्देश्यों के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। निदेशक प्रो. सिंह ने कहा कि समर्पण, लगन और अनुशासन के माध्यम से स्वयं का उदाहरण बनें। स्वयं की समीक्षा करें और अपने आप से प्रतिस्पर्धा करें, ताकि आप अपने से बेहतर बन सकें। मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय मानक ब्यूरों के महानिदेशक पी. के. तिवारी ने उत्कृष्टता प्राप्त करने में सामूहिक प्रयासों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आईआईटी पटना में बीआईएस स्टूडेंट्स चैप्टर का उद्घाटन संस्थान के लिए गर्व का क्षण है। यह पहल शैक्षणिक शिक्षा और राष्ट्रीय मानकों के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करेगी, जिससे छात्र भविष्य के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकेंगे। मौके पर मुख्य अतिथि पी के तिवारी व निदेशक प्रो सिंह ने बीआईएस स्टूडेंट्स चैप्टर तथा बीआईएस कॉर्नर का भी उद्घाटन किया। इस दौरान बीआईएस पटना के निदेशक सह वैज्ञानिक चंद्रकेश सिंह, बीआईएस पटना के प्रयोगशाला निदेशक कौशिक दत्ता, एसोसिएट डीन डॉ. पी. के. तिवारी, प्रो. दिनेश कुमार कोटनिश, सहित विभागाध्यक्ष, कर्मचारीगण एवं छात्र उपस्थित रहे। संस्थान के छात्रों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने समारोह में उत्साह का संचार किया तथा दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह का समापन केक काटने की परंपरा के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि, निदेशक, शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्रगण सम्मिलित हुए। पूरे आईआईटी पटना समुदाय ने इस महत्वपूर्ण दिन को मिलकर उल्लासपूर्वक मनाया। डॉ. ऋषव सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन के पाश्चात्य समारोह का समापन हुआ।

# गया-सूरत और गया-दिल्ली के बीच नई रेल सेवाओं की मांग

➤ **राज्यसभा सांसद भीम सिंह ने की रेल मंत्री से मुलाकात**

**प्रातः किरण संवाददाता**



नई दिल्ली। राज्यसभा सांसद डॉ. भीम सिंह ने बुधवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर गयाजी से सूरत के लिए सीधी रेल सेवा शुरू करने और उधना-दानापुर एक्सप्रेस को प्रतिदिन संचालित करने की माँग की। इसके साथ ही उन्होंने गया से नई दिल्ली के लिए वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के संचालन की भी पुरजोर वकालत की। डॉ. सिंह ने रेल मंत्री को सौंपे गए पत्र में कहा कि गुजरात के सूरत शहर में पाँच लाख से अधिक प्रवासी बिहारी नागरिक रहते हैं जो पर्व-त्योहारों और अन्य अवसरों पर बिहार लौटना चाहते हैं, लेकिन गयाजी से सूरत के लिए कोई सीधी ट्रेन न होने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि गयाजी हिन्दुओं का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहाँ पितृपक्ष मेला के दौरान देशभर से लाखों श्रद्धालु पिंडदान करने पहुँचते हैं। गुजरात से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहाँ आते हैं, अतः गया-सूरत सीधी रेल सेवा से प्रवासियों और श्रद्धालुओं दोनों को लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उधनाझ्दानापुर एक्सप्रेस सप्ताह में मात्र दो दिन संचालित होती है, जबकि यात्रियों की संख्या और भीड़ को देखते हुए इसे प्रतिदिन चलाना आवश्यक है। इसके साथ ही साथ डॉ. भीम सिंह ने रेल मंत्री से गया से दिल्ली के बीच वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस की शुरूआत की माँग करते हुए कहा कि बोधगया एक अंतरराष्ट्रीय बौद्ध तीर्थस्थल है जहाँ प्रतिवर्ष हजारों विदेशी और देशी पर्यटक आते हैं। उन्होंने पितृपक्ष मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा को देखते हुए इस मार्ग पर तेज और आधुनिक रेल सेवा की आवश्यकता जताई। उन्होंने विशेष रूप से अनुरोध किया कि इस प्रस्तावित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का एक ठहराव अनुग्रह नारायण रोड (औरंगाबाद) स्टेशन पर भी हो, जिससे एनटीपीसी और रेलवे के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों को भी दिल्ली तक सुविधाजनक यात्रा मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### होमियोपैथी मे है बांझपन का सफल इलाज : डॉ पटेल

पीरो। बांझपन लाइलाज नहीं है यदि इसके वास्तविक कारणों का सही तरीके से पहचान कर ईलाज किया जाए तो इस समस्या को दूर किया जा सकता है। होम्योपैथी में इसका सटीक व शर्तिया ईलाज है। ये बातें होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ कुंदन पटेल ने यहां बांझपन कारण व निदान विषय पर आयोजित सेमिनार में अपनी राय रखते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि शारीरिक, मानसिक, धातुगत, तथा रोग का लक्षण मिलाकर अगर ईलाज किया जाय तो बांझपन की समस्या को जड़ सहित ठीक किया जा सकता है।आज दुनिया मे बांझपन एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। बांझपन की समस्या झेल रही महिलाओं को समाज में हेय दृष्टि से देखा जाता है।उन्होंने बांझपन से पीड़ित महिलाओं को घबराने की जरूत नही द में सभी तरह के इलाज करा कर नो लोग थक गए है, उनका सही मायने में होम्योयो पथिक दवा द्वारा इलाज संभव है।अगर किसी महिला का फोलोपीआन टियूब बंद हो, अण्डा नही बनना, गांठ हो गया हो अथवा मासिक गड़बड़ी या धातु क्षीणता के चलते बांझपन हो तो इसका इलाज आज होम्योपैथीक द्वारा संभव है। सेमिनार में उपस्थित लोगों में डॉ चंदा देवी, किरण कुमारी, दुर्गा कुमारी, रिंकी कुमारी, संगीत देवी प्रमुख थे।

### अनुमंडल एवं प्रखंड के पत्रकारों को पत्रकार पेंशन योजना का लाभ की मांग

पीरो। बिहार के मुख्यमंत्री द्वारा पत्रकारों को पेंशन योजना लागू किए जाने से जहां एक तरफ राज्य स्तरीय पत्रकारों में खुशी की लहर व्याप्त है तो वही जिला अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पत्रकारों को पेंशन योजना का लाभ से वंचित किया गया है।जिससे पत्रकारो मे मायूसी छायी हुई है।बिहार के 38 जिले के जिला प्रखंड एवं अनुमंडल के पत्रकार ग्रामीण समस्याओं से लेकर देश हित की खबरें प्रत्येक अखबारों में भेजते हैं लेकिन मुख्यमंत्री पत्रकार पेंशन योजना से यह पत्रकार वंचित रहेंगे। पत्रकार के साथ अखबार चलाने वाले मालिको ने किसी भी पत्रकार को दैनिक पारिश्रमिक मजदुरी मे से पी एफ की राशि नही काट कर जमा कराया। अनुमंडल प्रखंड के पत्रकार को अधकार मे रखकर काम लिया गया।अनुमंडल प्रखंड के पत्रकार का शोषण किया गया। 25 वर्षों से सेवा रात दिन समाज को देने वाले पत्रकार गुमनामी जीवन बिताने को मजबूर हो रहे है।सूचना जनसंपर्क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वैसे पत्रकारों को पेंशन योजना की राशि दी जाएगी जो अपने अखबारों में तीन वर्षों तक पीएफ की राशि कटवाये होगे। मुख्यमंत्री बिहार सरकार नीतीश कुमार से पत्रकार जय मंगल प्रसाद सिंह ने पीएफ की राशी नहीं काटने वाले सभी पत्रकारों को मुख्यमंत्री पत्रकार पेंशन योजना की राशि दिलाने की मांग की है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों को इस योजना का लाभ मिल सके।

### देश की संवैधानिक संस्थाओं पर हमला, गांधी परिवार की राजनैतिक साजिश : संतोष सुमन

पटना। हम (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा है कि कांग्रेस नेत्री व सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा का यह कहना कि कौन सच्चा भारतीय है, यह तय करना किसी जज का काम नहीं है, दुर्भाग्यपूर्ण है। इस परिवार को देश की सेना से लेकर किसी भी संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं है। सुप्रीम कोर्ट पर भी नहीं। श्री सुमन ने कहा कि राहुल गांधी के सच्चे भारतीय होने पर सुप्रीम कोर्ट ने तब सवाल उठाया जब वे बिना किसी प्रमाण के चीन द्वारा भारतीय भूमि के अतिक्रमण का अनर्गल आरोप लगाए थे। अब तक के राहुल गांधी के बयानों से साफ है कि वे भारतीय सेना के पराक्रम का अपमान कर लगातार दुनिया में भारत को कमजोर करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते हैं। उनके अधिकांश बयान निराधार व बेतुके होते हैं।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के बचाव में आई उनकी बहन व कांग्रेस की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा की सोच भी उनसे अलग नहीं है। इस परिवार का मानना है कि उनके परिवार के अलावा किसी को भी देश की सत्ता में आने का हक नहीं है। इसीलिए इस परिवार को देश की किसी भी संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं है। इनका मानना है कि वे देश की छवि खराब करके, सरकार की बुराई करके, भारत को कमजोर साबित करके तथा भारतीय सेना को अपमानित करके जनता के चेहते बन जाएंगे तो यह इनकी भूल है।

# स्वतंत्रता-संग्राम और हिन्दी के महान योद्धा थे महाकवि रामदयाल पाण्डेय



**जयंती पर साहित्य सम्मेलन ने अपने पूर्व अध्यक्ष को किया श्रद्धापूर्वक स्मरण**

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। स्वतंत्रता-संग्राम और हिन्दी के महान योद्धा थे महाकवि रामदयाल पाण्डेय। सिद्धांत और आदर्शों से कभी समझौता नहीं किया। स्वतंत्रता-सेनानी पेंशन को भी यह कहते हुए ठुकरा दिया कि ह्लभारत माता की सेवा पुत्र की भाँति की, किसी कर्मचारी की तरह नहीं, कि सेवा-शुल्क लूँह्व। सरकार को हिन्दी-हित के विरुद्ध जाते देखा तो राष्ट्रभाषा परिषद के निदेशक-सह-अध्यक्ष का पद त्यागने में एक क्षण भी नहीं लगाया। पाँच-पाँच बार सम्मेलन के अध्यक्ष चुने गए। सम्मेलन-भवन के निर्माण में एक श्रमिक की भाँति अपने सिर पर ईंट-गारे ढोए और सम्मेलन को साहित्यकारों का तीर्थ-स्थल बना दिया। यह बातें बुधवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, महाकवि पांडेय की जयंती पर आयोजित कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि, आज जब हर कोई एक छोटा पद पाने के लिए भी न जाने क्या-क्या करता है, पाण्डेय जी ने राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त पद का त्याग कर दिया। आदर्श और सिद्धांत, राष्ट्र और राष्ट्र-भाषा जैसे तत्त्व उनके लिए और किसी भी वस्तु अथवा पद से बहुत बड़े थे। उनके मूल्य पर उन्हें कुछ भी स्वीकार्य नहीं था।

अतिथियों का स्वागत करते हुए, सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा ने कहा कि, पाण्डेय जी राष्ट्र और राष्ट्रभाषा के प्रति पूर्ण समर्पित और अत्यंत आकर्षक व्यक्तित्व के स्वामी थे। जीवन की संध्या में भी, उनकी अकुंठ प्रतिभा और ओज, उनके मुख-मंडल और वाणी से भासित होता था। उनका चरित्र और व्यक्तित्व, दोनों ही अनुकरणीय था। उनकी मानसिक वृत्ति उन्नायक थी।

उन्होंने अपने काव्य से मानव-मन को प्रेरणा दी। वे परंपरावादी चिंतक थे। साहित्य सम्मेलन उनका ऋणी है। दूरदर्शन बिहार के पूर्व कार्यक्रम-प्रमुख डा ओम् प्रकाश जमुआर, महाकवि के प्रपौत्र अभिषेक कुमार पाण्डेय, विभारानी श्रीवास्तव, ई आनन्द किशोर मिश्र, प्रो सुशील कुमार झा तथा इंदु भूषण सहाय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित कवि-गोष्ठी का आरंभ चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ।

# सही मतदाता का नाम सूची से न कटे यह जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की: मंजित कुमार सिंह

**प्रातः किरण संवाददाता**

छपरा ग्रामीण। ग्रागामी विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में जदयू के द्वारा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और मतदाता सूची को दुरुस्त करने के उद्देश्य से बुधवार को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नगरा प्रखंड अंतर्गत डुमरी पंचायत और मढ़ौरा प्रखंड के धेनुकी चौक स्थित हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मढ़ौरा विधानसभा अंतर्गत सभी बीएलए 2, प्रखंड कार्यकारिणी, पंचायत अध्यक्ष, पंचायत कार्यकारिणी, बूथ कमिटी के पदाधिकारी और समर्पित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सह कार्यक्रम प्रभारी मंजित कुमार सिंह ने कहा कि हमारे कार्यकताओं की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि किसी भी सही मतदाता का नाम मतदाता सूची से न कटे। सभी साथी अपने-अपने क्षेत्र के बूथ पर सूची की पूरी तरह से जांच कर लें। अगर किसी योग्य मतदाता का नाम छूटा है, तो तुरंत उस क्षेत्र के संबंधित बीएलओ से संपर्क कर नाम जुड़वाने की प्रक्रिया पूरी करें। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हर योग नागरिक को मतदान का अधिकार मिले। साथ ही जिला संगठन प्रभारी रणविजय कुमार ने प्रशिक्षण सत्र में कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी संगठन की रीढ़ होते हैं। मतदाता सूची में सुधार और लोगों के विश्वास को बनाए रखने में आपकी सक्रिय भागीदारी जरूरी है। आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएं। वहीं जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा कि हर चुनाव संगठन की ताकत को परखने का अवसर होता है। अगर हम सही तरीके से काम करें तो जदयू को बूथ स्तर तक मजबूती मिलेगी और जनता का भरोसा भी कायम रहेगा। यहां बताते चले कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनावों के पूर्व सभी बूथों की मतदाता सूची का गहन सत्यापन करना, किसी भी त्रुटि को समय रहते सुधारना तथा बूथ स्तरीय संगठन को सक्रिय बनाना। बैठक में यह भी तय किया गया कि कार्यकर्ता बीएलए 2 के रूप में अपने दायित्वों का निष्ठा पूर्वक पालन करें और जनसंपर्क के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करें। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी संजय गिरी जिला महासचिव सह बीएलए 1, जदयू के वरीय नेता अनिल सिंह, ईङ्क प्रभास शंकर, बीरेंद्र गुरु, रेयाजउद्दीन मंसूरी, संजय सिंह, दिवाकर चौबे, वसीम अकरम, सुरेश भगत, चांदनी सिंह कुशवाहा, आफताब आलम, साजिद आलम सोनू, रामबाबू सिंह, पंकज सिंह, फैयाज आलम जुगनू, साहेब राय, साबिर खान, रवि प्रकाश, मेराज अंसारी, सतेंद्र मांझी, सदाब आलम मुन्नू, अमित कुमार, फरयाज आलम, फिरोज अंसारी, अनिल सिंह कुशवाहा, कृष्णा भार्गव, नसरुद्दीन खान सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### विद्युत विभाग द्वारा लगाया गया कैम्प, उपभोक्ता को दी गई जानकारी

चरपोखरी। प्रखंड मुख्यालय स्थित खेल मैदान में बिजली विभाग के कर्मियों द्वारा कैंप लगाया गया।जिसमें सैकड़ो उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित नयी योजनाओं की जानकारी दी गयी।लगाये गये कैंप में खासकर मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत 125 युनिट निःशुल्क बिजली मिलने के बारे में जानकारी दी गयी।कैंप में बताया गया कि एक अगस्त से मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत 125 युनिट बिजली निःशुल्क दी जा रही है, जिसके बिल के रूप में किसी उपभोक्ता को कोई विपत्र विभाग नहीं देगा।इसकी सुविधा चालू हो गयी है, किसी उपभोक्ता को इसके लिए कहीं आवेदन नहीं देना होगा और यह योजना केवल घरेलू कनेक्शन पर ही लागू है।कैंप में बिजली विभाग की ओर से सुपवाइजर विक्की कुमार सहित कई बिजली कर्मी मौजूद थें।

### एसआईआर: दावा आपत्ति व कागजात अपलोडिंग को लेकर डीसीएलआर ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

बिक्रम। गोपाल विद्यार्थी। बिक्रम विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची निबंधन पदाधिकारी सह पालीगंज डीसीएलआर जनक कुमार ने बुधवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर के सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के क्षेत्रीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में मौजूद राजनीतिक दलों के नेताओं को अब तक किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई।

वहीं डीसीएलआर जनक कुमार ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विधानसभा में हो रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संदर्भ में दावा-आपत्ति के संबंध में विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया। साथ ही उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से इसमें सहयोग करने की अपील की। उन्होंने लोगों से ससमय अपने कागजात सम्बन्धित बीएलओ को जमा कराने की अपील की ताकि कोई भी योग्य मतदाता सूची से बाहर नहीं हो` उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए स्थानीय समाजसेवियों का सहयोग अपेक्षित है` मौके पर एईआरओ सह बिक्रम बीडीओ प्रशांत कुमार, बीईओ रवि कांत शर्मा समेत मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के क्षेत्रीय प्रतिनिधि मौजूद थे।

### एसडीएम व सीओ ने बाढ़ प्रभावित इलाके का लिया जायजा

डोरीगंज।बाढ़ को लेकर बुधवार को सदर सदर एसडीएम नितेश कुमार व सीओ कुमारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया मौके पर कोटवापट्टीरामपुर पंचायत के मुखिया सत्येंद्र सिंह मौजूद थे। सदर प्रखड के दियारा के तीन पंचायत रायपुर विंदगावां, कोटवापट्टीरामपुर तथा बड़हरा महाजी आदि पंचायत के बाढ़ प्रभावित गांव के लोगों लोगों से मिल कर लोगों की समस्या सुनने के बाद प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। एसडीएम ने तत्काल सरकारी सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया फिलहाल सभी पंचायतों में नाव की व्यवस्था हैं।






मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555